

गिल्ट तीन में नजर आयेंगी सारा खान ...

हिन्दी दैनिक
# दबंग हिन्द
जन की बात, सबके साथ
RNI NO. JHAHIN/2013/54377
रांची संस्करण





चुनाव देश में चल रहा है और विदेश से ...

वर्ष : 12 ⋮ अंक : 124 ⋮ रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | गुरुवार, 09 मई 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

# सीएम चंपाई सोरेन ने राज्य सेवा के सात अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की दी स्वीकृति

## तीन अफसर रवींद्र कुमार सिंह, रविशंकर और मुकुंद दास हो चुके हैं रिटायर

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के सात अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने की स्वीकृति दे दी है. इनमें तीन अधिकारी रवींद्र कुमार सिंह, रविशंकर और मुकुंद दास रिटायर हो चुके हैं. इन अफसरों के खिलाफ रिटायर आइएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को जांच संचालन पदाधिकारी बनाया गया है.



**क्या है मामला :** इन सात अफसरों पर उनके पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों पर गड़बड़ी करने के आरोप हैं. जिन जगहों में ये अफसर पदस्थापित थे, उन जिलों के डीसी ने प्रपत्र क गठित कर सरकार को रिपोर्ट भेजी थी, जिसकी प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये. इसके बाद पूरे मामले को सीएम के पास भेजा गया था. सीएम की स्वीकृति के बाद कार्मिक विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है.

### इन अधिकारियों पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

- रविन्द्र कुमार सिंह, सेवानिवृत, झा.प्र.से, तत्कालीन भू-अर्जन पदाधिकारी चतरा.
- जयदीप तिग्गा, झा.प्र.से. तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा.
- रविशंकर, सेवानिवृत, झा.प्र.से, तत्कालीन संयुक्त सचिव-सह-आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जलसंसाधन विभाग झारखंड.
- लखी राम बास्के, झा.प्र.से, तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी-03, मानगो शिविर, आदित्यपुर,सम्प्रति उप सचिव योजना एवं विकास विभाग.
- जितेंद्र कुमार देव, झा.प्र.से, तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़.
- मुकुंद दास, सेवानिवृत, झा.प्र.से, बीडीओ गुमला.
- संदीप बक्शी, झा.प्र.से.

# बारिश से तापमान में आयी कमी, चार डिग्री तक गिरा पारा

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** पिछले 24 घंटे में राज्य के कई जिलों में बारिश हुई. बारिश के साथ मौसम सुहाना हो गया है. जहां तपती गर्मी से लोगों को राहत मिली है. मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश रामगढ़ में 38.5 मिमी दर्ज की गयी. इसके साथ ही बोकारो में 26.2, चतरा में 22.5, हजारीबाग में 25.5, सिमडेगा में 15.5, सरायकेला खरसावां और लोहरदगा में 3.5, पाकुड़ में चार मिमी बारिश दर्ज की गयी. वहीं, रांची समेत कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी रिकॉर्ड की गयी. तापमान की बात करें तो पिछले दो दिनों से मौसम में हुए बदलाव से तापमान में कमी दर्ज की गयी है. अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री तक की कमी दर्ज की गयी है.


मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आनेवाले 9 मई तक राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक रहने की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 8 और 9 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश होने की संभावना है. इसमें देवघर, दुमका, जामताड़ा, धनबाद, पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी में बारिश होने की संभावना है. बारिश होने से राज्य के तापमान में 6 डिग्री तक की कमी दर्ज की जायेगी. 9 मई तक राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 34 डिग्री तक रहने की संभावना है. राजधानी की बात करें तो यहां 9 मई से 11 मई तक बारिश की संभावना दर्ज की गयी है. इस दौरान बादल छाये रहने के साथ ही कुछ हिस्सों में धूप निकलने की जानकारी भी दी गयी है. वहीं दोहपर बाद बारिश और थंडरिंग की जानकारी दी गयी है.

## एक नजर

### एसएसटी एफएसटी की टीम ने 46 लाख रुपए चेकिंग अभियान में पकड़ा

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर रामगढ़ जिला प्रशासन के द्वारा एसएसटी एफएसटी टीम का गठन किया गया। इसको लेकर बुधवार को रामगढ़ के बनखेता चेक पोस्ट में एसएसटी एफएसटी की टीम के द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान 46 लाख रुपया नगद पकड़ा गया है। बताया जाता है कि इनोवा कार से यह रुपए बरामद किए गए हैं और रांची के कारोबारी राकेश कुमार सिंह के गाड़ी से यह पैसे बरामद हुए हैं। इस मौके पर एक्सपेंडिचर सेल के राज्य कर पदाधिकारी जियाउल हक, अनीता फैल्सा, एईओ संजय कुजूर सहित एसएसटी एफएसटी की टीम इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को आदेश सुनायेगा सुप्रीम कोर्ट



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनायेगा. गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा, हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनायेंगे. न्यायमूर्ति ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था. फिलहाल वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं.

### कोडरमा जिले में वज्रपात से दो लोगों की मौत

**कोडरमा।** जिले में वज्रपात की दो अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी. पहली घटना मंगलवार देर शाम सतगावां थाना अंतर्गत ढाब में हुई, जहां वज्रपात से संजय राजवंशी (उम्र 45 वर्ष, पिता जागो राजवाशी) की मौत हो गयी. मंगलवार देर शाम आंधी और बारिश के बाद वज्रपात ने घर के पास बैठे संजय राजवंशी को अपनी चपेट में ले ले लिया. उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं दूसरी घटना में चंदवारा थानान्तर्गत पिपराही में मंगलवार की देर शाम बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में 30 वर्षीय मो गुलाम रसूल (पिता समसुद्दीन मियां) की मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार वह खेत में काम कर रहा था. इसी दौरान वज्रपात होने से उसकी मौत हो गई. इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया. बुधवार को पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया गया. घटना के बाद परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है.

# लालू जी का लईका डरने वाला नहीं ! पलामू में तेजस्वी यादव ने भरी हुंकार

दबंग हिन्द संवाददाता

**पलामू।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने अपनी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुनाया और कहा कि वे मोदी नहीं मुद्दे की बात करते हैं. दरअसल, पलामू लोकसभा क्षेत्र के भवनाथपुर और छतरपुर में तेजस्वी यादव और वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश साहनी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया. पलामू के छतरपुर में प्रधानमंत्री का भाषण सुनाते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि देश में सिर्फ झूठ बोला गया है. उनकी सरकार बनी तो देश में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी, महिलाओं को आठ हजार रुपए महीना दिया जाएगा. गैस के सिलेंडर का दाम किया जाएगा.

**लालू जी का लईका डरने वाला नहीं! :** तेजस्वी यादव ने कहा कि आज विरोधियों पर मुकदमा किया जा रहा है. हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा गया. उनके ऊपर कई मुकदमा किया गया. उन्होंने कहा कि मुकदमों से डर नहीं लगता है. जब लालू जी नहीं डरे तो लालू जी का लईका डरेगा ! जेल से किसको डर है हमारे तो भगवान ही जेल में जन्म लिए. तेजस्वी यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि आपको कुछ सुनाते हैं, तेजस्वी यादव ने करीब तीन मिनट तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिकॉर्ड भाषण सुनाया. तेजस्वी यादव ने कहा कि देश के संविधान को बदलने की साजिश है, जब तक वह जिंदा है किसी में यह ताकत नहीं है कि देश का संविधान बदल दे.



**कंधे के सहारे मंच पर तेजस्वी यादव को लाया गया :** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को छतरपुर और भवनाथपुर में जनसभा को संबोधित करने के लिए कंधे के सहारे मंच पर लाया गया. मंच से संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्हें चोट लगी है डॉक्टरों ने उन्हें बैठकर भाषण देने को कहा है. यही वजह है कि वह बैठकर भाषण दे रहे हैं. जनसभा को संबोधित करते हुए वीआईपी के मुकेश साहनी ने कहा कि यह चुनाव आजादी का चुनाव है. देश का संविधान खतरे में है. वर्तमान केंद्र की सरकार संविधान को नहीं मानती है और लोकतंत्र को नहीं मानती है. उनके विधायकों को खरीद लिया गया. पलामू लोकसभा सीट पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और मुकेश साहनी ने बुधवार को अपने चुनावी अभियान की शुरूआत की. इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, महासचिव संजय प्रसाद यादव, चुनाव के संयोजक गौतम सागर राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव, राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा आदि मौजूद थे.

# ओबीसी आरक्षण और सरना धर्म कोड राजभवन रोक देता है, फिर भी आदिवासियों से वोट मांगने आ जाते हैं : चंपाई सोरेन

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा है कि ओबीसी आरक्षण और आदाविसी सरना कोड राजभवन रोक देता है। फिर भी बीजेपी के नेता आदिवासियों से वोट मांगने झारखंड आ जाते हैं। दरअसल, सीएम चंपाई हाल में हुए पीएम मोदी के झारखंड दौरे पर तंज कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा, झारखंड में 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति, 27% ओबीसी आरक्षण तथा आदिवासी/ सरना धर्म कोड जैसे महत्वपूर्ण विधेयकों को सालों-साल राजभवन द्वारा रुकवाया जाता है। उसके बाद भी, पता नहीं कैसे ये आदिवासी विरोधी लोग झारखंड में वोट मांगने आ जाते हैं। इस बीच सीएम चंपाई चुनाव प्रचार की गहमागहमी के बीच एक ढाबे पर मंत्री बन्ना गुप्ता और सत्यानंद भोक्ता के साथ चाय पर चुनावी चर्चा करते हुए दिखे।




**झारखंड की जनता अब जागरूक हो चुकी है :** चंपाई ने कहा, झारखंड की जनता अब जागरूक हो चुकी है। उसे अच्छी तरह से पता है कि कौन उसके हितों की रक्षा कर सकता है। कौन उसके नाम पर सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रहा है। वन संरक्षण संशोधन अधिनियम जैसे कानून के सहारे हमारे जल-जंगल और जमीन को निशाना बनाने वालों को इन चुनावों में करारा जवाब मिलेगा। कहा, इसका अंदाजा खुद बीजेपी को भी हो चुका है। इसीलिए अब 400 पार वाला नारा ये लोग भूल चुके हैं।

**झारखंड की जनता साथ है :** सीएम ने वीर शहीद तेलंगा खड़िया की जन्मभूमि गुमला में आयोजित राहुल गांधी की महारैली पर कहा कि प्रदेश एवं देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में चल रही आंधी का संकेत दे दिया है। देश के लोकतंत्र को बचाने वाली पीढ़ियों के लोकतांत्रिक अधिकारों को सुरक्षित रखने की इस मुहिम में झारखंड की जनता हमारे साथ है। यहां की जनता, जुमलों से आगे बढ़ कर, एक ऐसी सरकार एवं दलों का समर्थन कर रही है, जो उनके लिए पेंशन, राशन, कपड़ा, आवास एवं बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा का इंतजाम कर रहे हैं।

# ग्रामीण विकास विभाग के दफ्तर में संजीव लाल के चैंबर से ईडी ने बरामद किया नोट के बंडल

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सचिवालय के ग्रामीण विकास सह ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री के ऑफिस में रेड की है. ऑफिस में 500 रुपये के नोटों के बंडल मिलने की खबर मिल रही है. वहां से कितनी राशि बरामद हुई है इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है. बता दें कि मंत्री सेल में पीएस का अलग कमरा है. यहां अक्सर वे इंजीनियर-ठेकेदारों व कर्मियों के साथ बैठक करते रहते थे. ईडी की पांच सदस्यीय टीम मुख्यालय के कार्यालय को सील कर दिया है और कमजात की जांच कर रही है. प्रवर्तन निदेशालय की टीम के अचानक पहुंचने से सचिवालय में हड़कंप मच गया. टीम के साथ मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल भी हैं.कार्यालय के अन्य कर्मियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं है. बंद कमरे में पूछताछ हो रही है. ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज भी सचिवालय पहुंचे हैं. बता दें कि 6 मई को ही प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने रेड कर मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल के आवास और उनके सहयोगी जहांगीर आलम के घर से करीब 35 करोड रुपये कैश जब्त की थी. इसी सिलसिले में ईडी ने दोनों को गिरफ्तार किया था. पूछताछ के बाद अब सचिवालय में उनके कार्यालय में पहुंचकर कागजातों की जांच कर रही है. ग्रामीण विभाग के ठेके में मनमानी अब भी जारी है. फर्क यही है कि पुराने वाले हट गये हैं और नये इंजीनियर-ठेकेदारों का गठजोड़ ठेका मैनेज करने का काम कर रहा है. कई संवेदक इसकी शिकायत भी लगातार कर रहे हैं. ठेके में कमीशनखोरी भी बढ़ गयी है. ईडी को जो दस्तावेज हाथ लगे हैं उनमें पुराने के साथ-साथ नये इंजीनियरों की करतूतों का भी खुलासा हो रहा है. रांची में सर्वाधिक खेल हो रहा है पूरा चीफ इंजीनियर ऑफिस जांच के दायरे में हैं. इनमें कुछ अधिकारियों की भी भूमिका संदिग्ध है.



# एयर इंडिया की 70 अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें कैंसिल

**नयी दिल्ली।** खबर है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलवार रात से आज बुधवार सुबह तक 70 अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों को रद्द कर दिया है. कारण हैरान करने वाले हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि कंपनी के सीनियर क्रू मेंबर्स एक साथ सिक लीव पर चले गये हैं. इन सब ने कल रात अंतिम समय में बीमार होने की सूचना दी है, जिसके कारण उड़ानों में देरी हुई और वे कैंसिल करनी पड़ी. कंपनी का कहना है कि वह इन घटनाओं के पीछे के कारणों को जानने के लिए क्रू के साथ बातचीत कर रहे हैं. खबरें आ रही हैं कि एक वर्ग टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में बीमार होने की सूचना दे रहा है. सूत्रों के अनुसार नागरिक उड्डयन अधिकारी इस मुद्दे पर नजर रहे हैं. जानकारी के अनुसार कोच्चि, कालीकट और बेंगलुरु सहित विभिन्न हवाई अड्डों पर कई उड़ानें कैंसिल कर दी गयी हैं. एयर इंडिया एक्सप्रेस केबिन क्रू के एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि एयरलाइन मिसमैनेजमेंट की शिकार है.

# गंभीर साइड इफेक्ट्स के आरोपों के बीच एस्ट्राजेनेका ने मार्केट से वापस मंगाई कोविशील्ड वैक्सीन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिग्गज फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा मार्केट से सभी कोरोना वैक्सीन वापस ले लिये जाने की खबर है. इसमें भारत में निर्मित कोविशील्ड वैक्सीन भी शामिल है. जान लें कोविशील्ड वर्तमान समय में सुर्खियों में है, क्योंकि उसने यूके हाईकोर्ट में स्वीकार किया था कि उसके द्वारा बनाई कोरोना वैक्सीन लगने से खून के थक्के जमना जैसे गंभीर साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं. एस्ट्राजेनेका ने मंगलवार को कहा कि वह वैक्सीन को वैश्विक स्तर पर वापस ले रही है. हालांकि फार्मा दिग्गज कंपनी का कहना है कि बाजार से वैक्सीन व्यावसायिक कारणों से हटायी जा रही है. एस्ट्राजेनेका द्वारा निर्मित कोरोना वैक्सीन भारत में कोविशील्ड के नाम से बनाई गयी थी. टेलीग्राफ ने मंगलवार को कंपनी के हवाले से जानकारी दी कि अब वैक्सीन का निर्माण या आपूर्ति नहीं की जा रही है. कंपनी ने तर्क दिया है कि उसने यह निर्णय ऐसे समय में लिया है, जब वैक्सीन लगाने से साइड इफेक्ट्स सामने आये हैं. कंपनी ने कहा कि यह पूरी तरह से संयोग है. वैक्सीन को बाजार से हटाने का कारण कुछ और है. हालांकि कंपनी इस पर ज्यादा कुछ बोलने से इनकार कर दिया है.. जानकारी के अनुसार वैक्सीन को बाजार से वापस लेने के लिए आवेदन 5 मार्च को किया गया था जो 7 मई को प्रभावी हुआ है. एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन से टीटीएस झ्र थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के कारण सामने आये थे. साथ ही एस्ट्राजेनेका की वैक्सजेवरिया नामक वैक्सीन यूके समेत कई देशों में सप्लाई की गयी इस वैक्सीन के भी दुर्लभ दुष्प्रभाव जांच के दायरे में हैं.




# महाराष्ट्र : ईवीएम में छेड़छाड़ के लिए 2.5 करोड़ मांगने के आरोप में सेना का जवान गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी मारुती धाकने (42) ने एक चिप के जरिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा कर उनसे कथित तौर पर पैसे मांगे.



**आरोपी को शिवसेना (यूबीटी) नेता राजेंद्र दानवे से एक लाख रुपये लेते समय रंगे हाथ पकड़ा गया :** आरोपी ने दावा किया कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है. पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया. वह ईवीएम के बारे में कुछ नहीं जानता है. पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के समीप एक होटल में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की. अधिकारी ने बताया कि बातचीत के बाद 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ. अंबादास दानवे द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूचना के आधार पर सादे कपड़ों में पुलिस के एक दल को भेजा गया और आरोपी को राजेंद्र दानवे से एक लाख रुपये लेते समय रंगे हाथ पकड़ लिया गया. पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने पत्रकारों को बताया, आरोपी पर काफी कर्ज है. उसने अपना कर्ज उतारने के लिए यह चाल चली. वह मशीन (ईवीएम) के बारे में कुछ नहीं जानता. हमने उसे गिरफ्तार कर लिया है और यहां क्रांति चौक पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है. एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 511 (अपराध करने की कोशिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# अमेरिका से 'साहबजादे' के 'अंकल' भारतीयों का रंग देखकर दे रहे गाली : पीएम नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान पर जवाब दिया है. पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दक्षिण भारतीयों को अफ्रीकन कहकर संबोधित कर रही है, यानि वह रंगभेद की नीति को मानती है. पीएम मोदी ने कहा कि अब हमें यह समझ आ रहा है कि कांग्रेस ने द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का विरोध क्यों किया था, जब वह राष्ट्रपति का चुनाव लड़ रही थीं. तेलंगाना के वारंगल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे को इस बात का जवाब देना पड़ेगा, आखिर उनके नेता ने भारतीयों को क्यों गाली दी, यह पूरे देश का अपमान है, और इसे हम किसी भी तरह से सहन नहीं करेंगे.



पीएम मोदी ने कहा कि अमेरिका से शहजादे के फिलॉस्फर ने इस तरह का बयान जारी किया है, और मैं बता दूं कि मुझे इस बयान पर बहुत गुस्सा आ रहा है, देशवासियों को गाली देंगे, तो हम इसे कभी भी सहन नहीं करेंगे, हमलोग तो श्रीकृष्ण को मानते हैं. भाजपा नेताओं का कहना है कि यह बयान जानबूझकर दिया गया है. उनका कहना कि कांग्रेस पार्टी इससे नहीं बच सकती है कि बयान किसी और ने दिया है. भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस के चेहरे से नकाब उतर रहा है.

उन्होंने कहा, 'आज पुनः एक बार राहुल गांधी के कुख्यात उस्ताद सैम पित्रोदा का बयान आया है. अब कांग्रेस का बयान सिर्फ चुनाव और राजनीति का नहीं है, अब भारत के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिया गया है. विदेशी मानसिकता से ओतप्रोत समझ ही नहीं सकते है भारत क्या है,पता ही नहीं है कि चोल साम्राज्य में वैशाली में क्या था. आपके आंख पर विदेशी पर्दा है उसको हटाइए. हिंदुत्व में धर्मांतरण का कोई कांसेप्ट नही है, बाबरी ढांचे को बचाने के लिए अदालत में खड़े हुए थे आज राम मंदिर के विरोध के लिए विदेश से खड़े हुए हैं. सैम पित्रोदा का बयान भारत के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करने वाले कांग्रेस के विदेशी मूल वाले भारत में विदेशी मूल खोजने लगे हैं.' मोदी ने बुधवार को यहां से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा (करीमनगर) में श्री राजराजेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की. मंदिर के पुजारियों ने मोदी के मस्तक पर तिलक लगाया और वैदिक मंत्रोच्चार किया. वह इसके बाद आंध्र प्रदेश के अन्नमाया जिले में एक रैली को संबोधित करेंगे और विजयवाड़ा में एक रोड शो करेंगे.

# निजी विद्यालयों द्वारा ली जा रही ऑनलाइन क्लास पर रोक लगाने की मांग

**झारखंड छात्र संघ ने सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेजी मांग पत्र**

**दबंग हिन्द,संवाददाता**



**रांची।** झारखंड छात्र संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए और छात्रों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा 29 अप्रैल 2024 से सभी प्रकार के विद्यालयों में केजी से 08 क्लास तक कि कक्षाएं स्थागित कर दिया है, परंतु नीजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग के निदेशों का उलंघन करते हुए मनमानी तरीके से प्री नर्सरी से आठ क्लास तक के छात्रों का ऑनलाइन क्लास करवाया जा रहा है जो सुबहा 07 बजे से 11:30 बजे तक नियमित चलता है। यही नही ऑन लाइन क्लास के बाद 03-04 विषयों का होमवर्क भी बच्चों को दे दिया जाता है जिसे बनाकर दूसरे दिखाना पड़ता है नही बनाने पर फाइन लगा दिया जा रहा है जो कही से न्याय उचित नही है और छोटे बच्चों/छात्रों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी है। ऑनलाइन क्लास पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि एक दिन में चार घंटे चलने वाली ऑनलाइन पढ़ाई से बच्चों की शारीरिक और मानसिक सेहत पर असर पड़ रहा है, छोटे बच्चे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, बच्चे को आंखों में दिक्कत और सिरदर्द की शिकायत आ रही हैं, बच्चों के स्वभाव में भी चिड़चिड़ापन आ रहा है जिससे अभिभावक चिंतित है। ऑनलाइन क्लास के कारण शिक्षक और अभिभावक भी परेशान है चुकी छोटे बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाने और समझाने में काफी दिक्कत होती है। घरेलू काम छोड़कर अभिभावक को बच्चों से होमवर्क कराना पड़ रहा है। इन सारे मामले को देखते हुए निजि विद्यालयों द्वारा लिये जा रहे ऑनलाइन क्लास पर रोक लगाई जाए।

# देश-दुनिया में ट्रेंड किया सोशल मीडिया अभियान 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर'

**अभियान में मुख्यालय से लेकर राज्य के प्रत्येक पोलिंग बूथ तक लाखों लोगों की रही सहभागिता**

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर पूरे राज्य भर में मंगलवार शाम चलाया गया 2 घंटे का हैशटैग अभियान**




**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार शाम 6:00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर MainBhiElectionAmbassador अभियान चलाया गया। अभियान अपनी शुरूआत के 15 मिनट बाद ही देश भर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर ( ) पर टॉप-5 में ट्रेंड करने लगा जो की 2 घंटा पूरे होते ही देश में एक नंबर पर ट्रेंडिंग कर गया। देर रात यह अभियान ट्विटर पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी समाचार कोटि में ट्रेंड करता रहा। अभियान के दौरान ट्विटर में 60 हजार से अधिक जागरूकता परक पोस्ट किए गए। वहीं फेसबुक तथा इंस्टाग्राम में पोस्टों की ये संख्या इससे कहीं बहुत अधिक रही। जबकि यूट्यूब पर इस हैश टैग के साथ दो घंटे में लगभग डेढ़ हजार लोगों ने वीडियो अपलोड किये।

**हर आम और खास की रही सहभागिता :** इस अभियान में निर्वाचन कार्य से जुड़े सरकारी पदाधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा राज्य के लाखों आम मतदाताओं की सहभागिता रही।

**योजनाबद्ध तरीके से चलाया गया अभियान:** देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी किये गए उक्त हैशटैग पहल को बड़ा अभियान का रूप देने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने उक्त सोशल मीडिया विशेष मुहिम की रूपरेखा पिछले हफ्ते बनाई थी। अभियान की योजना के क्रम में ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, उप निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद राज्य के सभी सीबीएसई स्कूलों के प्राचार्यों, आईसीएसई विद्यालयों के प्राचार्यों तथा सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों तक अपना संदेश पहुंचाया कि वे अपने बच्चों को इस हेतु प्रेरित करें कि अपने वे अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु इलेक्शन एंबेसडर की भूमिका निभाएं। माता पिता एवं अन्य वयस्क परिजनों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए बच्चों के द्वारा कई गतिविधियां करवाने का सुझाव भी दिया गया था, जिनमें बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों से अपील के रूप में पत्र लिखना भी शामिल था। इन सभी गतिविधियों से जुड़े फोटो, वीडियो तथा पेंटिंग आदि को सोशल मीडिया पर अभिभावकों द्वारा अपलोड करने के लिए भी अनुरोध किया गया था। इसके अलावा राज्य के सभी आम और खास लोगों से भी अनुरोध किया गया था कि वे मतदान हेतु सार्वजनिक अपील करते हुए अपने संबंधित फोटो, वीडियो को उक्त हैशटैग के साथ अपलोड करें। राज्य के अंतर्गत कार्यरत स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने भी विभिन्न गीत,संगीत, रंगोली आदि के माध्यम से लोगों के प्रेरित करते हुए अपनी गतिविधियों को सोशल मीडिया पर अपलोड किया।

# गैंगरैप की घटना पर कार्यपालक अध्यक्ष, सुजित नारायण प्रसाद ने लिया संज्ञान

**डालसा ने टीम गठित कर पीड़ित परिवार को पहुंचायी विधिक सहायता**

**दबंग हिन्द,संवाददाता**



**रांची।** गैंगरैप की पीड़िता 25 वर्षीय छात्रा के फांसी लगाने पर झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा श्री सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को यह आदेश दिया हैं कि वह तत्काल पीड़िता के परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश के आलोक में न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची ने डालसा सचिव को अविलम्ब एक टीम गठित कर पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। इस आदेश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची कमलेश बेहरा ने एक टीम गठित किया, जिसमें सम्पा दास व प्रीति पाल को नियुक्त किया गया है। पीएलवी सम्पा दास व प्रीति पाल ने पीड़ित के परिवार से मुलाकात किया और डालसा द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा पीड़िता के परिवार को मुकदमा हेतु सहायता दी जायेगी एवं पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से प्रो-बोनो अधिवक्ता ममता श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है। डालसा सचिव की ओर से झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत मुआवजा की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गयी। ज्ञात हो कि मेसरा बूटी स्थित किशुनपुर की रहनेवाली 25 वर्षीय छात्रा ने पांच मई की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक के सुसाइड नोट के अनुसार गत छह मार्च को कोकर में उसके दोस्तों ने उसके साथ गैंगरेप किया था. उसके बाद से ही वह घुट-घुट कर जी रही थी. सुसाइड नोट में उसने रातू के काठीटांड़ निवासी आनंद मिंज और अरविंद किंडो के नाम का जिक्र किया है. युवती के अनुसार, उसे उस दिन बहला-फुसलाकर कोकर बुलाया गया, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया. युवती क्रांके स्थित कृषि विश्वविद्यालय में फॉरेस्टी विभाग में सेकेंड इयर की छात्रा थी।

# आम आदमी पार्टी का लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

**इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के जीत की प्रतिबद्धता जताई गई**

**दबंग हिन्द,संवाददाता**



**रांची।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश संयोजक डी एन सिंह के निदेर्शानुसार परमंडलीय स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशीयों लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सुखदेव भगत, राँची से यशस्विनी सहाय और खूंटी लोकसभा से कालीचरण मुंडा के जीत के लिए प्रतिबद्धता जताते हूए बिना स्वार्थ जनता से जुड़ कर गठबंधन पक्ष में प्रचार प्रसार का निर्देश दिया गया।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष -सह- दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल संगठन निर्माण प्रभारी अजय भगत ने कहा की संगठन के सभी पदाधिकारी जनता से जुड़ कर केंद्र सरकार की दस साल के विफलताओं को आम जनता के बीच उजागर करते हूए गठबंधन के पक्ष में चुनाव प्रचार करे। प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने कहा की पुरे प्रमण्डल में तीनो लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशीयों की जीत सुनिश्चित करने के लिए हमें करो या मरो के सिद्धांत का अनुसरण कर गठबंधन धर्म निभाते हूए बिना स्वार्थ काम करने की जरुरत है प्रदेश उपाध्यक्ष सह दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमण्डल संगठन निर्माण प्रभारी अजय भगत, प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर, महिला नेत्री माधुरी सोरेंग,राँची जिला कार्यकारी अध्यक्ष अल्बर्ट एक्का, राँची जिला ग्रामीण अध्यक्ष अशोक उराव, राँची नगर उपाध्यक्ष मनोज कुमार पूनोरिया,वरीय सदस्य राजेश लिंडा, कार्यालय प्रभारी कृष्णा किशोर, प्रशाद, नरेन्द्र कुमार,सूरज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने के लिए विधायक ने किया सभा





**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बेड़ो।** आगामी 2024 के होने वाली लोहरदगा लोकसभा चुनाव के महागठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने के लिए इटकी प्रखंड अंतर्गत गढ़गांव पंचायत के ग्राम चचगुरा और नरकोपी थाना अंतर्गत बाजार टांड़ मे विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सभा किया। सभा में उपस्थित तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए, महागठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष मे वोट करने के लिए आग्रह किया मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, जिला परिषद बेरोनिका उरांव, पार्टी प्रखंड महिला अध्यक्ष मन्कु कुजूर, पार्टी पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे।

# इंटरनेशनल मदर्स डे : कलाकारों ने शेयर किए दिल छूलेने वाले सरप्राइसेज

**दबंग हिन्द,संवाददाता**



**रांची।** माँ हमें रास्ता दिखाती है, सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है और नई ऊँचाई हासिल करने के लिये हमें ताकत देती है। साफ शब्दों में कहें तो वह हमेशा हमारा साथ देती है। इंटरनेशनल मदर्स डे पर एण्डटीवी के कलाकार अपनी-अपनी माओं को एक खास एहसास देने की योजना बना रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- व्योम ठक्कर (नन्हा अटल, अटल), गीतांजलि मिश्रा (राजेश सिंह, हप्पू की उलटन पलटन) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, भाबीजी घर पर हैं)। अपने सरप्राइज को लेकर अटल के नन्हे अटल, ऊर्फ व्योम ठक्कर ने बताया, ₹मेरी माँ मेरे लिये सुपरहीरो है। वह शूटिंग के लिये सेट पर मेरे साथ आती हैं और घर के सारे काम भी संभालती हैं। वह तय करती हैं कि घर पर सब-कुछ सही रहे। वह मेरी और भाई की पढ़ाई पर भी ध्यान देती हैं और एक्टिंग में मदद करती हैं। उनका समर्पण मुझे प्रेरित करता है। उनकी सकारात्मकता देखकर मेरा खुद पर भरोसा बढ़ता है और ज्यादा ऊँचाई हासिल करने की हिम्मत मिलती है। इस मदर्स डे पर मैं उन्हें सरप्राइज देना चाहता हूँ। मेरी ऑन स्क्रीन मां (नेहा जोशी, जो अटल में कृष्णा देवी की भूमिका निभा रही हैं) से मैं अपनी असली माँ के लिये एक गाना सीख रहा हूँ। अपने पिता और भाई की मदद से मैं डिनर की एक खास आउटिंग भी प्लान कर रहा हूँ और वहाँ मेरी माँ की सारी पसंदीदा डिशेज होंगी। मेरी माँ और दुनिया के सारी सुपरमॉम्स को हैप्पी मदर्स डे! हप्पू की उलटन पलटन की राजेश, ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने बताया, आज मैं जिस तरह की इंसान हूँ, उसे बनाने में मेरी माँ की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने मुझे अपनी वास्तविकता को बनाये रखने का महत्व बताया है और समानुभूति तथा विनम्रता जैसे मूल्य दिये हैं। उन्होंने जो मार्गदर्शन दिया है, वह मेरे ऊपर एक बड़ा कर्ज है।

# हज में जाने वाले लोगो से मिले डॉ. परमेश्वर भगत



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सुरसा, कंदरी मोड़ (फुसराटांड़) और मंदरो के जनाब आलम अंसारी साथ ही उनकी पत्नी, महफूज अंसारी साथ ही उनकी पत्नी एवं अजमुल अंसारी साथ ही उनकी पत्नी हज के लिए आज रवाना हो रहे है। पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने उक्त लोगो के घर जाकर सम्मान एवं स्वागत के साथ शुभकामना संदेश देते हुए बधाई दिए। उन्होंने विशेष रूप से उनके धार्मिक यात्रा की सफलता की कामना की। इन्होंने इस मौके पर लोगों को आध्यात्मिक उत्साह और प्रेरणा भरे संदेश दिए। इन्होंने मानवता और सद्भावना के महत्व को भी बल दिया। मौके पर डॉ नाफर अली, हाजी शाकिर इस्लाही, जमील अहमद, अलीम अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स का मेगा सर्विस कैंप रांची में 10 -11 मई को

**सर्विस कैंप में 2019-2020 जावा ग्राहकों को सर्विसिंग प्रदान की जाएगी**

**ट्ट प्रमुख मूल उपकरण विनिमार्ता भी कैंप में मौजूद रहेंगे**




**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स अपने बेहद सफल मेगा सर्विस कैंप को झारखंड के रांची में पेश करने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों में सर्विस कैंप के पहले चरण की सफलता के बाद, सर्विस कैंप के दूसरे चरण का और अधिक शहरों में विस्तार किया जाएगा। इस कैंप का आयोजन रांची में, विशेष रूप से इस क्षेत्र के 2019 और 2020 मॉडल के जावा मोटरसाइकिल मालिकों के लिए 10 मई से 11 मई तक होगा। सर्विस कैंप का आयोजन अशोक डिस्ट्रीब्यूटर्स ,बाजार समिति के पीछे, पंडरा में होगा। इस कैंप में, 2019-2020 जावा मोटरसाइकिलों के मालिकों को वाहन की व्यापक जांच और चुनिंदा कल-पुर्जे मुफ्त बदलने की सुविधा होगी। मोटुल, एमरॉन और सिएट टायर्स सहित अग्रणी मूल उपकरण आपूर्तिकर्ता ग्राहकों की सहायता के लिए सक्रि य रूप से भाग लेंगे। दीर्घकालिक ग्राहक संतुष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स, मोटरसाइकिलों की जांच के मूल्यांकन के आधार पर मानार्थ विस्तारित वारंटी की पेशकश कर रही है। इसके अतिरिक्त, विनिमय मूल्य (एक्सचेंज वैल्यू) का आकलन करने के लिए अपनी मोटरसाइकिलों को अपग्रेड करने में रुचि रखने वालों के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र होगा। पहले चरण के सर्विस कैंपों की सफलता के मद्देनजर जावा को उम्मीद है कि जून के अंत तक लगभग 10,000 बाइक की सर्विसिंग हो सकती है। पहले चरण के इन कैंप में 6250 से अधिक जावा मोटरसाइकिलों की सर्विसिंग हो चुकी है। जावा आने वाले महीनों में देश भर के कई शहरों में मेगा सर्विस कैंप (दूसरे चरण) का आयोजन करेगी। अगले कैंप भुवनेश्वर, हुबली, पटना, त्रिची, अनंतपुर, गोवा, नासिक और जबलपुर में आयोजित किये जाएंगे।

# चोरों को ठाकुरगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में चोरी करने वाले चोरों को ठाकुरगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। समरसेबल, टुलू मशीन और स्टेपलाइजर चोरी करने वाले ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी जुलफान अंसारी, भेलवाटांड़ निवासी मोईन अंसारी और खरकूटोली निवासी तौफीक आलम को ठाकुरगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बरौदी निवासी निर्मल महतो के दिये गए आवेदन के अनुसार 7 मई को निर्मल के घर से जुलफान अंसारी अन्य चोरों के साथ मिलकर घर का ताला तोड़कर स्टेपलाइजर और टुलू मशीन चोरी कर लिया. आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने छापामारी करते हुए जुलफान को गिरफ्तार किया और जुलफान के निशानदेही पर मोईन और तौफीक को गिरफ्तार किया और चोरी किया हुआ टुलू पंप, समरसेबल, स्टेपलाइजर और चोरी करने में प्रयोग किया गया बाइक को भी बरामद किया। छापामारी दल में ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार एवं थाना के दिलीप कुमार, प्रधान किस्कू, दमियानुश टोप्पो, हेमंत कुमार यादव, अशोक कुमार और सोमेश्वर भगत शामिल थे।

# लुंडरी में अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान बैठक का आयोजन



**दबंग हिन्द,चान्हों।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम लुंडरी में अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान बैठक किए अल्पसंख्यक अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी मौलाना कुर्बान, मोहम्मद अहसान, मोमीन कॉन्फ्रेंस जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, नुरमोहम्मद अंसारी, साबिर अंसारी, साजिद अंसारी,नईमुदीन अंसारी, माजिद अंसारी, रहीम अंसारी,मुस्ताक अंसारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रांची से सईफउद्दीन मिरदाहा अपने अहिल्या के साथ हज पर हुए रवाना



**दबंग हिन्द,रांची।** सईफउद्दीन मिरदाहा अपने अहिल्या कौसर जहां के साथ हज के लिए रांची से कोलकाता के लिए रवाना हुए। उन्होने कहा कि काबा शरीफ में अपनों के अलावा पूरे कौम, अपने देश के लिए दुआ मांगेंगे। इस दौरान परिवार के अलावा रिश्तेदार उनको विदा करने लिए मौजूद रहे। रांची स्टेशन से रवानगी के वक्त सभी की आंखे नम हो गई। नम आंखों से उन्हें विदाई दी गई।

### चान्हों बजार टांड़ में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया



**दबंग हिन्द,चान्हों।** प्रखंड के चान्हों बजार टांड़ में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री जनाब आलमगीर आलम झारखंड सरकार साथ में अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष मंजुर अंसारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाब उमेर खान, मो0 मोजीबुलाह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, ईसतेयाक अंसारी ,मो0 गेयास ,एहसान आलम ,अमरारूल हक, नेसार अहमद, सलीम अंसारी, बड़े समीम अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, चरवा उरांव, जिवन मिंज, आलोक मिंज, शिव उरांव ,के द्वारा कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुखदेव भगत को भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया गया।

### कैम्बो पंचायत के गुड़गुड़ जाड़ी गांव में सरना टोला में चुनावी सभा का आयोजन किया गया



**दबंग हिन्द,मांडर।** कैम्बो पंचायत के गुड़गुड़ जाड़ी गांव में सरना टोला में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। बैठक में केन्द्र की भाजपा सरकार के गलत नीतियों और पिछले दस साल के नाकामी को बतलाया गया और यह बतलाया गया कि किस प्रकार भाजपा सरकार देशवासियों को ठगने का काम कर रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी के अच्छाई और गारंटी कार्ड में किये गये वादों को समझाया गया। और देश के इस तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस पार्टी को वोट कर श्री राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करें। बैठक में मुख्य रूप से शमसुल शेख,सेरोफीना मिंज, पंचायत अध्यक्ष विनोद उरांव, तबरेज अंसारी, के अलावा बुथ अध्यक्ष, टोला कमिटी के अध्यक्ष और गांव के बहुत सारे ग्रामीण महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

### विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के संचालन समिति के साथ बैठक



**दबंग हिन्द, इटकी।** आगामी 2024 के होने वाली लोकसभा चुनाव के लोहरदगा कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष मे जीत सुनिश्चित करने के लिए इटकी प्रखंड के पार्टी प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया रमेश महली के आवास मे विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के संचालन समिति के साथ बैठक किया। बैठक मे श्रीमती तिर्की ने प्रत्येक पंचायत के पंचायत अध्यक्षो से लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं प्रचार प्रसार के बारे मे जानकारी लिया, साथ ही अपने लोकसभा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित सभी पार्टी के कार्यकर्ताओ को कुछ विचार एवं जानकारी दिया।

### स्व भोला उरांव की जयंती में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**दबंग हिन्द,चान्हों।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत करम टोली में स्व भोला उरांव की जयंती मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत और ग्रामवासियों के द्वारा उनके योगदान एवं जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को याद किया। इस अवसर पर उनके समर्थक समाज के प्रति उनके कार्य, विचारधारा और साहस की सराहना करते हुए उन्हें नमन किया साथ ही युवा समूह ने स्व भोला उरांव के विचारों को याद करते हुए उनके बलिदान को सलामी अर्पित की। डॉ परमेश्वर भगत ने कहा की इस तरह के समारोह से लोगो के भावनाओं को उठाने और स्व भोला उरांव के योगदान को सामाजिक चेतना के एक कड़ी के रूप में जागरूक करने का एक अच्छा माध्यम है।

### ईटा जंगल में पुलिस ने नगड़ीटोली गांव निवासी तैयब शेख का शव बरामद किया



**दबंग हिन्द,बेड़ो।** थाना क्षेत्र के ईटा जंगल में मंगलवार की रात पुलिस ने नगड़ीटोली गांव निवासी तैयब शेख का शव बरामद किया। इस संदर्भ में तैयब शेख के पिता शेख इमाम हुसैन ने बेड़ो थाना में हत्या का मामला दर्ज कराया है। शेख इमाम ने पुलिस को बताया कि मेरे पुत्र तैयब शेख को मंगलवार को गांव के सोनू लोहरा पिता अन्तु लोहरा आम खाने के नाम पर बुला कर जंगल की ओर ले गया था। जहां शेख सयुल पिता फिरोज शेख, सुहेल शेख पिता फिरोज शेख और फिरोज शेख पिता तेतार शेख सभी नगड़ीटोली गांव निवासी और साबीर अंसारी पिता जावेद अंसारी, अजाद बस्ती, थाना कुल्टी, जिला बरदवान पश्चिम बंगाल निवासी ने चाकु से मारकर हत्या कर दी। कुछ दिन पूर्व सयुल शेख और मृतक तैयब शेख के बीच झगड़ा हुआ था। इधर बेड़ो पुलिस आरोपियों को गिफ्तार कर पुछताछ कर रही है।

# गैंगरेप से आहत छात्रा ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट से खुलासा

## परिजनों ने दर्ज कराई एफआईआर

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** राजधानी के बीआईटी इलाके में रहने वाली छात्रा ने अपने ही दोस्तों द्वारा गैंगरेप से आहत होकर आत्महत्या कर ली. छात्रा की डायरी में मिले सुसाइड नोट से इसका खुलासा हुआ है. 5 मई को छात्रा ने अपने ही घर में आत्महत्या कर ली थी. घटनास्थल पर जांच के समय पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था. बाद में परिजनों ने पुलिस को छात्रा का सुसाइड नोट उपलब्ध कराया है.

**दोस्तों पर आरोप :** पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, सुसाइड नोट में छात्रा ने अपने दोस्तों पर आरोप लगाया है. पुलिस की ओर से बताया गया कि बिरसा एग्रीकल्चर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के दोस्तों ने 6 मार्च को उसे बहला-फुसलाकर रांची के कोकर इलाके में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया. इस घटना के बाद से वह ठीक से रह नहीं पा रही थी. गैंगरेप के बाद भी उसके दोस्त उसे बेइज्जत करते रहे, जिससे वह परेशान थी, इससे आहत होकर उसने अपनी जान दे दी. सुसाइड नोट में छात्रा ने दोनों आरोपियों के नाम और फोन नंबर भी लिखे हैं. इस मामले को लेकर छात्रा की मां ने रांची के सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है.

> "पुलिस को कमरे में जांच के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, बाद में परिजनों ने पुलिस को दो सुसाइड नोट उपलब्ध कराए. फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है. छात्रा के मोबाइल फोन की भी तलाशी ली जा रही है. साक्ष्य मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी."
> - **कुलदीप, सदर थाना प्रभारी**

# लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग

## जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से इवीएम का आवागमन करने वाले वाहनों पर रखी जायेगी नजर

### मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान कर ससमय करें मतदान कार्य से मुक्त

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों पर 4ऊकैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से मानिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मानिटरिंग की जाएगी। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वह बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट हेतु गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। उन्होंने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सब का वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे दैनिक वेतनभोगी, अनौपचारिक कर्मचारी व दुकानों के कर्मी

## उल्लंघन करनेवाले नियोजकों को पांच सौ रुपये का जुर्माना लगेगा

दबंग हिन्द संवाददाता




**रांची।** लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव 2024 के अवसर पर झारखंड राज्य में अवस्थित सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं गांडेय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135 ख के प्रावधानों का अनुपालन करने का आदेश कार्मिक विभाग ने जारी किया है. इसके तहत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, ऐसे में मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा. वहीं, अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजूदरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जायेगी. जिस कर्मचारी को उस दिन छुट्टी नहीं मिली तो उसे किसी दूसरे दिन छुट्टी या एक दिन का वेतन देय होगा. इन नियमों का उल्लंघन करनेवाले नियोजकों से पांच सौ रुपये का जुमार्ना वसूला जायेगा. हालांकि, यह नियम उस निर्वाचक के लिए लागू नहीं होगा जिसकी अनुपस्थिति से कोई खतरा या हानि हो सकती है. इसके अंतर्गत दुकान, प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारी भी शामिल हैं. वहीं, जहां चुनाव होनेवाले हैं और उस क्षेत्र के मतदाता बाहर काम कर रहे हैं, उन्हें भी इस आदेश से मतदान करने के अवकाश दिया जायेगा. इसके अलावा दैनिक वेतनभोगी अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के लिए अवकाश और वेतन के हकदार होंगे.

# गैंगरेप से आहत बीएयू छात्रा की आत्महत्या पर हाईकोर्ट के जस्टिस ने लिया संज्ञान

**रांची।** गैंगरेप से आहत 25 वर्षीय बीएयू छात्रा की आत्महत्या पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है. उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची को यह आदेश दिया है कि वह तत्काल पीड़िता के परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें. झालसा के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने डालसा सचिव को अविलम्ब एक टीम गठित कर पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया. जिसके बाद पीएलवी (पारा लीगल वॉलेंटियर) सम्पा दास व प्रीति पाल ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और डालसा द्वारा दी जानेवाली नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी. रांची सिविल कोर्ट की ओर से प्रो-बोनो अधिवक्ता ममता श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है और डालसा झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत मुआवजा की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गयी है.

# झारखंड के 10 हजार दफादार-चौकीदारों के वेतन के लिए 129.68 करोड़ रूपया आवंटित

दबंग हिन्द संवाददाता


**रांची।** ग्रामीण इलाकों की हर गतिविधियों से पुलिस को अपडेट रखने वाले चौकीदार-दफादारों के वेतन के लिए राशि आवंटित किया गया है. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चौकीदार और दफादारों के वेतन के वित्तीय वर्ष 2024-25 में 129.68 करोड़ रूपया की राशि आवंटित की गई है. झारखंड में 10,000 चौकीदारों और 200 दफादार हैं. हर एक चौकीदार एक थाना के तहत 10 गांवों की निगरानी करता है. प्रत्येक चौकीदार को 20,000 रुपये का वेतन मिलता है. साल 1870 में ग्राम चौकीदार अधिनियम लागू होने के बाद चौकीदार ब्रिटिश काल से भारत में पुलिस व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं. ये लोग अपने वरिष्ठ दफादारों को रिपोर्ट करते हैं. झारखंड सरकार ने उनके लिए एक अलग कैडर समर्पित किया है.

**किस जिले में कितनी राशि आवंटित**

| | |
|---|---|
| बोकारो | : 4.26 करोड़ |
| चाईबासा | : 1.16 करोड़ |
| चतरा | : 5.90 करोड़ |
| देवघर | : 10.64 करोड़ |
| धनबाद | : 4.07 करोड़ |
| रांची | : 9.60 करोड़ |
| दुमका | : 7.37 करोड़ |
| जमशेदपुर | : 3.21 करोड़ |
| गिरिडीह | : 5.92 करोड़ |
| गोड्डा | : 7.79 करोड़ |
| गुमला | : 7.83 करोड़ |
| हजारीबाग | : 7.15 करोड़ |
| जामताड़ा | : 7.71 करोड़ |
| खूंटी | : 2.67 करोड़ |
| कोडरमा | : 2.67 करोड़ |
| लातेहार | : 2.08 करोड़ |
| लोहरदगा | : 3.54 करोड़ |
| पाकुड़ | : 7.88 करोड़ |
| पलामू | : 7.35 करोड़ |
| साहेबगंज | : 5.78 करोड़ |
| सराइकेला | : 4.20 करोड़ |
| सिमडेगा | : 3.59 करोड़ |
| रामगढ़ | : 2.35 करोड़. |
| **कुल** | **: 129.68 करोड़** |

# रांची में पावर कट से लोग परेशान, विभागीय अधिकारियों ने बताया बिजली कटौती का कारण, फोन नंबर भी किया जारी

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में इन दिनों बिजली की समस्या से लोग काफी परेशान हैं. कई मोहल्लों में सुबह से शाम तक बिजली नहीं रहती, तो कई मोहल्लों में देर रात तक बिजली गायब रहती है. लगातार पावर कट की समस्या को लेकर शहरवासी कई बार बिजली विभाग को अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं. लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है. बिजली विभाग के वरीय अधिकारी पीके श्रीवास्तव का कहना है कि पिछले कई दिनों से खराब मौसम के कारण जिले में जगह-जगह बिजली के तारों पर पेड़ की टहनियां गिर गई हैं. जिसके कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई घंटों तक बिजली काटी जाती है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में रांची जिले को 350 मेगावाट बिजली भेजी जा रही है. लेकिन भीषण गर्मी के कारण पूरे जिले का लोड दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. लोग एसी, कूलर और पंखे जैसे संसाधनों का बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैं. ऐसे में बिजली का लोड बढ़ना स्वाभाविक है.

बिजली विभाग के वरीय अधिकारी सीएम शर्मा का कहना है कि रांची को पर्याप्त बिजली मिल रही है. लेकिन पावर कट की समस्या का मुख्य कारण यह है कि राजधानी में कई जगहों पर पानी की अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाई जा रही है. कई जगहों पर टेलीफोन के तार भी बिछाए जा रहे हैं. इसलिए अंडर वायरिंग के दौरान जमीन के अंदर अर्थिंग के तार कट जाते हैं. इस कारण पावर कट की समस्या बनी रहती है. उन्होंने बताया कि तार कटने के बाद संबंधित ठेकेदार बिजली विभाग को सूचना भी नहीं देते हैं. जिसके कारण कई घंटों तक बिजली की समस्या बनी रहती है. उन्होंने कहा कि अगर ठेकेदार समय पर सूचना दें तो बिजली विभाग अपने कर्मचारियों से तुरंत बिजली की मरम्मत करवाएगा और लोगों को बिजली कट की समस्याओं से जूझना नहीं पड़ेगा. बता दें कि शहरी क्षेत्रों के अलावा रांची जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है. गर्मी में बढ़ते संसाधनों को पूरी बिजली उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को घंटों पावर कट की समस्या से जूझना पड़ रहा है. वहीं पावर कट की समस्या होने पर बिजली विभाग की ओर से कंट्रोल रूम का नंबर भी जारी किया गया है. जिसका मोबाइल नंबर 94311 35682 है. लोग इस नंबर पर कॉल कर पावर कट की जानकारी दे सकते हैं.

## गृह विभाग की प्रधान सचिव हाईकोर्ट में हुईं वर्चुअल उपस्थित, बताया

# एनयूएसआरएल, कांके की जमीन पर बनेगा पुलिस टीओपी

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई. मामले में बुधवार को प्रधान सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल को कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित हुई . उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के 30 डिसमिल जमीन में पुलिस टीओपी बनाया जायेगा. नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ जमीन पर बाउंड्री वॉल के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रधान सचिव हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन सक्षम है. इसमें गृह विभाग की भूमिका नहीं है. इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को बाउंड्री वॉल के संबंध में प्रधान सचिव, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन से इंस्ट्रक्शन लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 13 जून निर्धारित की है. बता दें कि बीते मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउटपोस्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 62 लाख रुपया स्वीकृत किया गया है. लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ क्षेत्र में बाउंड्री वॉल बनाने के संबंध में अभी कोई प्रस्ताव नहीं है. इसपर कोर्ट ने नाराजी जताते हुए बुधवार को प्रधान गृह सचिव को तलब किया था. दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के पुलिस पोस्ट के लिए 30 डिसमिल जमीन सरकार ने मुहैया कराई गई है, तो उसपर पुलिस पोस्ट का निर्माण क्यों नहीं कराया जा रहा है. उसके बगल में बिजली सब स्टेशन का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन इसे ऑपरेशनल नहीं किया गया है वहां बिजली क्यों नहीं दी जा रही है. वहीं यूनिवर्सिटी के सामने 6 एकड़ जमीन सरकार ने दी है उसपर चारदीवारी बनाई जाएगी या नहीं. बता दे कि बार एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है.

# बीमारी के बहाने से नहीं कटेगी चुनाव ड्यूटी, मेडिकल जांच में फिट पाये जाने पर होगी कार्रवाई

दबंग हिन्द संवाददाता




**रांची।** चुनाव में ड्यूटी से बचने के लिए स्वस्थ कारणों का बहाना पुलिसकर्मियों को महंगा पड़ सकता है. किसी भी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मेडिकली फिट पाए जाने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी. धनबाद एसएसपी ने इससे सम्बंधित आदेश जारी किया है. वही स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया है. जारी आदेश में बताया गया है कि लोकसभा चुनाव के अवसर पर स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को धनबाद जिला बल से अन्य जिलों में प्रतिनियुक्त किया जाना है. उल्लेखनीय है कि उक्त चुनाव के मद्देनजर कतिपय पुलिसकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए चुनाव डियूटी से वंचित करने के लिए अनुरोध अभ्यावेदन समर्पित किया जा रहा है. अतः उक्त के आलोक में वैसे सभी पुलिसकर्मी जो अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण चुनाव डियूटी से वंचित कराने के लिए अभ्यावेदन समर्पित किये गये हैं का स्वास्थ्य जाँच के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाता है. मेडिकल बोर्ड द्वारा जाँच के क्रम में किसी भी पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी को स्वास्थ्य अथवा मेडिकल फिट पाया जाता है, तो वैसे पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी. एसएसपी ने परिचारी प्रवर को निर्देश दिया है कि चुनाव डियूटी से वंचित कराने के लिए अभ्यावेदन समर्पित करने वाले पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मियों का मेडिकल बोर्ड गठित कराते हुए चिकित्सीय जाँच कराना सुनिश्चित करेंगे.

# मंत्री आलमगीर के ओएसडी संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय पहुंची ईडी की टीम

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** मंत्री आलमगीर के ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर आलम से ईडी की पूछताछ बुधवार से शुरू हो गई है. संजीव लाल के चैंबर में कागजात को ईडी की टीम जांच कर रही है. इस दौरान ईडी की टीम संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय जांच के लिए पहुंची है. ईडी को जानकारी मिली है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग में भ्रष्टाचार और ठेकों से कमीशन के नाम पर उगाही का पैसा संजीव लाल तक पहुंचता था. पैसों की उगाही के लिए वह विभाग के इंजीनियरों व कुछ प्राइवेट लोगों का इस्तेमाल किया करता था. ईडी ने कोर्ट को बताया है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निचले अधिकारियों से लेकर उच्च पदस्थ पदाधिकारियों का नेक्सस पूरे करप्शन में शामिल है. अफसर-नेताओं तक करोड़ों रुपए पहुंचा. इन सभी को कैश में काफी बड़ी मात्रा में पैसे पहुंचाए जाने की बात शुरूआती जांच में सामने आयी है.

**ईडी की टीम सरकार के मंत्रालय में घुसी :** ग्रामीण विकास विभाग का एक दफ्तर प्रोजेक्ट भवन में हैं, जहां मंत्री बैठते हैं. जबकि दूसरा दफ्तर एपीपी बिल्डिंग में है. इस दफ्तर में विभागीय सचिव और अन्य अधिकारी, कर्मचारी काम करते हैं. ईडी की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे के साथ-साथ राजनीतिक गलियारे में खलबली मच गयी है. क्योंकि ऐसा पहली बार हो रहा है, जब ईडी की टीम सरकार के मंत्रालय में घुसी है.

**राजनेताओं और अफसरों का कमीशन 1.5 प्रतिशत :** ईडी ने जांच में पाया है कि विभागीय ठेकों में कुल 3.2 प्रतिशत की उगाही होती थी. इसमें 1.5 प्रतिशत का कमीशन कट मनी के तौर पर बड़े राजनेता और विभाग के बड़े अधिकारियों तक जाती थी. जांच में यह बात सामने आयी है कि संजीव लाल की देखरेख में कमीशन का कलेक्शन प्रभावशाली लोगों तक जाता था. टेंडर मैनेज करने और कमीशन की उगाही तक में इंजीनियरों के सिंडिकेट के साथ मिलकर रकम की उगाही होती थी. इसके बाद तय परसेंटेज सरकार के उच्च पदस्थ लोगों तक पहुंचायी जाती थी. जांच में कुछ आईएएस अधिकारियों व नेताओं की भूमिका बड़े संदिग्ध के तौर पर उभरी है.

ईडी जांच में आए तथ्यों के मुताबिक, जहांगीर के गाड़ीखाना स्थित फ्लैट से जो 31.20 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे, वह महज तीन माह में जमा किए गए थे. फ्लैट की खरीद भी कुछ माह पूर्व जहांगीर के नाम पर सिर्फ इसलिए की गई थी, ताकि यहां पैसों को रखा जा सके. मुन्ना सिंह के यहां से बरामद 2.93 करोड़ रुपये भी यहीं शिफ्ट किए जाने थे, लेकिन इससे पहले ईडी की टीम ने छापेमारी कर इन पैसों को बरामद कर लिया.

## एक नजर

### मनरेगा में काम कर रहे संविदाकर्मियों को स्थाई करने की मांग को लेकर लिखा पत्र




**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश सोरेन ने ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा आयुक्त को पत्र लिख कर मनरेगा अभियंता संवर्ग एवं समस्त मनरेगा कर्मियों को स्थायीकरण का लाभ देने का अनुरोध किया है. उन्होंने विभागीय पत्रांक 16/04/2024 का जिक्र करते हुए कहा है कि हम सभी मनरेगा योजना के तहत संविदा पर कार्यरत अभियंता संवर्ग एवं समस्त मनरेगा कर्मी स्थायीकरण के लिए सभी अहर्ता को पूर्ण करते हैं. उन्होंने कहा कि सचिव कार्मिक विभाग द्वारा भी राज्य के विभिन्न विभागों में संविदा पर कार्यरत कर्मियों की सेवा शर्तों में सुधार एवं नियमितीकरण के लिए विकास आयुक्त झारखण्ड की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनी है, जिसके साथ समन्वय कर हम सभी मनरेगाकर्मियों संविदाकर्मियों के नियमितीकरण की दिशा में उचित निर्णय लिया जा सकता है. वहीं राजस्थान सरकार के उप सचिव ग्रामीण विकास विभाग अनुभाग -1 राजस्थान सरकार के पत्रांक 1651-59/ दिनांक 07/03/2024 द्वारा भी मनरेगा कर्मियों को ग्रेड पे के साथ स्थायीकरण की दिशा में कदम बढ़ाया है, जिसके आधार पर झारखंड के अभियंता संवर्ग एवं मनरेगा कर्मी को भी ग्रेड पे और स्थायी करने पर विचार किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि विभागों में पद रिक्त हैं. ऐसे में पिछले 18 वर्षों की संविदा सेवा के कारण हमारी उम्र सीमा, अवसर और क्षमता भी ह्रास हो गया है. ऐसे में नैसर्गिक न्याय के तहत हमारा स्थायीकरण का दावा पूर्णतः स्वीकार करने योग्य है.

### सरायकेला थाना के पूर्व इंचार्ज मनोहर कुमार को हाईकोर्ट से मिली राहत, मिली जमानत




**रांची।** प्रेम प्रसंग में पकड़े गए नाबालिग की पुलिस कस्टडी में आत्महत्या मामले में आरोपी सरायकेला पुलिस स्टेशन के एक्स इंचार्ज मनोहर कुमार को झारखंड हाई कोर्ट से राहत मिली है. हाई कोर्ट ने मनोहर कुमार के मामले में चार्ज फ्रेम हो जाने को देखते हुए उसे जमानत प्रदान कर दी. मामले में मनोहर कुमार 17 अक्टूबर 2023 से जेल में है. दरअसल, नाबालिक किशोर 27 अक्टूबर 2022 को शादी की नीयत से लड़की को भगा ले गया था. लड़की के जीजा एवं भाई ने उन दोनो को पकड़ लिया था. बाद में उन्होंने किशोर को 31 अक्टूबर 2022 को सरायकेला थाना पुलिस को हवाले कर दिया था. आरोप है कि किशोर ने नवंबर 2022 को बेल्ट से फांसी लगाकर पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी. मामले में लड़के के पिता ने सरायकेला थाना में मनोहर कुमार के खिलाफ उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर संख्या 126 /2022 दर्ज कराई थी.

### मो0 अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज



**रांची।** सेना की कब्जे वाली जमीन घोटाला से जुड़ा जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी मोहम्मद अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन को पीएमएलए की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया. मामले में इससे पूर्व अमित अग्रवाल, दिलीप घोष और भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है. मामले में 10 आरोपियों पर आरोप गठन होना है. इससे पूर्व इनकी ओर से खुद पर लगे आरोप से मुक्त कराने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन दायर किया जा रहा है. बता दे की सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन मामले में ये आरोपी है. मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज के आधार पर की इस जमीन की जमीन की खरीद बिक्री की गई थी. 13 और 14 अप्रैल 2023 को ईडी ने निलंबित आईएएस छवि रंजन, निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद समेत कई जमीन कारोबारियों के ठिकाने पर छापेमारी की थी. छापेमारी के बाद निलंबित आईएएस छवि रंजन समेत लगभग एक दर्जन लोगो को ईडी ने गिरफ्तार किया था. इसके बाद से ये ईडी की न्यायिक हिरासत में सभी जेल में है.

### सचिवालय घेराव केस : भाजपा के नेताओं समेत अन्य को हाईकोर्ट से राहत बरकरार



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बिरंची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को बड़ी राहत मिली है. अदालत ने उक्त सभी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को बरकरार रखते हुए अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है. इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. दरअसल पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है. जिसका कांड संख्या 107/2023 है. आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं.

### राज्य के 6951 निजी संस्थाओं व कंपनियों ने 84,592 स्थानीय को दी नौकरी



**रांची।** झारखंड में मौजूद निजी संस्था व कंपनियां यहां के 84,592 स्थानीय लोगों को अब तक नौकरी दे चुकी है. यह नौकरी राज्य में स्थित 6,951 संस्थाओं व निजी कंपनियों ने दी है. यह नौकरी झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के तहत दी जा रही है. इस अधिनियम के तहत वैसे सभी प्रतिष्ठान जो निजी क्षेत्र के हों एवं जहां 10 या 10 से अधिक कार्यबल कार्य कर रहे हैं पर लागू होता है. साथ ही वैसे सभी प्रतिष्ठान जिन पर यह अधिनियम लागू होता है उनके द्वारा यदि कोई रिक्ति निकाली जाती है तो 40,000 वेतन तक के पदों की नियुक्ति में 75 फीसदी स्थानीय को नियुक्त करना होगा. फिलहाल झारखंड के 6,951 निजी संस्थाओं और कंपनियों में कुल दो लाख 25 हजार 510 कर्मचारी कार्यरत हैं. इसमें एक लाख 40 हजार 609 कर्मचारी स्थानीय की श्रेणी में नहीं हैं. श्रम विभाग की ओर से अब तक 50, 957 लोगों का विभिन्न निजी कंपनियों और संस्थाओं में प्लेसमेंट हो चुका है. अब तक राज्य के विभिन्न नियोजनालयों में 11 लाख छह हजार 420 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. वहीं रोजगार मेला के जरिये 14986 लोगों का विभिन्न निजी कंपनियों और प्रतिष्ठानों में प्लेसमेंट हुआ है. इसमें 8055 लोगों को 12 हजार रुपए से अधिक की नौकरी मिली है. 2357 लोगों को 12 हजार से 14 हजार के बीच की नौकरी मिली है. 2522 लोगों का प्लेसमेंट 14 से 16000 रुपए प्रतिमाह पर हुआ है. 2052 लोगों का प्लेसमेंट प्रतिमाह 16 हजार से अधिक पर हुआ है.

# श्रमिक समस्या समाधान को लेकर क्षेत्रीय वेलफेयर समिति की बैठक



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र विभिन्न श्रामिक कॉलोनीयों की दशा सुधारने कार्यालय में सुधार करने सहित विभिन्न श्रमिक समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अध्याक्षता डीकेगुप्ता ,संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सूर्य प्रताप सिंह ने की ।वहीं बैठक में विभिन्न विभागीयाधयक्ष के अलावा विभिन्न टेरड यूनियन के प्रतिनिधि शामिल थे। महाप्रबंधक सभागार में आयोजित क्षेत्रीय वेलफेयर समिति के द्वारा उठाए गए विभिन्न समस्याओं समाधान को लेकर महाप्रबंधक डीकेगुप्ता ने कहा कि यूनियन मजदूर समस्याओं के साथ साथ क्षेत्र के उत्पादन उत्पादकता को लेकर होने वाले कमियों के प्रति यदि इसी प्रकार प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराते रहेंगे तो निश्चित ही कथारा क्षेत्र अपने स्वर्णिम काल को प्राप्त होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य शमशूल हक कॉलोनियों के गरवेज सफाई नालियों की मरम्मती पीके जयसवाल ने श्रामिक कॉलोनी में पेयजल व्यवस्था नवीन विश्वकर्मा ने वर्ष 2010 से लंबित वाशरी के श्रामिको का लंबित ओटी भुगतान करने की मांग की , इकबाल अंसारी आंकसन के तहत जर्जर आवासों को ध्वस्त करने तथा वहां पुनः नयें आवासों का निर्माण करने , कमलेश गुप्ता ने विभिन्न टाइप के कॉलोनीयों के आवासो के रंग रोगन पर एकरूपता लाने तथा तमाम कार्यो को कॉलोनियों वाइज कि के माध्यम से कराने पर बल दिया, साथ ही उसकी प्रॉपर मोनेटरी की भी बातें कही ।बैठक में टिकैत महतो ने स्वांग गोविंदपुर परियोजना मे ट्रांसपोटिंग सुविधा को लेकर नये पुल निर्माण तथा जर्जर श्रामिक कॉलोनियों की मरम्मत की बातें कही । अनूप कुमार स्वाई ने कथारा वाशरी सहित जारंगडीह में स्थित कामगारों के आवासों के सवाल को उठाया साथ ही बकाया एरियर तथा बीतें वर्ष उपस्थिति में त्रुटियों को लेकर कुछ श्रमिकों के कम बेतन भुगतान की समस्या हल करने की मांग की । वहीं बैठक में कामोद प्रसाद ने महाप्रबंधक कार्यालय में भवन एवं परिसर मेंजलापूर्ति दुरुस्त करने ,जगह जगह हो रहे सीपेज की मरम्मति करने तथा क्षेत्र में फारयड टेंडल स्थापित करने की मांग की ताकि आगलगी कि स्थिति में त्वरित निपटा जायें। उन्होंने महाप्रबंधक कार्यालय के समीप बने कैंटीन को एसी से सुसज्जित कर चालू कराने की मांग की, वही उन्होंने जारंगडीह में स्कूल बस देने तथा क्षेत्र के संचालित सीसीएल अनुदानित विद्यालय के उपलब्ध राशि का जल्द वितरण की मांग की । यहां महाप्रबंधक गुप्ता ने यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा सुझाए गए तमाम सुझावों पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे समयबद्ध तरीके से दूर चले का आश्वासन दिया ।मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन जयंत कुमार, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक राजेश कुमार क्षेत्रीय असैनिक प्रबंधक संजय सिंह , क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डां एम एन राम ,प्रभारी क्षेत्रीय पदाधिकारी विद्युत व यांत्रिक मोहन कुमार, सीएसआर अधिकारी चंदन कुमार आदि ने भी श्रमिक समस्या समाधान को लेकर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।

## राज्य कर आयुक्त कार्यालय में संचालित व्यय अनु श्रवण कोषांग का हुआ निरीक्षण

**बोकारो सिटी।** राज्य कर आयुक्त कार्यालय में संचालित व्यय अनु श्रवण कोषांग का प्रेक्षक आनंद कुमार ने निरीक्षण किया उन्होंने विधानसभा बार अंकेक्षण टीम द्वारा अब तक किए गए कार्य संबंधित अभिलेखों की जांच कर प्रचार सभा रैली जुलूस शादी के माध्यम से किया जा रहे चुनाव प्रचार के खर्च का अंकेक्षण कर दैनिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के प्रेक्षक श्री कुमार ने सूचना भवन स्थित एमसीएमसी कोषांग तथा मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया उन्होंने विभिन्न अखबारों में प्रकाशित खबर एवं टीवी चैनल पर प्रसारित समाचारों की निगरानी को लेकर किया जा रहे कार्य की व्यवस्था पर संतोष जताया।

## एनआईसी कक्ष में मतदान कर्मियों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो ।** हां पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू एवं निर्वाचित पदाधिकारी की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया जिसमें पीठासीन पदाधिकारी पी1 ,पी2 एवं पी 3 मतदान कर्मियों का नाम शामिल है।मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार सहायक निर्वाचित पदाधिकारी गोमिया मोहम्मद मुमताज अंसारी सहायक निर्वाचित पदाधिकारी एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता एसडीओ बेरमो अशोक कुमार सहायक निर्वाचित पदाधिकारी चंदनक्यारी प्रभास दत्त जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार नोडल पदाधिकारी शालिनी खाल को आदि उपस्थित थे उल्लेखनीययों की गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान 25 को होना है इसमें कुल 6860 मतदान कर्मी पुरुष मतदान कर्मी 198 महिला मतदान कर्मी को लगाया गया है इसमें पीठासीन पदाधिकारी मतदान कर्मी एवं रिजर्व कर्मी शामिल है।

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से सात उम्मीदवारों का नामांकन प्रपत्र रद्द



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के नामांकन की जांच की गई जिसमें कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था इनमें सात उम्मीदवारों के नामांकन को अयोग्य पाया गया तथा उनका नामांकन रद्द कर दिया गया अब चुनाव के मैदान में 18 उम्मीदवार रह गए हैं जानकारी देते हुए गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की निर्वाचित पदाधिकारी डीसी विजया जाधव ने बताया कि कल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था जांच के दौरान सात उम्मीदवारों के नामांकन प्रपत्र में त्रुटि रहने के कारण रद्द किया गया मालूमों की नाम वापस लेने की तिथि 9 मई है। जानकारी के मुताबिक जिनका नामांकन प्रपत्र रद्द हुआ है उनका नाम धीरेन मदक नारायण गिरी इमाम शफी राकेश रोशन घोष राजा हक जयराम महतो तुलसी महतो का नामांकन रद्द हो गया।

## मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर पुलिस अधीक्षक ने चलाया जागरूकता अभियान

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में बोकारो जिले के लोगों का मतदान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर हस्ताक्षर अभियान टोटो रैली को प्रस्थान करवा कर सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया ताकि 25 तारीख को होने वाले मतदान में मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक नगर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक कंट्रोल रूम एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित है पुलिस अधीक्षक बोकारो के द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाता जागरूकता के लिए सोशल मीडिया सेल गठित कर सोशल मीडिया में विभिन्न तरह के स्लोगन वाले पोस्ट डालकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

## सर्वसम्मति से संपन्न हुआ श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा का द्विवार्षिक चुनाव



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो ।** राष्ट्रीय जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा कोलकाता के निर्देश के अनुसार श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा बोकारो का द्विवार्षिक चुनाव 2024-2026 हरियाणा सर्वसम्मति से संपन्न हुआ जिसमें विनोद चोपड़ा को सर्वसम्मति से सभा का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया जानकारी देते हुए जैन मिलन के अध्यक्ष सह चुनाव पदाधिकारी संजय वैद की देखरेख में चुनाव का सारा कामकाज संपन्न हुआ इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा ने अपना कार्यभार नव निर्वाचित अध्यक्ष को देते हुए उनके बेहतर कार्य के लिए मंगल कामना एवं सहयोग की पेशकश की इसके पूर्व सभा के सचिव प्रकाश कोठारी ने विगत कार्यकाल का लेखा-जोखा सभा के सदस्यों के समक्ष रखा जी से स्थानीय सभा द्वारा पारित कर दिया गया नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद चोपड़ा की नई कमेटी का विस्तार एक सप्ताह के अंदर होगा बैठक में शांतिलाल लोढ़ा प्रकाश कोठारी मानक छलानी जयचंद बांठिया आनंद कोठारी बजरंग लाल चौरडिया प्रमोद चौरडिया सुभाष जैन सुशील वध सुरेश बोथरा अभय बेगवानी सौरभ लोढ़ा आदि उपस्थित थे।

## विस्थापित मूलवासियों व गरीबों की आवाज बनती रही है जेएमएम : मंटू



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो ।** ग्रामीणों को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि विस्थापित मूलवासी के साथ पार्टी गरीबों की आवाज बनती रही है उन्होंने कहा कि अगर इस बार एनडीए प्रत्याशी जीता तो विस्थापित गांव इतिहास बन जाएगा उन्होंने कहा कि यदि बोकारो स्टील प्लांट के स्कूल में बच्चों को पढ़ना है तो इंडिया गठबंधन की और ध्यान देना होगा उन्होंने कहा कि 15 वर्ष में भाजपा के प्रतिनिधियों ने मिलकर सभी विद्यालय को बंद कर दिया स्वास्थ्य केंद्र भी बंद कर दिया श्री यादव ने कहा कि विस्थापित किसी के बहकावे में नहीं आए प्लांट में अगर नियोजन चाहिए गांव में विकास का काम होना है तो चुनाव के समय उचित निर्णय लेना होगा मौके पर मुखिया रजनी देवी श्याम केवट संतोष मांझी बीरबल हांसदा बूढ़ा मांझी बाबूलाल हांसदा छोटू सोरेन राजेश केवट सुभाष चौधरी संजय मिश्रा अजय हेंब्रम मिथुन मंडल अशोक अंबाराम सोहन मुर्मू राजू सिंह प्रदीप मंडल फिरोज अंसारी अर्जुन महतो सदानंद गोप विनोद महतो सौरभ भट्ट लालमोहन हेंब्रम जोगेंद्र सोरेन परमेश्वर मांझी संजय शाह शंभू गुप्ता एकता देवी आदि उपस्थित थे।

## सेल मैनेजमेंट एंड बिजनेस क्वीज में बीएसएल की टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो ।** सेल के मैनेजमेंट एंड बिजनेस क्वीज स्पर्धा के फाइनल में एक बार फिर बोकारो स्टील प्लांट की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीतने का गौरव प्राप्त किया है दी गई जानकारी के मुताबिक हाल ही में बर्नपुर में आयोजित स्पर्धा के फाइनल में सेल अधिकारियों की बिजनेस क्वीज सक्षम में बोकारो स्टील प्लांट के वरिष्ठ प्रबंधक शुभम वर्मा तथा प्रबंधन हॉट स्ट्रिप मेल राहुल रंजन पंडा की टीम ने सेकंड रनर अप का पुरस्कार अपने नाम किया इसके अलावा समर्थ नाम से आयोजित सेल के कर्मियों की बिजनेस क्वीज में बोकारो स्टील प्लांट के दुर्गा प्रसाद एवं नयन चक्रवर्ती की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीतकर बोकारो स्टील प्लांट का मान बढ़ाया है विजेता टीम को बीपी सिंह निदेशक प्रभारी दुगार्पुर एवं इस्को स्टील प्लांट द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया बोकारो स्टील प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी दोनों पुरस्कार विजेता टीमों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।

## सामान्य प्रेक्षकों ने किया डिस्पैच सेंटर व रिसीविंग काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो।** गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू एवं धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खींची ने सेक्टर 8 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया मौके पर जिला निर्वाचित पदाधिकारी सहित निर्वाचन कोषांग के वरिष्ठ पदाधिकारी उप विकास आयुक्त संदीप कुमार सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचित पदाधिकारी उपस्थित थे इस मौके पर गिरिडीह क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू एवं धनबाद के अनूप खींची ने डिस्पैच सेंटर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वीवीपीएटी की कमिश्निंग को लेकर की गई तैयारी योजना के संबंध में निर्वाचित पदाधिकारी से जानकारी ली सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर में संचालित सामग्री कोषांग का भी जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे पैकेट में सफल मतदान संचालक को लेकर जरूरी सामग्री के साथ मेडिकल किट सुख खाद्य सामग्री पर पदार्थ आदि भी उपलब्ध कराए जाने पर संतोष व्यक्त किया। दोनों पदाधिकारी ने बाजार समिति स्थित गोदाम रिसीविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से रिसीविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर के संबंध में जानकारी दी मौके पर पोस्टल बैलट की मतगणना को लेकर चिन्हित भवन का भी जायजा लिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार डीपीएलआर मां का अपर समाहर्ता मोहम्मद मुमताज अंसारी अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता प्रभास दत्त मीडिया के नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे सफीक आलम सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीसीएल के डीटी ने ढोरी एरिया का किया दौरा, कहा उत्पादन का लक्ष्य करें पूरा



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**फुसरो ।** सीसीएल के तकनीकी निदेशक हरीश दुहान ने बुधवार को ढोरी एरिया के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना का निरीक्षण किया।उन्होंने महाप्रबंधक, पीओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कोयला उत्पादन के लक्ष्य को समय से पूरा करें। श्री दुहान ने परियोजना विस्तारिकरण, उत्पादन क्षमता आदि पर विस्तार से चर्चा की। डीटी ने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन लक्ष्य की ओर अग्रसर है। कंपनी को सरकार, स्थानीय लोग विस्थापित, श्रमिक प्रतिनिधि और सभी स्टेकहोल्डर्स का सहयोग मिलता आ रहा है। उन्होंने कोयला उत्पादन, प्रेषण, खदान विस्तार, पर्यावरण मंजूरी एवं भूमि संबंधित मुद्दों पर विस्तार से जानकारी ली। साथ ही एरिया के कोयला उत्पादन लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने को कहा।उन्होंने कहा कि इसके लिए जो भी संसाधन की जरूरत होगी। मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। कोलियरी में हॉल रोड और लोगों का आने जाने का रास्ता दोनों अलग-अलग होना चाहिए। अमलो भी पॉइंट के समीप डीटी श्री दुहान ने कई फलदार वृक्ष लगाये।निरीक्षण के पश्चात चपरी गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर मुख्यालय से आये यूजी जीएम एम के पंजाबी, जीएम एम के अग्रवाल ,एसओ माइनिंग अमिताभ तिवारी, पीओ के आर सत्यार्थी, एसओपी प्रतुल कुमार, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, पर्यावरण पदाधिकारी गौरव कुमार, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उड़के सहित दर्जनों अधिकारी मौजूद थे।

## कहीं भी नहीं हो वोट का बहिष्कार, मतदाताओं को करें जागरूक: प्रेक्षक

### 901 शस्त्र कराया गया जमा 159 का लाइसेंस हुआ रद्द

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई मौके पर पुलिस प्रेक्षक मोहित चावल एवं व्यय प्रेक्षक अर्जुन लाल जाट उपस्थित है सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांग के वरिष्ठ नोडल पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त की इसके पूर्व निर्वाचित पदाधिकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की तैयारी से संबंधित विस्तार से जानकारी प्रेक्षकों को दी समीक्षा के क्रम में जिले की तैयारी पर इन लोगों ने संतोष जताया उनके द्वारा कहा गया की तैयारी अच्छी है आगे भी बेहतर करना है समीक्षा में गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निर्वाचित पदाधिकारी ने सामान्य प्रेक्षक पुलिस परीक्षक को संसदीय क्षेत्र की सीमा जिले की सीमा सीमा भारती राज्य एवं उनके जिले अंतर प्रांतीय सीमा विधानसभा क्षेत्र के संबंध में जानकारी दी स्क्रम में मतदान के सफल संचालन को लेकर बनाए गए 136 इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम मतदान केदो की संख्या महिला मतदान केंद्र पर्दा नशी मतदान केंद्र वल्नरेबल मतदान केंद्र क्रिटिकल मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी दी गई इसके अलावा आदर्श आचार संगीता लागू होने के बाद विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उठाए गए कदम की भी जानकारी दी गई बताया गया कि कल 159 शस्त्र का लाइसेंस रद्द किया गया है 901 शस्त्र का सत्यापन कर जमा कराया गया है वारंटी पर कार्रवाई की गई है इस दौरान कुल 41 लाख 16 हजार 70 रुपए की जब्ती की गई है वही उत्पाद विभाग द्वारा अब तक 31005 लीटर विदेशी शराब 49705 देसी शराब जप्त किया गया है। अरुण महेश बाबू ने कहा कि सहायक निर्वाचित निबंधन पदाधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करेंगे इसके अलावा उन्होंने वेब कास्टिंग कम्युनिकेशन प्लान शैडो एरिया रूट चार्ट के संदर्भ में जरूरी दिशा निर्देश दिया बैठक में पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, के बी कॉलेज बेरमो गांव को लेगी गोद




**जारंगडीह।** प्राचार्य लक्ष्मी नारायण के निदेर्शानुसार , राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने कॉलेज से समीपवर्ती गावों मे जाकर गोद लेने की कवायद शुरू किया , इसके लिए कई गावों अरमों, गांडेय, बरगद्दा, बोरियो दक्षिणी, भालतोंगरिया बस्ती, रेलवे कॉलोनी कथारा, उपरघाट कुरी आदि जगहों पर जाकर वास्तविक वस्तु स्थिति से परिचित हुए। पढ़ाई के साथ साथ विधार्थी समाज के विकास मे सक्रिय योगदान करेंगे। कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने बतलाया गोद लेने वाले गांव मे साक्षरता, स्वास्थ्य, पर्यावरण, बाल अधिकार संरक्षण, स्वच्छता एवम आर्थिक स्वावलंबन, लिंग भेदभाव, बालिका शिक्षा, सामाजिक कुरीतियां को दूर करने हेतु, प्राकृतिक खाद व्यवहार आदि मुद्दों पर कार्य किया जायेगा। दलित एवम अति पिछड़ा गांव के चुनाव करके वहां के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। गोद गांव के चयन करने के अभियान में कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार, नेहरू युवा केंद्र बेरमो के दीपक कुमार सिंह, स्वयं सेवक की उपस्थिति रही।

## वाहन दुर्घटना से संबंधित वादों के निष्पादन को लेकर पीडीजे ने की बैठक

**बोकारो ।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को वाहन दुर्घटना से संबंधित वादों को आगामी विशेष लोक अदालत में अधिकतम निस्तारण को लेकर बैठक की गई जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार सहित लगभग 22 बीमा कंपनियों के राज्य स्तरीय पदाधिकारी अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह अशोक कुमार पाल राजीव मालवीय डीके मिश्रा संजीव ओझा विकास तापड़िया अजय कुमार झा प्रमोद कुमार सिंह आरके शशि एवं सुश्री इंदु कुमारी उपस्थित थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सचिन जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनुज कुमार ने बताया कि बैठक के तहत वाहन दुर्घटना से संबंधित वादों का अधिकतम निस्तारण आगामी विशेष लोक अदालत जो 8 जून को आयोजित होगा उसमें करने का निर्णय लिया गया।

## मंच आज मनाएगा महाराणा प्रताप की जयंती

**बोकारो सिटी।** महाराणा प्रताप विचार मंच के मीडिया प्रभारी एवं महामंत्री अखिलेश कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि गुरुवार को सेक्टर चार स्थित वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल परिसर में महाराणा प्रताप की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें आम जनता मंच के पदाधिकारी सदस्य समाज के प्रत्येक समुदाय के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे इसके अलावा अन्य सामाजिक संगठन सहित सामाजिक मूल्य स्वाधीनता एवं संघर्ष के प्रति समर्पित पुरोधाओं के प्रति मुखर लोगों की उपस्थिति भी अपेक्षित है।

## गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 18 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से सात उम्मीदवारों का नामांकन रद्द होने के बाद 18 उम्मीदवारों के बीच चुनावी जंग होगी जिसमें कमल प्रसाद चंद्र प्रकाश चौधरी एनडीए उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मोहम्मद एनुअल अंसारी पप्पू कुमार निषाद प्रमोद राम शिवजी प्रसाद सुभाष कुमार ठाकुर ज्ञानेश्वर प्रसाद उषा देवी उषा सिंह कलावती देवी जयराम कुमार महतो द्वारिका प्रसाद लाल सुश्री पूजा कुमारी रामेश्वर दुसाध सुनीता टुडू सुबोध कुमार यादव गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव का मैदान में लड़ेंगे।

## अंतर जिला महिला अंडर-15 टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में डीएवी हेहल की प्रियांशी कुमारी का हरफनमौला प्रदर्शन



**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से बोकारो में आयोजित जिला महिला अंडर-15 टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची की छात्रा प्रियांशी कुमारी( कक्षा- ) ने रामगढ़ जिला के खिलाफ क्रिकेट टी-20 टूनार्मेंट में हरफनमौला प्रदर्शन किया है ।इस श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उसे झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से ?5000/-नकद प्रोत्साहन राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ।इस श्रेष्ठ उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस के मिश्रा ने प्रियांशी कुमारी को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि अब खेल मनोरंजन का ही नहीं बल्कि जीविकोपार्जन का साधन भी है ।इसलिए हर विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए ।इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक संजय मण्डल, एस एम अजीम,प्रोलोय कर्माकर एवं अमर नाथ तिवारी उपस्थित थे।

# बीसीसीएल अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

दबंग हिन्द संवाददाता

**धनबाद।** प्रबंधन, अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी/आईएसएम, धनबाद द्वारा प्रायोजित पांच दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम लॉन्च किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईटी/आईएसएम के कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर जेके पटनायक ने भाग लेने वाले बीसीसीएल अधिकारियों के अलावा कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बीसीसीएल के 12 विभिन्न क्षेत्रों एवं मुख्यालय के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए प्रोफेसर पटनायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर है। कोयले को ऊर्जा का गंदा स्त्रोत माना जाता है। अतः बहुत कम संख्या में खनन से सम्बंधित नई परियोजनाओं का वित्तपोषण होने की सम्भावना है। ऐसी परिस्थिति में कोयला कंपनियों के लिए नई परियोजनाओं हेतु वित्त के नये स्त्रोत



खोजना अनिवार्य है। प्रोफेसर पटनायक ने कहा कि इस संदर्भ में यहां दिया जा रहा प्रशिक्षण काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण के वैकल्पिक स्त्रोत का पता लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान निर्धारित सत्र दोतरफा संचार तंत्र में आयोजित किये जाएंगे, जिससे प्रतिभागी सैद्धांतिक पहलुओं को सीखने के अलावा प्रशिक्षकों और अन्य प्रशिक्षुओं के साथ अपने क्षेत्र का अनुभव भी साझा करेंगे। ईडीपी परियोजना और वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में नवीनतम विकास के साथ भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के शीर्ष और मध्य प्रबंधन को प्रशिक्षित करने की दिशा में यह एक कदम है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को कोयला खनन और परियोजना प्रबंधन के क्षेत्र में नवीनतम विकास से अवगत कराना और अत्याधुनिक परियोजना और सिमुलेशन सॉफ्टवेयर के साथ व्यावहारिक अनुप्रयोगों को सीखना है।

5 दिवसीय प्रशिक्षण में बीसीसीएल से वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक और उप प्रबंधक स्तर के लगभग 20 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। विभाग ने पहले ईसीएल, सीसीएल, एनसीएल, डब्ल्यूसीएल, एसईसीएल, कोल इंडिया, एनएचपीसी, टाटा स्टील आदि जैसी सभी कोयला कंपनियों के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये हैं। प्रोफेसर रश्मि सिंह ने कोयला खनन क्षेत्र में नवीनतम अत्याधुनिक सॉफ्टवेयरों के साथ प्रभावी परियोजना प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कोयला खनन क्षेत्र की उत्पादक दक्षता केवल क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों के लिए ऐसे क्षमता निर्माण कार्यक्रमों द्वारा ही बढ़ाई जा सकती है। प्रोफेसर संदीप मंडल ने कार्यक्रम की सामग्री पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर सागर पाल डीन आरएंडडी ने संस्थान की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के बारे में बात रखी। प्रोफेसर आरएम भट्टाचार्य डीन आईआरएए ने सुरक्षा और नियामक मुद्दों की जानकारी दी। प्रोफेसर विभाष चंद्र ने विभागीय गतिविधियों के बारे में बात रखी।

## कार्मेल स्कूल में एएसआईएससी आंचलिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न



दबंग हिन्द संवाददाता

**जोड़ापोखर।** कार्मेल स्कूल डिगवाडीह के सभागार में आज एएसआईएससी आंचलिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ईश्वर का स्मरण और विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सिस्टर प्रिस्का डिमेलो, प्राथमिक समन्वयक सिस्टर सुशीला लकड़ा और बीआईटी सिंदरी टीम के सदस्य सैय्यद अदनान अहमद, शिवांगी कुमारी, युविका गुप्ता, आकिब आफताब द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रतियोगिता का संचालन सोम चक्रवर्ती और शर्मिष्ठा चक्रवर्ती ने किया। प्रतियोगिता में तेरह विद्यालयों के छब्बीस विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को छह राउंड में विभाजित किया गया था। उप प्रधानाचार्या सिस्टर पिस्का डिमेलो ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। टीम लीडर सैय्यद अदनान अहमद ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में सहभागिता करना विद्यार्थी के लिए अहम होता है। उन्होंने टीमों को भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डिनोबिली स्कूल सीटीपीएस चंद्रपुरा तथा द्वितीय स्थान डिनोबिली स्कूल सीएमआरआई धनबाद रहा। प्रथम स्थान पाने वाला विद्यालय क्षेत्रीय स्तर पर चयनित हुआ। मौके पर सभी सिस्टर तथा शिक्षक उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

दबंग हिन्द संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार आज बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा लोकसभा आम चुनाव के निमित आज बलियापुर प्रखंड अंतर्गत चिन्हित इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। इस क्रम मंस इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम उर्दू मध्य विद्यालय सिंगियाटांड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोदी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कमाटांड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदकुइया में चिन्हित इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के कक्ष का निरीक्षण कर उन्होंने कमरे की सफाई व व्हाइट वास करने का निर्देश संबंधित प्रधानाध्यापक को दिया। इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में मैन्युअल अनुरूप सभी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।



सभी इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में एएमएफ की सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को समय पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त संबंधित पंचायत सचिव एवं बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ बैठक कर चिन्हित वेलनरेबुल मतदान केंद्र 277, 278 एवं 303 में सभी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित पंचायत सचिव, बीएलओ, पर्यवेक्षक को दिया गया। साथ ही वेलनेबुल मतदान केंद्रों में मतदाताओं से लगातार मिलकर एवं जागरूकता कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया। आज के भ्रमण में संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## बरगंडा-सिरसिया मार्ग स्थित उसरी नदी पर पुल बनकर तैयार

**गिरिडीह।** पुल के लिए बे समय से प्रतीक्षारत शहर की बड़ी आबादी को अगले माह से बरगंडा-सिरसिया मार्ग स्थित उसरी नदी पर नये पुल का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। ठेकेदार ने पुल का निर्माण पूरा कर दिया है। पुल के दोनों ओर कनेक्टिंग रोड का निर्माण चालू है। अगले एक माह में आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही इसका उद्घाटन कर इसे चालू कर दिया जाएगा। करीब 6.57 करोड़ की लागत से बने इस पुल के दोनों ओर कनेक्टिंग रोड के निर्माण का काम अंतिम चरण में है। ठेकेदार के कर्मियों का कहना है कि पुल निर्माण पूरा हो गया है। कनेक्टिंग रोड निर्माण के बाद साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम पूरा होते ही पुल को विभाग के हवाले कर इसके उद्घाटन की स्वीकृति दे दी जाएगी।

## 16 मई को गिरिडीह आयेंगे पीएम मोदी, बिरनी में करेंगे चुनावी सभा




दबंग हिन्द संवाददाता

**गिरिडीह।** देश में लोकसभा चुनाव चल रहा है। चुनाव को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 मई को गिरिडीह पहुंचेंगे और बिरनी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के आगमन को लेकर भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेताओं में उत्साह है। कार्यकर्ता क्षेत्र की जनता से पीएम के चुनावी सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील कर रहे हैं। जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने बताया कि पीएम कोडरमा की धरती बिरनी के पेशम से कोडरमा, गिरिडीह और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम की सभा को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित हैं और हजारों मतदाता पीएम मोदी को सुनने के लिए पेशम पहुंचेंगे। उन्होंने बताया गया कि 16 मई को पीएम मोदी सुबह 9 बजे सभा स्थल पर पहुंचेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे।

## तबादला और पुनर्वास में भेदभाव के खिलाफ कोलियरी पीओ का घेराव



दबंग हिन्द संवाददाता

**भौंरा।** आचार संहिता लागू होने के बावजूद भौंरा साउथ व नार्थ कोलियरी के विभिन्न विभागों से करीब 20 कर्मियों को फोर पैच आउटसोर्सिंग परियोजना में ट्रांसफर करने व भू-धंसान प्रभावित 12 नंबर के लोगों के साथ पुनर्वास में भेदभाव करने के खिलाफ आज मजदूरों व प्रभावित लोगों ने कोलियरी के पीओ का घेराव किया। इस दौरान प्रबंधन व आरसीएमएस के नेताओं के बीच जमकर नोंकझोंक हुई। संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष कालीचरण यादव ने कहा कि यूनियन प्रतिनिधियों के सलाह लिये बगैर प्रबन्धन ने अचानक 20 मजदूरों का ट्रांसफर कर दिया, जो चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। प्रबन्धन भू-धंसान प्रभावित 12 नंबर के लोगों के पुनर्वास में भेदभाव कर रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पीओ बीके पांडेय ने कहा कि चुनाव तक ट्रांसफर स्थगित रहेगा। यूनियन नेताओं के सुझाव पर मजदूरों का ट्रांसफर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 12 नंबर के लोगों का पुनर्वास अंतिम चरण में है। शेष बचे लोगों को जल्द सुरक्षित जगह पर बसा दिया जायेगा। वार्ता में पीओ के अलावा, केसी यादव, राजकिशोर सिंह, प्रेम तिवारी, मुन्ना यादव, साधु पासवान, श्रीराम गुप्ता आदि शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर पीड़ित बच्चों में अल्पहार वितरित

दबंग हिन्द संवाददाता

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर गिरिडीह सदर अस्पताल में आये थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों के बीच श्रेय क्लब की टीम ने चॉकलेट, बिस्किट एवं अल्पाहार का वितरण किया। इस कार्य हेतु क्लब के सक्रिय सदस्य अवनीश सिन्हा, विशाल कुमार एवं रक्त अधिकोष के एजाज अहमद ने आपसी सहयोग कर सामग्री उपलब्ध कराई एवं बच्चों में



वितरित किया। ज्ञात हो कि गिरिडीह में डेढ़ सौ से ज्यादा थैलेसीमिया ग्रसित बच्चे हैं, जिन्हें हर माह एक से दो यूनिट तक रक्त की आवश्यकता पड़ती है। इन बच्चों के लिए अलग-अलग संस्थाओं के साथ श्रेय क्लब भी 20 वर्षों से निरंतर रक्तदा कर रहा है, ताकि इन बच्चों की जिंदगी बची रहे। आज गिरिडीह सदर अस्पताल आये सभी बच्चों को रक्त केंद्र से रक्त उपलब्ध हुआ। अल्पाहार वितरण के बाद श्रेय क्लब के सचिव रमेश यादव ने गिरिडीह के लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान करते रहें, ताकि इन बच्चों की जिंदगी निरन्तर चलती रहे।

## अनुपमा सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान

धनबाद। धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष पूनम देवी ने हीरापुर, अंबेडकर नगर, विनोद नगर, भिस्तीपाडा, गजुवाटांड, शिव शक्ति नगर नियर लॉ कॉलेज, लाहबनी, धैया सहित धनबाद नगर के विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया, जिसमें सैंकड़ों महिलाएं शामिल हुई। श्रीमती पूनम देवी ने कहा कि अनुपमा सिंह को जनता का अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है। चुनाव जीतने के बाद अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकाश के लिए ईमानदारी से साथ काम करेंगी।

## झारखंड पूरे विश्व की खनिज सम्पदा की राजधानी के समान : राजकुमार राज

दबंग हिन्द संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने कहा है कि झारखंड देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व की खनिज संपदाओं की राजधानी जैसा है। यह भूमि धन संपदाओं के लिए स्वर्ग है। यदि ईमानदारी से बेहतर नीति-निर्माण कर और रणनीति से झारखंड का विकास किया जाये, तो यह देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के मानचित्र पर सबसे विकसित और उन्नत क्षेत्र होगा। यहां के लोग दुनिया के सबसे खुशहाल होंगे। श्री राज ने कहा कि हमारा दुर्भाग्य है कि झारखण्ड गरीबी में लगभग सबसे निचले पायदान पर बना हुआ है। बेरोजगारी, विस्थापन,



पलायन और भ्रष्टाचार झारखंड की पहचान बन गयी है। इससे मुक्ति के लिए जरूरी है कि एनडीए को प्रचंड बहुमत दें, ताकि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार बन सके।

## ठनका गिरने से एक महिला की मौत, दो घायल

दबंग हिन्द संवाददाता

**पुटकी।** लोयाबाद कोक प्लांट स्थित ऊपर धौड़ा में बीती दार शाम करीब आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो महिलायें घायल हो गयीं। एक ही परिवार की तीनों महिलाएं शौच के लिए मुहल्ले के निकट कंचन फुटबॉल मैदान की ओर जा रही थीं कि तभी तेज गरज के साथ बिजली चमकी, जिसकी चपेट में तीनों आ गयी। इस घटना में लालमोहन पासवान की पत्नी बुरी तरह झुलस गयी तथा दो अन्य घायलों में ईश्वर पासवान व दिनेश पासवान की पत्नी हैं। गंभीर रूप से जख्मी



लालमोहन पासवान की पत्नी पूनम देवी को बेहोशी की हालत में एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया, लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गयी। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## गिरिडीह सीट पर 25 में 7 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द

दबंग हिन्द संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीद् वारों के नामांकन की स्क्रूटनी हुई। कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था। इनमें सात के नामांकन को अयोग्य पाते हुए रद्द कर दिया गया। अब सिर्फ 18 उम्मीदवार मैदान में रह गये हैं। नामांकन रद्द होने वालों में मंडरो पिपराटांड़ के निर्दलीय धीरन मोदक, नावाडीह पपलो के राष्ट्रीय मजदूर एकता के नारायण गिरि, कसमार निवासी व निर्दलीय इमाम सफी, कोयरीडीह धनबाद के निर्दलीय राकेश रोशन, तोपचांची धनबाद के निर्दलीय राजा हक, हरिहरपुर धनबाद के ऑल




इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जयराम महतो, बेंगाबाद के निर्दलीय तुलसी महतो शामिल हैं। जिन प्रत्याशियों का नामांकन वैध पाया गया, उसमें बसपा के कमल प्रसाद, आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी, झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो, बहुजन मुक्ति पार्टी के ऐनुल अंसारी, भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी के पप्पू कुमार निषाद, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के प्रमोद राम, राइट टू रिकॉल पार्टी के शिवजी प्रसाद, सर्व समाज पार्टी के सुभाष कुमार ठाकुर, लोकहित अधिकार पार्टी के ज्ञानेश्वर प्रसाद, निर्दलीय उषा देवी, कलावती देवी, जयराम कुमार महतो, द्वारिका प्रसाद लाला, पूजा कुमारी, रामेश्वर दुसाध, सुनीता टुडु और सुबोध कुमार यादव शामिल हैं। गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि नाम वापस लेने की तिथि 9 मई है। इसके बाद पता चलेगा कि कितने प्रत्याशी मैदान में रहेंगे।

# एक नजर

## आयुष फाउंडेशन आयोजित करेगा ऑनलाइन ड्राइंग कॉम्पिटिशन

**धनबाद।** मदर्स डे के उपलक्ष्य पर आयुष फाउंडेशन धनबाद ऑनलाइन ड्राइंग कॉम्पिटिशन करायेगा। कॉम्पिटिशन को 5 अलग-अलग आयु वर्गों में बांटा गया है। सभी




पार्टिसिपेंट्स को ई-सर्टिफिकेट और सभी वर्गों के तीन-तीन विजेताओं को सम्मान समारोह में सर्टिफिकेट और प्राइज देकर सम्मानित किया जाएगा। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष आर्टिस्ट गणेश शर्मा ने बताया कि अगर किसी की पेंटिंग निर्णायक मंडली को बहुत पसंद आयी, तो उनको स्पेशल प्राइज दिया जायेगा। कॉम्पिटिशन में पार्टिसिपेट करने के लिए गूगल फॉर्म में सम्पूर्ण जानकारी सह पेंटिंग अपलोड करना होगा। पेंटिंग जमा करने की आखरी तारीख 10 मई रात्रि 11 बजे तक है। उक्त जानकारी सचिव अर्पिता अग्रवाल ने मीडिया से साझा की है।

## डिनोबिली स्कूल मैथन की अर्चिता ने रौशन किया नाम



**मैथन।** डीनोबीली स्कूल के आईसीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम में दसवीं कक्षा की मैथन की बेटी अर्चिता साहू ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में चौथा टॉपर बन कर मैथन तथा अपने माता-पिता का नाम रौशन किया है।अर्चिता की उपलब्धि पर लोगों द्वारा विभिन्न माध्यमों से शुभकामनाएं दी जा रही हैं। अर्चिता अपने परिवार संग आनंद नगर में निवास करती है। अपनी उपलब्धि का श्रेय वो खुद को, ट्यूशन शिक्षक, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा अपने माता-पिता को दिया है।अर्चिता के पिता अमरनाथ साहू पेशे से व्यवसायी हैं, जबकि माता श्रीमती अर्चना साहू साधारण गृहिणी हैं। अर्चिता ने बताया कि आगे की पढ़ाई वह वाणिज्य संकाय से कर चार्टेड अकाउंटेंट की तैयारी के साथ और अधिक परिश्रम कर प्रथम स्कूल टॉपर होने का प्रयास करेगी।

## पुटकी चेम्बर ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**पुटकी।** पुटकी चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा अध्यक्ष हीरा शर्मा के नेतृत्व में आज पुटकी चेम्बर कार्यालय से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। पुटकी कोलियरी गेट से




निकली रैली पुटकी थाना मोड़ तक गयी और पुनः पुटकी मोड़ आकर समाप्त हुई। रैली में चेम्बर के सदस्यों द्वारा ह्लपहले मतदान फिर जलपानह्न का नारा लगाते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। अभियान में पुटकी चेम्बर अध्यक्ष हीरा शर्मा, महासचिव मुर्तजा अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष शाहरुख खान, राजू अंसारी, केदार बर्णवाल, सुनील सोनी, बबलू बर्णवाल, संजय रजक, निरंजन शर्मा, हुकुम चन्द्र अग्रवाल व अन्य सदस्य मौजूद थे।

## भूमिहीन किसानों को पुनर्वास और मुआवजा का अधिकार : चन्द्रशेखर

**पुटकी।** किसानों द्वारा पुटकी 13 नंबर सब्जी बागान के किसानों पर किये गये मुकदमा व आउटसोर्सिंग द्वारा मलबा गिराने को लेकर बैठक रखी गई। कोलियरी श्रमिक संघ



के संयुक्त महामंत्री चन्द्रशेखर पाठक ने कहा कि बगैर पूर्व सूचना के अलाउद्दीन खान के सब्जी बागान में अचानक मलबा गिराना मानवता के खिलाफ है। यहां सरकार और मानवता के बीच संघर्ष की स्थिति बन गई है। बगैर पुनर्वास, रोजगार एवं उचित मुआवजा के विस्थापन की कोशिश करना विधि के विरुद्ध है। मौके पर कोलियरी श्रमिक संघ के उमेश राम, इम्तियाज अहमद, संजय कुशवाहा, कृष्णा पासवान, हरेंद्र भगत, धर्म भगत, भरत भगत, जितेंद्र भगत, राधिका देवी, सुनीता देवी, नूरजहां खातुन, अखिलेश भगत, पंचा पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

## व्यय प्रेक्षक ने किया बोकारो और चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र का दौरा

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्ति व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार द्वारा आज बोकारो स्थित व्यय



अनुश्रवण कोषांग का निरीक्षण कर समीक्षा की गया। व्यय प्रेक्षक ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्रवार अंकेक्षण टीम द्वारा अब तक किये गये कार्यों से संबंधित अभिलेखों की जांच कर प्रचार, सभा, रैली, जुलूस द्वारा किये जा रहे चुनाव प्रचार से संबंधित सभी प्रकार के खर्चों का अंकेक्षण कर दैनिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान व्यय आनंद कुमार ने व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा गठित स्थैतिक जांच दल तथा उड़न दस्ता दल के अतिरिक्त वीडियो सर्विलांस टीम एवं वीडियो व्यूइंग टीम द्वारा सभी प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने हेतु निर्देश दिया।

## रक्षा काली पूजा में उमड़े श्रद्धालु

**धनबाद।** रामपुर स्थित मां रक्षा काली मंदिर में बीती रात काली पूजा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां रक्षा काली की विधिवत पूजा कर परिवार में सुख व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके पूर्व दोपहर में श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर तालाब व नदी में स्नान कर दंडवत करते हुए मां काली के दरबार में आये और मत्था टेका। पूजनोत्सव के बाद प्रसाद वितरण किया गया। पूजनोत्सव को लेकर मंदिर में भव्य विद्युत सज्जा की गई थी। पुजारी सुकुमार बनर्जी ने सभी अनुष्ठान संपन्न कराया। 15

## सीओ-टू गैस रिसाव से कर्मियों में दहशत

**भौंरा।** पूर्वी झरिया क्षेत्र के भौंरा पावर हाउस के बगल में बीती रात बारिश के बाद पावर हाउस के स्विच रूम के बगल में अचानक सीओ-2 गैस का रिसाव शुरू हो गया। बगल में सब स्टेशन भी है। गैस की दुर्गंध से बिजली कर्मियों में दहशत फैल गया। कर्मी वहां से भाग कर मेन गेट के पास पहुंचे। सूचना पाकर पहुंचे प्लांट के विद्युत अभियंता विवेक कुमार सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी उच्च प्रबंधन को दी। प्रबंधन द्वारा तत्काल गैस रिसाव स्थल पर मिट्टी और बालू डालकर भराई का काम शुरू कर दिया गया। बीते रविवार को भी अचानक गैस रिसाव की घटना घटी थी। उस वक्त प्रबंधन ने आनन-फानन में बालू व मिट्टी से गैस रिसाव स्थल की भराई करायी थी, लेकिन बीती रात दुबारा उसी स्थान पर गैस रिसाव शुरू हो गया। साधु पासवान सहित दर्जनों कर्मियों ने बताया कि प्रबंधन कर्मियों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। दस दिन पूर्व ठीक से भराई नहीं होने के कारण पुनः उसी स्थान से गैस का रिसाव शुरू हो गया। बिजली कर्मियों ने मिलकर प्लांट में एक कमरा बनवाया। उसमें प्रबंधन ने ताला लगवा दिया। पहले लोहा व केबल चोरों की मार झेल रहे थे और अब गैस ने परेशान कर दिया है। प्रबंधन गैस बंद करने के लिए ठोस कदम उठाये या प्लांट सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करे, अन्यथा जोरदार आंदोलन होगा।

# नई संस्कृति सोसायटी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नई संस्कृति सोसायटी ने बुधवार को मेदिनीनगर के शहर के विभिन्न चौक चौराहों हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित तख्तियों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम चलाया। साथ ही साथ ट्रैफिक के नियमो को पालन करने और हेल्मेट पहनने की सलाह भी इन्हीं तख्तियों के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है यह वही समय है जब हम अपने राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करते हैं ऐसे में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना हम सभी लोगों का दायित्व बन जाता है। इन्हीं सोच के साथ नई संस्कृति सोसाइटी के बैनर तले हम सभी ने यह कार्यक्रम बनाया है और शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर ही नहीं बल्कि गांव टोले मोहल्ले और अन्यत्र सभी जगह पर हम सभी लोग जाएंगे और मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने का भरपूर प्रयास करेंगे। संस्था के उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने बताया कि हम सभी के अंदर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हो रहा है, हम



सभी लोग लोकतंत्र के इस त्यौहार को जबरदस्त तरीके से मनाने का हवन करते हैं और सभी लोगों को मतदान अवश्य करने की सलाह दे रहे हैं। नई संस्कृति सोसायटी की प्रबंधक चंदा कुमारी ने कहा कि हम आज ही नहीं बल्कि 13 तारीख तक इस कार्यक्रम को निरंतर सभी गांव टोले मोहल्ले में जा जाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संचालित करेंगे और लोगों के अंदर मतदान क्यों जरूरी है इसका संचार करेंगे। उक्त अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे सचिव अजीत कुमार पाठक प्रबंधक चंदा कुमारी हिमांशु त्रिवेदी उदय कुमार झा संदीप प्रसाद गुप्ता सुधाकर गोपाल कृष्ण तिवारी दिवाकर मिश्रा पंकज निराला अंकित कुमार दिव्यांशु कुमार सुरेश अग्रवाल उत्कर्ष कुमार झा श्रद्धा कुमारी सहित अन्य कार्यकताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# इंडिया गठबंधन उम्मीदवार केएन त्रिपाठी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

## कहा मोदी सरकार आदिवासियो की जमीन छीन कर गिने चुने उद्योग पतियों को दे रही है

दबंग हिन्द,संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** बुधवार को इंडिया गठबंधन से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी ने टंडवा प्रखंड क्षेत्र के दर्जनो गांवों का तूफानी दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया। श्री त्रिपाठी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रखंड के रक्सी, बुकरू, लेंबुआ, पदमपुर, चेपा, रोल, रहमत नगर, मिश्रौल, तेलियाडीह, खधैया, सनहा, उर्दा, खैल्हा, वृंदा, सेरनदाग, उडसू, राहम, कामता, गोंदा, बडगांव, डहु, बहेरा, कल्याणपुर, उपकापानी, सराड़ू, कोयद, सोपारम आदि गांवों में लोगों से मिलकर अपने पक्ष में हाथ छाप में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान श्री त्रिपाठी सूईयाटांड में आयोजित जनसभा में शामिल हुए। जहां आदिवासी व सरना समाज के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र व सविधान समेत



दलित, आदिवासी एवं पिछड़ो को सविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण बचाने का चुनाव है। युवा भविष्य, महिलाएं सम्मान को लेकर मतदान करे। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासी समाज को वनवासी समझती है और मोदी सरकार आदिवासियों की जल जंगल जमीन को छीन कर गिने चुने उद्योगपतियों को देना चाहती है। आगे कहा की चतरा लोकसभा से जितने भी प्रतिनिधि चुनकर गए मूकदर्शक बने रहे। ये लोग चतरा के विकास के लिए अपने हिस्से की धन राशि भी नही ला सके। क्षेत्र भ्रमण में पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, झामुमो नेता मनोज चंद्रा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह जिप सदस्य सुभाष यादव, उपप्रमुख जितेंद्र सिंह, नीरज तिवारी, चंद्रदेव साहू, दुलारचंद साहू, मुखिया सुबेश राम, महावीर साहू, मो. आशिक, सुगन साहू, शारदा देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी आदि शामिल थे।

# चंद्रवंशी का अपमान करना मनोज तिवारी को भारी पड़ेगा: विकास उर्फ विक्की चंद्रवंशी

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष विकास चंद्रवंशी ने मनोज तिवारी के बयान का विरोध करते हुए कहा कि मोदी जी के नाम पर जीने वाले कुछ प्रत्याशी आज अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं । दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी का आज का बयान हम सभी के लिए उचित नही है ।किसी भी जाति का अपमान करना सही बात नहीं है। आप आज कुर्सी पर बैठे हैं तो आप अपना अस्तित्व अपना पीछे झांक कर देखिए आप एक नचनिया हुआ करते थे और अपना अस्तित्व भूल गए ।आज मोदी है कि आप जिंदा हैं और आपका अस्तित्व बचा है हिंदू का एवं ब्राह्मण समाज का आप देख लीजिए जितने भी मंदिर में जितने ब्राह्मणों का अपमान हुआ यह आज मनोज तिवारी भूल गए आज जो शब्द का उपयोग किए हैं इतने बड़े पार्टी में रहकर और कुर्सी का



लिहाजा नहीं रखते हुए किसी भी जाति का अपमान करना और खास कर दिल्ली जैसे शहरों के सांसद पद पर रहते हुए ऐसी बयानबाजी मनोज तिवारी के लिए सही नही है। आप सांसद हैं आपकी भाषण मर्यादित होनी चाहिए आपको सर्व समाज को लेकर साथ चलना चाहिए तभी आप लंबे समय तक राजनीति में टिके रह सकते हैं परंतु इसके ठीक विपरीत आपने किसी खास समाज को टारगेट करके अपने लिए मुश्किल खड़ा कर दिया है मैं निश्चित तौर पर आपके संसदीय क्षेत्र के अपने समाज के लोगों से आग्रह करूंगा कि वे सभी आपका बहिष्कार करें। हम लोगों ने कभी भी किसी ब्राह्मण या किसी अन्य जाति का अपमान नहीं किया है। सदैव दूसरी जातियों को समय-समय पर मान सम्मान दिया है ।आपका ऐसा बयान आपकी निजी सहित पार्टी की भी क्षति है ।मोदी जी को देखकर तीसरा बार भी प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिए हैं मगर ऐसे ऐसे प्रत्याशी की वजह से अलग अलग परिणाम आ सकता है । मैं भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारीयों से आग्रह करूंगा कि इस बेतुके बयान के लिए मनोज तिवारी को यथाशीघ्र अपने पार्टी से निष्कासित करें। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजयचंद्रवंशी, जिला सचिव रंजीत चंद्रवंशी , अमित चंदेल, गुड्डू चंद्रवंशी , भुट्टो चंद्रवंशी , आनंद चंद्रवंशी समेत अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायक पहुंचे मयूरहंड, कार्यकताओं को दी जिम्मेवारी

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** सिमरिया के भाजपा विधायक किसुन कुमार दास आगामी 11मई को सिमरिया-मुरवे मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को मयूरहंड प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने पर गहन विचार विमर्श करते हुए दस पंचायतों के शक्ति केंद्र और पंचायत प्रभारियों, संयोजकों, बूथ अध्यक्षों और प्रखंड प्रभारी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से सिमरिया विधायक ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए भारी संख्या में सिमरिया चलो का नारा देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा कार्यकताओं के



बीच बुलंद किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को पांच लाख वोटों से विजय दिलाने की बात कही। बैठक में कार्यकताओं ने भी भाजपा प्रत्याशी को पांच लाख वोटों से जिताने का संकल्प लिया। इसके लिए हर घर तक जाने और शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को बूथ तक ले जाने और मतदान कराने की जिम्मेवारी शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक, बूथ अध्यक्षों ने लिया। बैठक में मंडल के चुनाव पर्यवेक्षक रसिक शिरोमणि, बसंत नारायण सिंह, पूर्व विधायक प्रत्याशी सुजीत भारती, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, पिंटू सिंह, परमानंद सिंह, नित्यानंद सिंह व आदित्य सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिश्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया ।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक जांच की गई ।वही वाहन जांच के क्रम में बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड 23 मोटरसाइकिल को जब्त कर उसे सुरक्षार्थ हेतु शहर थाना में रखा गया ।इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी वाहनों को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेज दिया गया है ।ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड पकड़े गए वाहनों से 23000 हजार रुपए का फाइन वसूला गया है। वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया की हर दिन लोगो को हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने की सलाह दी जाती है और ट्रिपल लोड चलने से मना किया जाता है। उसके बाद भी लोग मानने को



तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस का चालान काटना मकसद नहीं है, बल्कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। क्योंकि अधिकतर देखा गया है कि अधिक दुर्घटनाएं बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग करने से हो रही हैं। इस पर ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक किया और कानून का उल्लंघन करने वाले लोगो के चालान भी किए गए।

# कपड़ा व्यवसायी से पांच लाख की रंगदारी की मांग

## नहीं देने पर गोली मारने की चेतावनी

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत ठाकुरबाड़ी मंदिर के नजदीक छत्तरपुर निवासी व्यवसायी रितेश कुमार आनंद उर्फ राजा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। खाटिन निवासी संतोष गुप्ता को गोली मारने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि एक और व्यवसायी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है ।अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर यह धमकी दी गयी है। व्यवसायी रितेश ने मंगलवार को बताया कि फोन पर धमकी देते हुए 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गयी है। नहीं देने पर शाम तक गोली मारने की चेतावनी दी गयी है। इस मामले के लिए छत्तरपुर थाना में आवेदन देकर थाना प्रभारी से जानमाल की गुहार लगायी है ।ठाकुरबाड़ी मंदिर बस स्टैंड के कपड़ा व्यवसायी रितेश कुमार आनंद ने अपने परिजनों पर धमकी दिलवाने के आरोप लगाया है। आवेदन में



उन्होंने बताया है कि 6 मई 2024 को सुबह 9.35 बजे मोबाइल नंबर 8864077366 से उसके मोबाइल नंबर 7992344513 पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 5 लाख रंगदारी की मांग की गयी। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी ।उन्होंने लिखा है कि चाची सुमन गुप्ता पति संतोष कुमार गुप्ता से जमीन विवाद में पांच मई को बीच विवाद हुआ था। उन्होंने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा है कि हमारी हत्या कभी भी ये लोग करा सकते हैं, इसलिए थाना प्रभारी से त्वरित जांच-पड़ताल कर कर दोषियों पर करवाई करने का आग्रह किया है।

# सतबरवा में इंडिया गठबंधन की बैठक संपन्न



दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सतबरवा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पलामू से राजद के ममता भुईयां व चतरा से कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को विजयी बनाने को लेकर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं के साथ बैठक की ।कार्यकताओं को सम्बोधित करते मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि पलामू व चतरा सीट पर इंडिया गठबंधन की जीत भारी बहुमत से हो रही है, आप सभी घर झ घर जा कर लोगों को बताने का कार्य करें की ,इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख रुपए प्रत्येक वर्ष मिलेगा, लोगों को सरकारी नौकरी मिलेगी, किसानों को लोन माफ होगा, किसानों को उनका हक मिलेगा,शिक्षा , स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था होगी। भाजपा गरीब, गुरबों के अधिकारों को खत्म करना चाहती है ।सतबरवा प्रखंड में दो लोकसभा क्षेत्र पलामू व चतरा है। दोनों जगहों पर मिल जुलकर गठबंधन के लोग काम करें ।इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, मनोज भुईयां समेत कई लोग शामिल थे।

# आंधी तूफान में गरीब का घर ध्वस्त, अंचल से लगाई मदद की गुहार



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पहरा निवासी शारदा कुमारी पांडेय पति सतीश कुमार पांडेय का घर बीते मंगलवार शाम में अचानक आए आंधी तूफान में करकटनुमा घर उड़ कर ध्वस्त हो गया। घर ध्वस्त होने से महिला का पुरा परिवार बेघर हो गया है। महिला अत्यंत गरीब है और रहने का दूसरा कोई सुविधा नहीं है। महिला ने आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाले लाभ को लेकर अंचलाधिकारी राकेश सहाय को आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि दो छोटे-छोटे बच्चे के साथ वृद्ध सास-ससुर भी हैं। जबकी महिला के पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। जिससे जीविका चलता है। ऐसे में फिलहाल महिला परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दूसरे के घर में रहने को मजबूर है।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर अपर समाहर्ता ने किया झंडोतोलन



दबंग हिन्द,संवाददाता


**चतरा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी भवन चतरा में बुधवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित अपर समाहर्ता अरविंद कुमार का स्वागत रेड क्रॉस के सचिव धर्मेन्द्र पाठक ने बुके देकर किया। कार्यक्रम का आगाज एसी ने झंडोतोलन कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेट थे। इसका मुख्यालय जेनेवा स्वीटीजरलैंड में है। इसका एकमात्र उद्देश्य आपातकाल अथवा आपदा के दौरान पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में रेड क्रॉस के 700 संस्थाएं हैं। उन्होंने आगे कहा कि रेड क्रॉस के आप सभी सदस्य हैं और इसमें आपको मानव सेवा करने का अवसर मिला है जो गर्व की बात है। मौके पर रेड क्रॉस के सचिव के साथ, मेडिकल इंचार्ज डॉ. विजय अग्रवाल, रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष गोपाल वर्मा, डीएवी के प्राचार्य डॉ. सैयद एजाज अहमद, पंकज दुबे, जीएनएम जयंती कुमारी, सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी, लैब टेक्नीशियन सुमन कुमारी, विजय कुमार, एमपीडब्ल्यू रत्नेश कुमार, तपेश्वसर सोनी, किरण देवी आदि उपस्थित थे।

# तेज आंधी तूफान बारिश व ओले ने मचाई तबाही

## 24 घंटे से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप

दबंग हिन्द,संवाददाता

**गिद्धौर/पत्थलगड़ा(चतरा)।** जिले के गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में बीते शाम अचानक आए तेज आंधी व बारिश के साथ पड़े ओले ने विभिन्न विद्यालय में लगे सोलर सिस्टम, सिंटेक्स के साथ दर्जनों करकटनुमा मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार गिद्धौर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जमुआ में बना शौचालय तेज आंधी में पेड़ के गिरा जाने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूपिन में लगे सोलर प्लेट, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बायं में लगा सोलर सिस्टम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा में लगा सोलर सिस्टम नल क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही पहरा में लगा पानी का सिंटेक्स टंकी उड़कर नीचे गिर गया है। वहीं पत्थलगड़ा निवासी दुलारचंद दांगी का करकटनुमा घर भीषण आंधी में क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान दर्जनों करकटनुमा मकान क्षतिग्रस्त हो गए, तो कई झोपड़ियां भी आंधी में तहस नहस हो गई। वहीं तेज आंधी के चलते कई जगह बिजली के तार भी टूट गए जिससे सिमरिया,



लावालौंग व पत्थलगड़ा आदि प्रखंड में 36 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित है। हालांकी बिजली विभाग के कर्मी फॉल्ट को ठीक करने में बुधवार देर शाम तक लगे हुए थे।

# मनरेगा लोकपाल ने येजनाओं का निरीक्षण किया, संबंधितों को दिए कई अवश्यक दिशा निर्देश



**गिद्धौर(चतरा):** मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान बुधवार को गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न गावों का भ्रमण कर योजनाओं का निरीक्षण किया। लोकपाल ने प्रखंड के गिद्धौर, मंझगांवां व पिंडारकोंण में आम बागवानी, दीदी वाड़ी, बिरसा सिंचाई कूप आदि मनरेगा के तहत संचालित दर्जनों योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान लोकपाल ने कूप लाभुकों से जल्द से जल्द कूप निर्माण कार्य पूर्ण करने एवं प्राक्कलन के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रोजगार सेवक को निर्देश दिया की मनरेगा से हर किसी को जोड़ते हुए मनरेगा मजदूरों को रोजगार देने व अन्य प्रदेशों में पलायन होने से रोकने की बात कही। निरीक्षण के दौरान रोजगार सेवक सतेंद्र कुमार वर्मा समेत संबंधित लाभुक उपस्थित थे।

## एक नजर

# कजरी रेलवे स्टेशन के समीप मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार को पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह किसी व्यक्ति ने पड़वा थाना की पुलिस को सूचना दिया कि कजरी रेलवे स्टेशन के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पड़वा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने आम जनों से आग्रह किया है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस अज्ञात व्यक्ति के परिजनों के बारे में जानकारी मिले तो इसकी सूचना पुलिस को दे। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस भी अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने में जुट गई है।

# पीएम के कार्यक्रम को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं की इटखोरी में हुई बैठक



**इटखोरी (चतरा)।** बुधवार को करनी रोड स्थित भाजपा कार्यकर्ताओं की इटखोरी प्रखंड कार्यालय में सिमरिया में 11 मे पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक प्रखंड प्रभारी शालिग्राम सिंह एवं गोविंद राम दांगी उपस्थिति में किया गया। बैठक में बारी-बारी से पंचायत संयोजक, सहसंयोजक एवं प्रभारी से राय लिया गया और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने की बात कही गई। देव कुमार सिंह ने कहा कि हर पंचायत से एक बस एवं एक बोलेरो की व्यवस्था दी जाएगी। जिसमें हमारी जिम्मेवारी है कि सभी कार्यकर्ताओं को ससम्मान बसों में बैठाकर सिमरिया ले जाएं और कार्यक्रम के बाद उन्हें पुनः ससम्मान घर तक छोड़ना है। मौके पर रामकुमार सिंह, डोमन राणा, सुनील कुमार सिंह, सतीश सिंह, शिवकुमार राणा, प्रीतम राय, कैलाश सिंह, रामाधार राम, सियाराम पांडेय, मुकेश कुमार राम, रंजय भारती, राजेंद्र राम, योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# वज्रपात के चपेट में आने से बैल की मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** बीते शाम आंधी तूफान के साथ हुए बारिश के दौरान गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी घनश्याम दांगी के बैल की मौत वज्रपात के चपेट में आने से हो गया। इस बाबत पीड़ित कियान ने थाना में लिखित आवेदन देकर सन्हा दर्ज कराया है। बताया जाता है कि बीते देर शाम आंधी तूफान व बारिश के साथ वज्रपात हुई और मवेशी घर के पास पीपल पेड़ के नीचे बंधा हुआ था। तभी वज्रपात होने से पशु की मौत घटना स्थल पर ही हो गई।

# हंटरगंज: सरकार की महत्वकांक्षी नल जल योजना से वंचित है सैकड़ो घर, ग्रामीणों में आक्रोश



**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत के बलनिया कुमीटोला में सैकड़ो घर सरकार की महत्वकांक्षी नल जल योजना के लाभ से वंचित है। जहां एक ओर केंद्र व राज्य की इस संयुक्त योजना के तहत झारखंड में हर गांव व टोले में पेयजल की व्यवस्था की गयी है। वहीं जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत का बलनिया कुमीटोला एक ऐसा गांव है जहां इस योजना का नामो निशान नही है। ग्रामीणों का कहना है कि टोले में निवास करने वाले लगभग सौ घर के लोगों से नल जल योजना से जोड़ने को लेकर संबंधित कागजात ग्रामीणों से ले लिया गया पर अभी तक टोले में नल जल योजना का कार्य नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है की यहां लगे सरकारी चापानल भी सूखे पड़े हैं। जैसे तैसे पास पड़ोस से पेयजल व खाना बनाने के लिए बड़ी मस्कत से पानी का जुगाड़ कर रहे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि केंद्र की इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रचार तो जोर शोर से किया जाता है, लेकिन पार्टी स्तर पर या प्रतिनिधियों द्वारा उक्त योजना का लाभ ग्रामीणों को दिलाने की पहल नहीं की गई। ग्रामीणों जल्द से जल्द नल जल योजना का लाभ दिलाने की मांग विभाग व क्षेत्र प्रतिनिधियों से की है।

# मारपीट के मामले में बजरंग दल जिला सह संयोजक सहति दो भेजे गए जेल




**पत्थलगडा(चतरा)।** पुलिस ने मारपीट के आरोप में बजरंग दल के जिला सह संयोजक पत्थलगडा बाजार टांड़ निवासी लेखराज टाईगर व प्रभात कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय बजारटांड निवासी प्रदीप लाल के द्वारा लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया गया है कि लेखराज व उनके पुत्र प्रभात के बीच अफीम कारोबार को लेकर मार-पीट कि घटना घटी। वहीं लेखराज कि मां सरिता देवी ने भी आवेदन देकर प्रभात कुमार श्रीवास्तव पर छेड़छाड़ व बेटे के साथ मार-पीट कर मोटरसाईकिल तोड़ फोड़ का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि दोनो के बीच मार पीट की घटना से संबंधित दोनों पक्ष द्वारा आवेदन प्राप्त होने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि लेखराज टाईगर को पूर्व में बड़ा बाजार थाना हजारीबाग से एनडीपीएस एक्ट में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है तथा इनके विरुद्ध विशेष शाखा झारखंड रांची से ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने कि सूचना प्राप्त है।

# झारखंड हाईकोर्ट ने सरायकेला थाना के पूर्व प्रभारी को दी जमानत

**सराईकेला ।** प्रेम प्रसंग में पकड़े गए नाबालिक की पुलिस कस्टडी में आत्महत्या मामले में आरोपी सरायकेला पुलिस स्टेशन के पूर्व थानेदार मनोहर कुमार को झारखंड हाई कोर्ट से राहत मिली है. हाई कोर्ट ने मनोहर कुमार के मामले में चार्ज फ्रेम हो जाने को देखते हुए उसे जमानत प्रदान कर दी है. इस मामले में मनोहर कुमार 17 अक्टूबर 2023 से जेल में है। दरअसल नाबालिक किशोर 27 अक्टूबर 2022 को शादी की नीयत से लड़की को भगा ले गया था. लड़की के जीजा एवं भाई ने उन दोनों को पकड़ लिया था. बाद में उन्होंने किशोर को 31 अक्टूबर 2022 को सरायकेला थाना पुलिस को हवाले कर दिया था. आरोप है कि किशोर ने नवंबर 2022 को बेल्ट से फांसी लगाकर पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी. मामले में लड़के के पिता ने सरायकेला थाना में मनोहर कुमार के खिलाफ उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर 126/2022 दर्ज करायी थी।

# फाइव आइज का मोदी और भाजपा को लेकर अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**भारत विदशों को हथियार बेच रहा है। बेहतर मानव संसाधन का उपयोग कर दुनिया के तमाम देशों को उद्योग लगाने के लिए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और इस तरह से विश्व में लगातार उसकी दावेदारी एक ओर यूएनओ में स्थायी सदस्यता की बनती जा रही है तो दूसरी ओर विश्व शक्ति के रूप में सभी के सामने अपने को वह प्रखरता से रख रहा है, जोकि कई विकसित देश सहन नहीं कर पा रहे हैं । ऐसे में अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोल रखा है। अब जरूरत सूचनाओं के इस महायुग में भारत के आमजन की विशेष है कि वे किसी भ्रम में नहीं आएं। हर खबर की गहराई में जाएं और समझें कि आखिर इसके पीछे सत्यता कितनी है।**

हम सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें । भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है।



वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैण्ड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान।

इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई ) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथाकथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलानेवाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं।

इस बात को समर्थन देने एवं जोर देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द न्यूयॉर्क टाइम्स', सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार 'द गार्जियन', बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोर्ट्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन इसी कड़ी में अब सीएनएन में शामिल हो गया है।

अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने 'भारत के पवित्र शहर में बढ़ते हिंदू राष्ट्रवाद से मुसलमान डरे हुए हैं' शीर्षक से एक खास लेख कम विशेष स्टोरी प्रकाशित की है। इसमें इस बार वाराणसी (काशी) प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा चुनाव क्षेत्र को चुना है और यह बताने की कोशिश की है कि भारत के मुसलमाना मोदी राज में बहुत डरे हुए हैं और वे नहीं चाहते कि भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आए। इन सभी की यही सोच है कि यदि मोदी फिर से सत्ता में आ गए तो भारत को वे हिन्दू राष्ट्र बना देंगे । सनातनी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बहुत अधिक बढ़ जाएंगे।

सीएनएन कह रहा है कि मोदी की भाजपा की जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हैं, जो एक दक्षिणपंथी अर्धसैनिक संगठन है जो भारत के भीतर हिंदू वर्चस्व की वकालत करता है। ऐसे में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अब इसकी 200 मिलियन से अधिक मजबूत मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मोदी के दोबारा चुने जाने की संभावना पर डर व्यक्त कर रहा है। वाराणसी के कई मुसलमान उपेक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि उनके साथ विश्वासघात होने की बात करते हैं, खासकर जब एक सदियों पुरानी मस्जिद ज्ञानवापी की बात हो। सीएनएन यहां स्थानीय मुस्लिमों के माध्यम से कहलवा रहा है कि सरकार उनके समुदाय की रक्षा करने में विफल हो रही है, आज के भारत में घृणा अपराधों से लोग असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रहे हैं। अगर मोदी दोबारा चुने गए तो सबसे बुरा होगा।

इसके लिए सीएनएन भाजपा नेता टी. राजा सिंह के भाषण, हिंदू अधिकारियों को प्रमुख सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर नियुक्ति देने, अधिकारियों द्वारा मुस्लिम संपत्तियों को ध्वस्त करने के आरोपों, मुस्लिम बहुल राज्य जम्मू और कश्मीर की विशेष स्वायत्तता अनुच्छेद 370 को हटाने और उसे सीधे दिल्ली के नियंत्रण में लाने, नागरिकता कानून को पारित करने, (जिसमें मुस्लिम प्रवासियों को शामिल नहीं किया गया), दिल्ली दंगों के लिए भी हिन्दुओं को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इसके साथ ही ये सीएनएन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरने के लिए वाशिंगटन स्थित शोध समूह इंडिया हेट लैब की की रिपोर्ट का उल्लेख भी करता है, जिसका कहना है कि भारत में मुस्लिम प्रताड़ित हैं। यह लेख कहता है कि ह्यूमन राइट्स वॉच, एमनेस्टी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर ह्यूमन राइट्स सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने धार्मिक लोगों के खिलाफ निरंतर भेदभाव की चेतावनी दी है।

इसके साथ ही चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जो बोल रहे हैं उसको आधार बनाकर यह बताने का प्रयास हुआ है कि मुसलमानों पर 'घुसपैठिए' होने का आरोप लगाया जा रहा है और एक नारा संविधान खतरे में है का जोर शोर के साथ लगाया जा रहा है। दरअसल, यह बात ओर है कि मुसलमान राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और परंपरागत रूप से हिन्दू प्रभुत्ववाली सत्ता को अस्वीकार करने की मानसिकता से ग्रस्त होने के कारण से इसे स्वीकार करना नहीं चाहता, लेकिन वर्तमान आंकड़े बता रहे हैं कि कैसे दस सालों में भाजपा की सत्ता के रहते भारत भर में मुसलमानों समेत हर वर्ग के जीवन स्तर में भारी सुधार हुआ है । इतना ही नहीं तो नौकरियों का ग्राफ भी साफ बता रहा है कि किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के केंद्र की सत्ता में रहते हुए आज तक जो लाभ उन्हें पिछले कई सालों में कभी नहीं मिला था, वह लाभ मोदी की केंद्र में सत्ता आने के बाद से ही मुसलमानों को मिलना शुरू हो सका है ।

कहना होगा कि पिछले दस सालों में केंद्र में भाजपा के शासन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस्लामवादियों के लिए जमीन पर जन्नत उतारने का साकार काम किया है। बिना भेद भाव के अल्पसंख्यकों को भारत में आज अवसर की समानता उपलब्ध है। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। इस बार के जीएसटी कलेक्शन में 11.5 फीसदी का उछाल हुआ है। वहीं मासिक आधार पर 1.78 लाख करोड़ रुपये का ये आंकड़ा अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है। पूरे वित्तीय वर्ष 23-24 में कुल 20.14 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन हुआ है। स्वभाविक है कि इस पूरी राशि का उपयोग भारत के विकास के लिए केंद्र की सरकार करेगी। पूरी दुनिया अकेले इस एक काम जीएसटी कलेक्शन से अचंभित है। भारत विदशों को हथियार बेच रहा है। बेहतर मानव संसाधन का उपयोग कर दुनिया के तमाम देशों को उद्योग लगाने के लिए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और इस तरह से विश्व में लगातार उसकी दावेदारी एक ओर यूएनओ में स्थायी सदस्यता की बनती जा रही है तो दूसरी ओर विश्व शक्ति के रूप में सभी के सामने अपने को वह प्रखरता से रख रहा है, जोकि कई विकसित देश सहन नहीं कर पा रहे हैं । ऐसे में अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोल रखा है। अब जरूरत सूचनाओं के इस महायुग में भारत के आमजन की विशेष है कि वे किसी भ्रम में नहीं आएं। हर खबर की गहराई में जाएं और समझें कि आखिर इसके पीछे सत्यता कितनी है।

## संपादकीय

### एनआईए जांच के फंदे में केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की गई है। उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस से देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई की एवज में 1.6 करोड़ डॉलर बतौर चंदा लेने का आरोप है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने वीके सक्सेना ने विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशु मोंगिया के साक्ष्य-आधारित आरोप के मद्देनजर एनआईए जांच की अनुशंसा की है। केजरीवाल पहले से ही आबकारी नीति मामले में जेल में हैं, जिसमें जमानत पर मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके एक दिन पहले जांच की सिफारिश की गई है। ताजा आरोप केजरीवाल के वर्तमान और भविष्य के लिए एक नये फंदे की तरह है। २पंजाब के खालिस्तान आंदोलन के दौरान भुल्लर का रक्तरंजित इतिहास रहा है। वह खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट से जुड़ा कुख्यात आतंकी है, जिसने दिल्ली की रायसीना रोड स्थित युवक कांग्रेस मुख्यालय के सामने 11 सितम्बर, 1993 को बम विस्फोट कर राजधानी को दहला दिया था। इसमें 11 लोग मौके पर ही मारे गए थे। जाहिर तौर पर यह मामला मौजूदा कानून के मुताबिक देशद्रोह की कोटि में आता है। ऐसे में चंदे का आरोप सिद्ध हो गया, जैसा कि उपराज्यपाल का मोंगिया के सुपुर्द किए साक्ष्यों के आधार पर दावा है, तो केजरीवाल राजनीतिक बियावान में जा सकते हैं। एक वीडियो में खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को यह कहते सुना-देखा गया है कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार को 2014 से 2022 के दौरान खालिस्तान समर्थक समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की फंडिंग मिली थी। फिर भी आप को इसमें राजनीतिक षड्यंत्र लगता है। इसका मकसद आम चुनाव से केजरीवाल को दूर रखना है। उसे लगता है कि उपराज्यपाल भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें सांविधानिक एजेंट के रूप में काम करना चाहिए। इस पद की व्यवस्था केंद्र-राज्य सरकारों के बीच समन्वयक एवं संकटमोचक दायित्व-पूर्ति के लिए की गई है। आप ने यह खुलासा नहीं किया है कि उसके आरोप का आधार क्या है? पर ऐसे गंभीर आरोप किसी भी पार्टी या सरकार की मुखिया के विरु द्ध लगे तो उसकी जांच की सिफारिश उपराज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है। इसे केवल चुनाव या जमानत पर सुनवाई की टाइमिंग या इस बिना पर भी स्थगित नहीं किया जा सकता कि ये आरोप किसी खास संगठन की तरफ से लगाए जा रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### दौलत की चाह

संत जुनैद की एक झलक पाने और उनसे ज्ञान की बातें सुनने के लिए लोग बेकरार रहते थे। पर जुनैद दुनियावी चीजों से तटस्थ और निर्लिप्त रहते थे। वह खाने-पीने और अपने कपड़े से भी बेपरवाह रहते थे। वह हर समय घूमते रहते थे। जहां भी रात होती वह वहीं टिक जाते। एक बार वह एक बड़े शहर के बाहर रुके तो शहर के जाने-माने एक सेठ उनके दर्शन के लिए आ पहुंचे। वह अपने साथ ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं लेकर आए थे।

उन्होंने उसकी थैली जुनैद के चरणों में रख दी और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। जुनैद ने थैली पर नजर डाली, फिर मुस्कराते हुए पूछा-क्या इसके अलावा भी आपके पास और दौलत है? सेठ जी ने प्रसन्न होकर सोचा कि जुनैद को और भी धन चाहिए। सेठ ने कहा-मेरे पास तो इससे कई गुना धन-संपत्ति और है। सेठ ने पूछा-क्या आप और दौलत पाने की ख्वाहिश रखते हैं? सेठ ने कहा- हां, हां क्यों नहीं, अब इतने से क्या होता है। थोड़ी और दौलत मिल जाए तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी।

जुनैद ने कहा- तब तो ये दौलत भी आप ही रख लीजिए। इसकी असल जरूरत तो आपको ही है। आपको और धन-संपत्ति चाहिए। इतना आप मुझे ही दे देंगे तो आपका खजाना थोड़ा खाली हो जाएगा। जिसके पास सब कुछ हो लेकिन और पाने की चाह हो, उसके दान का भी कोई अर्थ नहीं है। यह सुनकर सेठ जी लज्जित हो गए। उन्होंने जुनैद से वादा किया कि वह अब और दौलत के पीछे नहीं भागेंगे.

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर



ललित गर्ग

भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पदार्पाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं--ह्रबाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है ह्ल लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है। मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा। कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है?

मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मतलब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है।

# चुनाव : राष्ट्र प्रथम की भावना से लड़ें और जीतें



अखिलेश आर्येन्दु

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों और आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन की याद आना लाजिमी है जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान और चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें देश को बेहतरी की तरफ ले जाने और दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। एक नागरिक का कर्त्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए? इस पर चाणक्य का कहना है, कर्त्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं- भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए।

पांच साल के बाद जनता को अवसर मिलता है कि निवर्तमान सरकार के कायरे, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच खूब सोच-समझ कर अपना मत दे यानी ईवीएम का बटन दबाए। तमाम तरह के सर्वे समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। हम मतदाता अपने नागरिक कर्त्तव्यों को बेहतर सोच और परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं, वरना क्या वजह है कि दुनिया के तमाम देशों में जहां सरकार बनाने के लिए अस्सी-नब्बे प्रतिशत मतदान होता है वहीं भारत में पचास या साठ के आसपास। ताजा सर्वेक्षण तस्दीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के बनिस्बत महंगाई और बेरोजगारी को तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए अहमियत नहीं रखते यानी राष्ट्र प्रथम के ऊपर महंगाई और बेरोजगारी भारी पड़ रही है।

बेहतर शासन की कवायद की जगह आरक्षण और संविधान बचाने के सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा अपील कर रहे हैं। ऐसा है तो भारत जैसे राष्ट्रीय गौरव-गरिमा और सांस्कृतिक चेतना की पहचान रखने वाले देश के लिए चिंता की बात मानी जाएगी क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है, और न संविधान ही बदला जाएगा। यह एनडीए के घोषणापत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की मानें तो यह भी हो सकता है कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थ केंद्र और राज्य सरकार चुनते समय राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। लोग अपने जातिगत, मजहबगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर निकलना न चाह रहे हों यानी व्यक्तिगत निहित स्वार्थ न पूरा हो पाने के कारण बहुत छोटे-मोटे मनमुटाव मतदान से दूर हों, या गर्मी की वजह भी लोगों को मतदान करने में रुकावट पैदा कर रही हो।

दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्वेग भारत में खास मौकों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम के कर्त्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है कि राष्ट्रभाषा, राष्ट्र सुरक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रहित पर केंद्रित चुनाव हुए ही नहीं। देश-दुनिया में जैसी भारत की साख है, उस पर केंद्रित राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्र चेतना से ताल्लुक रखने वाले मुद्दे अब न नारों में सुनाई पड़ते हैं, और न दलों के चुनावी घोषणापत्रों में। हां, खुद को राष्ट्रवादी दल कहने वाले दलों के चुनावी घोषणापत्र में इस पर चर्चा जरूर शामिल है। व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हितसाधन और महज आत्म-केंद्रित क्षुद्र स्वाथरे की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक और सामाजिक हितसाधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र और सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा।

मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है। इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बड़ी तादाद भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है, और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं दिखाई नहीं दे रहा। आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक सीमित हो गया है। यही वजह है कि आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्जमाफी के जो वादे किए जा रहे हैं, वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नजर आ रहे हैं।



यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना होगा जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्त्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

# साढ़े दस कट्ठा जमीन को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे 10 घायल





**पूर्णिया।** में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। मारपीट में दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर बांस-बल्ले से हमला कर दिया। जमीनी विवाद में हुई इस मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है। करीब 18 सेकेंड के दो वीडियो में चीखती आवाजें और लाठी -डंडे भांजते देखा जा सकता है। मारपीट में दोनों पक्षों को मिलाकर 10 लोग घायल हैं। मारपीट में एक पक्ष के 8 लोगों को गंभीर जबकि दूसरे पक्ष के दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को इलाज के लिए जीएमसीच में एडमिट कराया गया है। घटना मधुबनी थाना क्षेत्र की है। घायल हुए लोगों में मधुबनी थाना के महाल्दार टोली वार्ड 1 निवासी अरुण महलदार और उनकी पत्नी मुन्नी देवी, बेटी -प्रीति कुमारी, सुमन कुमार, गोबिंद कुमार समेत 8 लोग घायल हैं, जिनका ईलाज चल रहा हैं। जबकि दूसरे पक्ष से 2 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना की जानकारी देते हुए घायल अरुण महलदार ने बताया कि महाल्दार टोली वार्ड संख्या 1 में उनकी साढ़े 10 कट्ठा जमीन है। इसी जमीन को लेकर पिछले 2 साल से विवाद चल रहा है। उनकी निजी जमीन पर पड़ोस के रहने वाले छंगुरी महाल्दार, बिंद्रा महलदार ,मंगल महलदार, राजू महलदार, छोटे महलदार और उनके परिवार वाले जबरन जमीन हड़पना चाहते हैं। इस मामले में कई बार फैसला हुआ। ये फैसला उनके पक्ष में आया। इसके बाद भी वह आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर पड़ोसी विवाद करते रहते हैं। छोटे महलदार का आरोप है कि उन्होंने गालीग्लौज करते हुए भड़काया।

## संक्षिप्त डायरी

### लालू बोले-तीसरा चरण बीजेपी के लिए कोढ़ में खुजली



**पटना।** लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में सियासी बयानबाजी का दौरा जारी है। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने तीसरे चरण की वोटिंग के बाद सोशल मीडिया पर लिखा है तीसरा चरण बीजेपी के लिए कोढ़ में खुजली। इधर, लालू प्रसाद के मुसलमानों को आरक्षण वाले बयान पर सम्राट चौधरी ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि लालू कहते है मंडल कमीशन वो लेकर आए। उम्र के साथ याददाश्त भी कम हो रही है। जिस समय मंडल कमीशन आया, उस समय सरकार बहुमत में नहीं थी। बीजेपी ने मंडल कमीशन को समर्थन कर लागू करवाया था। बीजेपी के कारण मंडल कमीशन लागू हुआ। सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि बीजेपी अगर समर्थन नहीं करती तो लालू प्रसाद मुख्यमंत्री नहीं बनते। आरजेडी सिर्फ झूठ का प्रचार करने में विश्वास रखती है। वहीं, तेजस्वी पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि लालू और तेजस्वी दोनों बीमार हो गए हैं। पहले दोनों ठीक तो हो जाए, इसके बाद बीजेपी से भिड़े। दरअसल, सम्राट चौधरी ने बुधवार को भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी। इस दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना में पहली बार किसी प्रधानमंत्री का रोड शो होने वाला है। रोड शो के जरिए बिहार भर को संदेश दिया जाएगा। पिछले 10 सालों में किए गए कामों का संदेश देंगे। रोड शो के जरिए देश भर के कामों की झलक दिखेगी। आरक्षण देने और विकास के कामों की झलक रोड शो में मिलेगी। पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और RJD नेता तेजस्वी यादव ने कहा, प्रधानमंत्री जान रहे हैं कि इस बार उनका जाना तय है और इस बार बिहार और पूरे देश की जनता तानाशाही सरकार को हटाना चाह रही है।

### अशोक महतो बोले-मेरे सामने अनंत सिंह की औकात नहीं



**मुंगेर।** लोकसभा सीट पर 13 मई को वोटिंग होनी है। मुंगेर सीट पर सियासी बवाल भी मचा हुआ है। पूर्व विधायक अनंत सिंह के बाहर निकलने के बाद क्षेत्र में चहल-पहल भी तेज हो गई है। ऐसे में अब इस मामले पर राजद प्रत्याशी अनीता महतो के पति अशोक महतो का बयान सामने आया है। उन्होंने अनंत सिंह पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने धमकी भरे लहजा में कहा कि हम शेर हैं। पिंजरे में नहीं रह सकते। हम फौलाद हैं। अगर कुछ हुआ तो आग लगा देंगे। कुछ करके तो देखें। मेरे सामने अनंत सिंह की औकात नहीं है। अशोक महतो कभी पैक नहीं हुआ था और न कभी पैक होगा। वह जनता के लिए काम करता रहेगा। वो जनता के सेवक है। आगे अशोक महतो ने कहा कि अनंत सिंह पैरोल पर बाहर आकर वोटरों को धमका रहे हैं। हमारे साथ चलने वाले मुखिया और जिला परिषद को फोन कर धमकी दे रहे हैं। जनता हमारे साथ है। वे लोग हार के डर से बौखला रहे हैं। मुंगेर लोकसभा सीट हॉट-सीट बन गई है। यहां अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। पहले ललन सिंह का कई स्थानों पर विरोध हुआ। काले झंडे दिखाए गए। फिर पुलिस ने उन लोगों पर FIR गिरफ्तार कर लिया। अब अनंत सिंह पैरोल पर बाहर आए तो फिर राजनीति गर्म हो गई है। मुंगेर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार अनीता महतो के पति अशोक महतो ने कहा कि अनंत सिंह चुनाव को प्रभावित करने के लिए पैरोल पर बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी जेल गया था। मुझे भी पैरोल मिला था। फिर भी ढाई महीने तक अंदर रोका गया था। मैं अपराधी था तो मुझे रोका गया, क्या वह अपराधी नहीं है? अशोक महतो ने कहा कि अनंत सिंह वोटरों को डरा धमका रहे हैं। हमारे साथ चलने वाले मुखिया, पंचायत समिति सदस्य को वह फोन कर धमकी दे रहे हैं। वह पैरोल पर जमीन बंटवारे के लिए मापी करवाने नहीं बल्कि वोटरों को वोट बंटवारा के लिए बाहर निकले हैं। वह क्षेत्र में घूम-घूम कर वोटरों को डरा धमका रहे हैं। लेकिन उनकी नहीं चलेगी। मतदाता हमारे साथ है। वह लोग हार के डर से बौखला गए हैं। इसलिए फोन कर लोगों को धमकाया जा रहा है। हमारे साथ चलने वाले जिला परिषद सदस्य को भी जबरदस्ती साथ चलने से रोका जा रहा है। यह सही नहीं है। अशोक महतो ने कहा कि जनता का मूड हमारे साथ है। अनंत सिंह को मुझे पैक करने के लिए निकाला गया है, यह गलत है। उन्होंने धमकी भरे लहजे में कहा कि हम शेर हैं पिंजरे में नहीं रह सकते। हम फौलाद हैं अगर कुछ हुआ तो आग लगा देंगे। कुछ करके तो देखे। अशोक महतो कभी पैक नहीं हुआ था और न कभी पैक होगा। वह जनता के लिए काम करता रहेगा। वे जनता के सेवक हैं।

## बांका में तिलक के दिन गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा परिवार वाले भी पीछे से आ गए



**बांका।** में विधवा के शादी करने पर गांव वालों ने प्रेमी के साथ बांधकर उसकी पिटाई कर दी। महिला दो बच्चों की मां है। प्रेमी कुंवारा है। दोनों के बीच एक साल से अफेयर चल रहा था। 1 साल पहले दोनों गांव से भागकर बेंगलुरु में रह रहे थे। वहीं पर दोनों ने शादी भी कर ली थी। 1 महीने पहले ये लोग अपने-अपने गांव लौट गए और अलग-अलग रहने लगे। जैसे ही दोनों की शादी की जानकारी गांव वालों को लगी, दोनों को बांधकर पिटाई कर दी। वीडियो मंगलवार का है। मामला बांका के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत जयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हासार पंचायत का है। महिला की पहचान पिंकी देवी(30) और प्रेमी कटोरिया थाना क्षेत्र के अरबिन्द यादव(28) पिता नरेश यादव का बेटा है। दरअसल, प्रेमी के घर वाले उसकी पहली शादी से अनजान उसकी किसी और लड़की से शादी करवाने वाले थे। सोमवार को प्रेमी के परिजन उसका तिलक करा रहे थे। इसी बीच लड़का महिला(अपनी पत्नी) से मिलने उसके घर जा पहुंचा। जब मंगलवार सुबह हुई तो प्रेमी अरबिन्द यादव के घर वाले उसे खोजने के लिए जयपुर कोल्हासार पंचायत के पलनियां पहुंचे। वहां उसे प्रेमिका के घर में पाकर दोनों को रस्सी से बांधकर मारपीट की। इस दौरान कई घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा भी चला। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस प्रेमी जोड़े को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्रेमिका के अनुसार वो प्रेमी अरबिन्द यादव के साथ रहना चाहती है।

## पटना में 25 करोड़ की नकली किताबें जब्त हुई थी डिमांड बढ़ी तो सप्लाई बंद



**पटना।** में इन दिनों नकली किताबों का कारोबार खूब बढ़ रहा है। पटना में 8 अप्रैल को भारी मात्रा में नकली किताबें बरामद हुई थी। यह कार्रवाई भारती भवन के शिकायत पर की गई थी। पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेसों पर छापा मारा तो वहां अलग-अलग ब्रांड की नकली किताबें मिली। इनमें से सब से ज्यादा सरकारी यानी सीबीएससी और एनसीईआरटी के किताबें थी। ये सभी किताबें बाजार में निकालने को तैयार ही थी। ये सभी किताबें क्लास 3 से लेकर क्लास 8 तक की थी। पुलिस ने सभी किताबों को जब्त कर लिया। पुलिस इन प्रिंटिंग प्रेसों पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल पुलिस किताबों के संबंधित प्रकाशकों को इसकी सूचना दे रही है। पुलिस ने मौके से इन किताबों को छपवाने वाले राकेश कुमार से पूछताछ की और छोड़ दिया। इस प्रेसों में सीबीएससी और एनसीईआरटी, भारती भवन, एस चांद, राजकमल समेत लगभग आधा दर्जन प्रकाशन की किताबें छप रहीं थीं। लेबलर कटर के साथ साथ गोडाउन भी बना हुआ था।

## बाहुबली अनंत सिंह की रेगुलर बेल पटना हाईकोर्ट से खारिज




**पटना।** हाईकोर्ट ने मोकामा के पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की रेगुलर बेल की अर्जी को खारिज कर दिया है। जस्टिस एन के पांडेय की सिंगल बेंच ने अनंत सिंह के आपराधिक इतिहास को देखते हुए यह आदेश दिया है। कानूनी मामले के जानकार और पटना हाईकोर्ट के सीनियर वकील दीनू कुमार ने कहा है कि पैरोल और जमानत याचिका दोनों अलग-अलग चीज हैं। बेल खारिज होने का असर पैरोल पर नहीं होगा। पैरोल राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा है। सुविधा का परमानेंट बेल के खारिज होने पर असर नहीं पड़ता। बता दें कि पूरा मामला आर्म्स एक्ट से जुड़ा है। अनंत सिंह एके-47 रखने के केस में पूर्व विधायक को 10 साल की सजा पटना की बेऊर जेल में काट रहे हैं। अनंत सिंह पिछले रविवार सुबह पैरोल पर जेल से बाहर आए हैं। उन्हें 15 दिन की पैरोल मिली है। जेल से बाहर आने के बाद अनंत सिंह का समर्थकों ने स्वागत किया है। बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे और जेसीबी से फूलों की बारिश की। समर्थक शेरे बिहार जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पटना से लेकर मोकामा के बीच भी कई जगहों पर स्वागत किया गया। इसी दौरान अपने समर्थकों से बात करते हुए उन्होंने ललन सिंह को लेकर बयान दिया। पारिवारिक बंटवारे को लेकर अनंत सिंह ने कोर्ट से पैरोल मांगी थी। 5 साल में पहली बार उन्हें पैरोल मिली है। अनंत सिंह के बाहर आने के दौरान जेल के बाहर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अनंत सिंह की पत्नी नीलम सिंह वर्तमान में मोकामा से विधायक हैं और फिलहाल एनडीए के साथ हैं। अनंत सिंह को उनके इलाके में लोग छोटे सरकार के नाम से जानते हैं। वो कभी नीतीश कुमार के बेहद खास हुआ करते थे।

## महिला की सिर कटी लाश मिली शरीर पर नहीं थे कपड़े



**जमुई।** में महिला की सिर कटी लाश मिली है। आधे शरीर पर कपड़े नहीं थे। आशंका जताई जा रही है कि रेप के बाद उसकी हत्या की गई है। लोगों का कहना है कि कहीं और रेप कर के हत्या की गई है। पहचान छिपाने के लिए शव को पुल के नीचे लाकर फेंका गया है। महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस उसका सिर ढूंढने में जुटी है। मामला जमुई-लखीसराय मुख्य मार्ग का है। जहां मंगलवार देर रात अंबा गांव में पुल के नीचे ये शव मिला है। टाउन थाने की पुलिस ने शव को कब्जे ले लिया है। सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों और थाने से महिला के बारे में जानकारी जुटा रही है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम अंबा गांव स्थित पुलिया के नीचे एक महिला का शव होने की जानकारी स्थानीय लोगों ने टाउन थाने की पुलिस को दी थी। बदबू आने से घटना की जानकारी लोगों को हुई थी। इसके बाद पुलिस देर शाम पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। साथ ही पुलिस उसके सिर का पता लगाने की कोशिश में जुट गई है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटनास्थल से शराब और पानी का बोतल भी मिली है। महिला का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। शव देखने से लग रहा है कि महिला की हत्या 2 से 3 दिन पहले हुई होगी। बताया जाता है कि शव अर्धनग्न अवस्था में मिलने के कारण स्थानीय लोगों को शक है कि दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या की गई हो। पूरे मामले को लेकर सदर एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार पहुंच गए थे। पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। जबकि टाउन थानाअध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि अंबा गांव स्थित पुलिया के नीचे से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

## पटना के पुराने म्यूजियम में लगी आग



**पटना।** के कोतवाली थाना क्षेत्र के निमार्णाधीन म्यूजियम में भीषण आग लग गई। चारों तरफ धुआं भर गया। इस वजह से अग्निशमन विभाग के कर्मियों को भी आग पर काबू पाने में मुश्किल आई। मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची तब जाकर डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। वहीं, आग बुझाने के लिए शीशा तोड़ने और हाथ में लग जाने से दो कर्मी जख्मी हो गए। संरक्षित सामानों को भारी नुकसान पहुंचा है। अंदर ढेर सारी लकड़ी रखी गई थी। फाइबर के सामान भी रखे थे। अंदर में 12 से 13 मजदूर मौजूद थे। धुआं भरने के बाद मजदूर एक-एक कर के बाहर निकला गया। म्यूजियम के अंदर गंगा गैलरी को नुकसान पहुंचा है। वहीं, आईजी सुनील कुमार ने बताया कि बिल्डिंग अंडर कंस्ट्रक्शन है। आग बुझाने में मूर्तियों की वजह से कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। म्यूजियम के डायरेक्टर राहुल कुमार ने कहा है कि पटना म्यूजियम में न्यू गैलरी का निर्माण हुआ है। प्रसाद ने बताया कि 11:42 में आग लगने की सूचना मिली थी।

## नीट पेपर लीक माफिया ने पुलिस को हड़काया




**पटना।** नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में पटना की शास्त्रीनगर थाने की पुलिस अब तक 13 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। चौंकाने वाली बात यह कि नीट यूजी का प्रश्नपत्र पुराने परीक्षा माफिया ने ही लीक कराया है। जांच में यह बात सामने आई है कि नालंदा का संजीव सिंह उर्फ संजीव मुखिया, रॉकी, नीतीश और अमित आनंद ने नीट के करीब 25 अभ्यर्थियों को परीक्षा से एक दिन पहले 4 मई की रात में ही प्रश्नपत्र और उत्तर रटवाया था। इन परीक्षार्थियों को रविवार को उनके संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचा दिया गया। संजीव मुखिया का बेटा डॉ. शिव शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में जेल में बंद है। पुलिस ने नीट पेपर लीक मामले में सबसे पहले सिकंदर यादवेंदु, अखिलेश और बिट्टु को गिरफ्तार किया। अखिलेश ने पुलिस से कहा कि बेटा आयुष बोर्ड कालोनी स्थित डीएवी स्कूल में परीक्षा दे रहा है। परीक्षा के बाद आयुष को हिरासत में लिया गया। आयुष ने पुलिस से कहा कि उसे शनिवार (4 मई) की खेमनीचक स्थित लर्न ब्वायज हॉस्टल एवं लर्न प्ले स्कूल ले जाया गया।

## बागेश्वर धाम से बेटी को लाकर मोतिहारी में हत्या





**मोतिहारी।** में 27 अप्रैल को मिली लड़की (22) की संदिग्ध हालत में मौत का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, ये एक ऑनर किलिंग का मामला है। परिवार कुछ दिन पहले उसे मध्यप्रदेश के बागेश्वर धाम से लेकर आया था। घरवालों ने प्रेम-प्रसंग में उसकी हत्या की है। इस मामले में पुलिस ने मृतका के भाई, पिता और जीजा को आरोपी बनाया है। पहले आरोपियों की तरफ से बताया गया था कि युवती ने सुसाइड किया है। पुलिस ने सख्ती से इसकी जांच की तो आरोपियों ने पूरी कहानी बताई। तीनों आरोपियों ने कहा- हम लोग डर गए थे। फंसने के डर से उसे बोरे में भरकर नदी में फेंक दिया था। लाश ऊपर ना आए इसलिए बोरी में ईंटें भी रखीं, लेकिन इसी ईंट से पुलिस ने पूरा केस सुलझाया। दरअसल, बीजधरी ओपी क्षेत्र के सत्तरघाट पुल के पाया नंबर-13 के पास से 27 अप्रैल को एक बोरे से लड़की का शव बरामद किया गया था। उस समय लड़की की पहचान नहीं हुई थी। अगले दिन यानी की 28 अप्रैल को केसरिया थाना के चौकीदारों ने उसकी पहचान की। बताया कि यह वही लड़की है, जिसे हम लोग मध्यप्रदेश के बागेश्वर धाम से बरामद कर लाए थे। इसके बाद थाने में रखी फोटो से उसकी मिलान की गई। लड़की की पहचान केसरिया थाना क्षेत्र के सुबैया गांव निवासी प्रधुमण दास की बेटी काजल कुमारी(22) के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने जांच तेज की और मोबाइल सीडीआर और टावर डंपिंग की मदद से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि काजल के पिता प्रधुमण दास ने केसरिया थाने में 17 मार्च को एक आवेदन दिया था। इसमें उसने अपनी बेटी काजल कुमारी को भगाकर ले जाने का आरोप गांव के सागर कुमार पर लगाया था। इस दौरान पता चला कि वह बागेश्वर धाम में है। पुलिस मध्यप्रदेश के बागेश्वरी धाम पहुंची।



# गिल्ट 3 में नजर आएंगी सारा खान

टीवी शो सपना बाबुल का...बिदाई से घर-घर में अपनी खास पहचान बनाने वाली अभिनेत्री सारा खान जल्द ही फिल्म गिल्ट 3 में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक बातचीत में उन्होंने इस फिल्म को लेकर खुलकर बात की। इस साक्षात्कार में अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही, उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर भी अपडेट दिया।

## किरदार निभाना रहा चुनौतीपूर्ण

फिल्म पर बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि यह पिता-पुत्री और सौतेली मां की कहानी है, जो खुशहाल जिंदगी बिता रहे हैं, लेकिन इसी दौरान उनके जीवन में हैरान कर देने वाला मोड़ आता है और सब कुछ बदल जाता है। अपने किरदार पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी उम्र से 10 साल छोटी लड़की का किरदार निभाना उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने बताया कि इस रोल को निभाने में उन्हें काफी ज्यादा मजा आया।

## परिवार के साथ वक्त बिताना है पसंद

उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करते हुए बताया कि उन्हें पार्टी में जाने से ज्यादा अपने परिवार के साथ वक्त बिताना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि उनके कुछ दोस्त हैं जिनके साथ उन्हें बाहर जाने में अच्छा लगता है। इस बातचीत में उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट पर भी बात की।

## जल्द आएगी एक और फिल्म

उन्होंने बताया कि उनका प्रोडक्शन हाउस एक कॉन्सेप्ट पर काम कर रहा है, जिस पर फिल्म आने वाली है। उन्होंने आगे बताया कि उनके प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले तीन गाने भी जल्द ही लोगों को सुनने को मिलेंगे।



# जब इंडस्ट्री के लोग ही..., अपना मजाक उड़ता देख दुखी हैं करण जौहर

फिल्ममेकर करण जौहर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। करण सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। अपनी बात रखने के लिए वह सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं। हाल ही में उन्होंने एक टीवी शो के एक कॉमेडियन को खराब कहा है। उन्होंने कहा कि वह कॉमेडियन को उनकी नकल करते देख परेशान थे। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नोट साझा करते हुए इस मिमिक्री को खराब कहा है। उन्होंने कहा कि ट्रोलर्स से उन्हें इस तरह की उम्मीद थी, लेकिन इंडस्ट्री के लोगों से उन्हें ये उम्मीद नहीं थी। करण जौहर ने अपने पोस्ट में बिना किसी शो या कॉमेडियन का नाम लिए निशाना साधा है। करण के इस पोस्ट को देखकर कई यूजर्स हैरान हैं। वहीं, कई सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि वह केतन सिंह के बारे में बात कर रहे हैं। केतन ने सोनी टीवी के शो मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे में उनकी मिमिक्री की थी। करण ने अपने नोट में लिखा, मैं अपनी मां के साथ बैठकर टेलीविजन देख रहा था और मैंने एक प्रतिष्ठित चैनल पर एक रियलिटी कॉमेडी शो का प्रोमो देखा। एक कॉमिक बेहद खराब तरीके से मेरी नकल कर रहा था। मैं ट्रोल्स और अंजान लोगों से यही उम्मीद करता हूं, लेकिन जब आपकी अपनी इंडस्ट्री किसी ऐसे व्यक्ति का अनादर कर सकती है, जो 25 वर्षों से अधिक समय से बिजनेस कर रहा है। यह इस समय के बारे में बहुत कुछ बताता है, जिसमें हम रह रहे हैं। इससे मुझे गुस्सा भी नहीं आता, बस दुख होता है। उनका ये नोट हाल ही में सोनी टीवी औ उसके इंस्टाग्राम पर साझा किए गए हालिया प्रोमो को लेकर है। शो के प्रोमो में केतन ने करण की मिमिक्री की है। वह उनके शो कॉफी विद करण को आड़े हाथ लेते दिखाई दिए हैं। कॉमेडी शो में केतन करण के शो को टॉफी विद चूरन कहते हुए मजाक बनाया है। केतन शो में करण पर कई स्टार किड्स को लॉन्च करने को लेकर निशाना साधा है। इसके साथ ही करण जौहर की डांस करने की आदत का भी मजाक उड़ाया है। इस शो को बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरेशी जज कर रही हैं।



# अपनी सभी फिल्मों को अपनी डेब्यू फिल्म मानती हैं सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों हीरामंडी में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली की नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। सीरीज में सोनाक्षी ने विलेन की भूमिका निभाई है। अब अभिनेत्री ने अपने करियर के बारे में बात की और बताया कि वे अपने किरदार को किस तरह से चुनती हैं। सोनाक्षी ने कहा कि उन्होंने दबंग से डेब्यू किया था, जिसके बाद 14 साल वे इंडस्ट्री में बिता चुकी हैं। सोनाक्षी अपनी मेहनत के दम पर किरदार पाना चाहती हैं और टाइपकास्ट नहीं होना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी सभी फिल्मों को डेब्यू फिल्म मानती हैं, ताकि वे सबकुछ मेहनत से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सके।

# इस वजह से जब वी मेट 2 नहीं बनाना चाहते इम्तियाज अली

इम्तियाज अली इन दिनों अपनी फिल्म चमकीला की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इम्तियाज जब वी मेट जैसी सुपरहिट फिल्म भी दे चुके हैं। करीना कपूर खान और शाहिद कपूर अभिनीत यह फिल्म रोमांस का प्रतीक है और आज भी दर्शकों से जुड़ी हुई है। हम प्रशंसक काफी समय से निर्देशक से सीक्वल के बारे में पूछ रहे हैं। अब उन्होंने इस बारे में फिर खुलकर बात की है। उन्होंने जब वी मेट के सीक्वल के बारे में बात करते हुए इम्तियाज अली ने इसके विचार को खारिज कर दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह करीना कपूर खान के साथ फिर से काम करना पसंद करेंगे। यह बताते हुए कि ऐसा अभी तक क्यों नहीं हो सका निर्देशक ने आगे कहा कि जब भी कोई फिल्म निर्माता किसी कलाकार के साथ काम करता है तो उस पर यह जिम्मेदारी होती है कि वह केवल उस कलाकार के के लिए ही कुछ भी न करें। विचार यह है कि पुनर्मिलन केवल तभी किया जाए, जब आपने पहले जो किया है उसकी तुलना में कोई बेहतर या पूरी तरह से अलग प्रोजेक्ट हो।





# शेखर सुमन ने आमिर खान से की अपनी तुलना, बोले- सिर्फ दिखने के लिए काम नहीं करता

शेखर सुमन मनोरंजन की दुनिया में काफी पुराना नाम हैं। उन्होंने लगातार कई वर्षों से लोगों का मनोरंजन किया है। इस दौरान वह एक मशहूर टीवी स्टार, जज, गायक और बॉलीवुड अभिनेता के तौर पर दिखे। फिलहाल वह निर्देशक संजय लीला भंसाली की डेब्यू वेब सीरीज हीरामंडी में नजर आ रहे हैं। वह लंबे समय बाद स्क्रीन पर नजर आए हैं। शेखर के फैंस उन्हें फिर से अभिनय करते देखने को लेकर काफी उत्सुक थे। उनके फैंस इस सीरीज को उनकी वापसी करार दे रहे थे, लेकिन अभिनेता इसे वापसी के रुप में नहीं देखते। अच्छे खासे अंतराल के बाद स्क्रीन पर नजर आ रहे शेखर इसे वापसी के तौर पर नहीं देखते। अपने रुख साफ करते हुए उन्होंने कहा, मैं एक थियेटर का कलाकार हूं। आप एक अच्छे किरदार का इंतजार करते हैं। ऐसे किरदार मिलने में समय लग सकता है। इसलिए आप थोड़े अंतराल के बाद दिखते हैं, क्योंकि वो किरदार मुझे उत्साहित करना चाहिए। मैं सिर्फ दिखने के लिए काम नहीं करता कि मैं 10 ओटीटी सीरीज और पांच फिल्मों का हिस्सा हूं।

## दिलीप कुमार और आमिर खान से सीखा

स्क्रीन पर कम नजर आने को लेकर उन्होंने आमिर खान और दिलीप कुमार का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैंने दिलीप कुमार साहब से काफी कुछ सिखा है। वह दो-तीन सालों में एक फिल्म किया करते थे। दिलीप कुमार,आमिर खान ये लोग खुद को काफी संयमित और अच्छे-खासे अंतराल के बाद दर्शकों के सामने पेश करते हैं। इस वजह से लोगों के अंदर इन्हें पर्दे पर देखने की जिज्ञासा होती है। खुद को भेड़ चाल का हिस्सा बना लेना, किसी भी कलाकार के लिए काफी बुरा होता है। किसी फिल्म या शो के बीच में यह एहसास होना कि आपने गलती की है, यह बहुत बुरा अनुभव होता है।

## पिता-पुत्र दोनों ने किया है काम

शेखर सुमन इससे पहले बिग बॉस के 16वें सीजन में दिखे थे। फिलहाल वह ओटीटी सीरीज हीरामंडी में नजर आ रहे हैं। इसमें वह जुल्फिकार का किरदार अदा कर रहे हैं। शो में उनके साथ उनके पुत्र अध्यन सुमन भी नजर आ रहे हैं। इसमें वह जोरावर अली खान का किरदार निभा रहे हैं। इससे पहले अध्यन वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश में नजर आए थे। फिलहाल दोनों पिता-पुत्र की जोड़ी स्क्रीन पर लोगों को पसंद



# इस फिल्म के सीक्वल में काम करना चाहती हैं प्रीति

प्रीति जिंटा बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं। 90 के दशक से लेकर अब तक वे कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने फैंस के लिए एक चैट सेशन का आयोजन किया। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अगर संघर्ष का सीक्वल बनी तो वे उसमें जरूर काम करना चाहेंगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रीति जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। लाहौर 1947 में वे सनी देओल के साथ दिखेंगी।




# मनोज ने 'द फैमिली मैन' के लिए बदला 'भैयाजी' का प्रमोशन प्लान

'अब निवेदन नहीं, नरसंहार होगा!' की टैगलाइन के साथ कोई महीना भर पहले रिलीज हुआ अभिनेता मनोज बाजपेयी की सौवीं फिल्म 'भैयाजी' का टीजर अब तक 38 लाख लोगों ने देखा है। फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली है और तब तक ये शायद 50 लाख लोगों तक पहुंच भी जाए, लेकिन मनोज बाजपेयी सोमवार को इस फिल्म से ज्यादा अपनी वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन को लेकर होने वाले अनाउसमेंट पर फोकस दिखे। और, इसी के चलते फिल्म के लिए होने वाले इंटरव्यू की सारी गणित भी उन्होंने सुबह सुबह बदल दी। बायोपिक के बाजीगर कहलाने वाले निर्माता विनोद भानुशाली की फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के बाद से ही मनोज बाजपेयी का सिनेमा में टैम्पो हाई है। बताते हैं कि इन दिनों वह एक फिल्म का कोई 10 करोड़ रुपये मांगते हैं। हालांकि, सच यही है कि इस फिल्म की ओटीटी पर खूब तारीफ होने के बावजूद जो दूसरी फिल्म मनोज की शुरू हुई, वह भी विनोद भानुशाली ने ही 'भैयाजी' के नाम से शुरू की। दोनों के निर्देशक अपूर्व सिंह कार्की हैं, जिनके साथ मनोज एक और फिल्म की शूटिंग जल्द ही लंदन में शुरू करने वाले हैं। लेकिन, 'सिर्फ एक बंदा काफी है' से बनी मनोज की ब्रांडिंग पर अब तक न सिर्फ 'किलर सूप' फिर चुका है, बल्कि जी5 पर ही प्रसारित हुई फिल्म 'साइलेंस 2' की औसत से कमतर प्रोडक्शन वैल्यू ने भी असर डाला है। सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'जोरम' का हाल सबको पता ही है। 'भैयाजी' के बारे में बताया जाता है कि ये फिल्म ओवरबजट हो चुकी है। फिल्म के सैटेलाइट और ओटीटी राइट्स के जरिये हालांकि इसके निर्माता फिल्म की लागत फिल्म की रिलीज से पहले ही करीब करीब निकाल चुके हैं, लेकिन इस फिल्म को सिनेमाघरों में पहुंचाना अब भी सीधी खीर नहीं है।

दिलचस्प बात ये है कि 'भैयाजी' मनोज बाजपेयी की सौवीं फिल्म है लेकिन, उनकी तरफ से इसे लेकर कोई खास उत्साह नहीं दिख रहा। तीन दिन से इस फिल्म के लिए प्रमोशन प्लान बना रही कंपनी देश के तमाम अखबारों के लिए उनके इंटरव्यू का समय तय करके बैठी रही और ऐन सोमवार की सुबह मनोज ने ये सारा प्रमोशनल प्लान बदल दिया। पता चला कि प्राइम वीडियो इसी समय उनकी सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन को लेकर एलान करने वाला है। ये सीरीज भी बिल्कुल बीरबल की खिचड़ी की तरह पक रही है। सोमवार को बताया गया कि इसकी शूटिंग चल रही है। कहां चल रही है, कब तक चलेगी और कब सीरीज का प्रसारण होगा? इन सारे सवालों के जवाब प्राइम वीडियो अरसे से देने से कतराता रहा है। मनोज बाजपेयी को फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' और 'भैयाजी' में निर्देशक अपूर्व सिंह कार्की ने निर्देशित किया है। टीवीएफ की कई कमाल की सीरीज निर्देशित कर चुके अपूर्व को बड़े परदे का सिनेमा सीखने में भी काफी वक्त लगा है। फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के सेट पर सारे रचनात्मक निर्णय लेने के लिए लेखक, निर्देशक सुपर्ण वर्मा हर समय मौजूद रहते थे। उनके कहने पर अपूर्व को फिल्म के कई सारे सीन न सिर्फ दोबारा शूट करने पड़े बल्कि अक्सर ये सीन ठीक उसी तरह उन्होंने शूट किए जैसे कि सुपर्ण ने उन्हें समझाए। अपूर्व के साथ मनोज अब अपनी लगातार तीसरी फिल्म करने जा रहे हैं। और, उसके पहले वह अपनी फिल्म 'भैयाजी' के अपने करियर की सौंवीं फिल्म होने के बावजूद इसे लेकर माहौल नहीं बना पा रहे हैं। मनोज बाजपेयी के साथ काम कर चुके अब तक किसी भी दिग्गज कलाकार या निर्देशक ने उनकी इस सौंवी फिल्म की उपलब्धि पर सोशल मीडिया पर कुछ लिखा नहीं है और न ही कहीं सार्वजनिक तौर पर इस फिल्म को जश्न की तरह मनाने की सुगबुगाहट ही मनोज बाजपेयी की तरफ से दिखाई या सुनाई दे रही है।

## तीन साल के बेटे ने वीडियो कॉल पर पापा से गुडबाय नहीं बोला तो मां ने गोली मार दी

टेक्सास। एक सरफिरी महिला ने अपने ही तीन साल के मासूम की गोली मारकर हत्या कर दी। बेटे का दोष सिर्फ इतना था कि उसने पापा से वीडियो कॉल पर गुडबाय नहीं बोला था। इससे गुस्साई महिला ने खुद को भी गोली मारी और जान दे दी। 32 साल की सावन्ना क्रिगर और उसके बेटे काइदन का शव पार्क में 19 मार्च को मिला था। मामला अमेरिका के टेक्सास का है। पुलिस इनके शव मिलने के बाद से इस मामले की जांच में जुटी थी। घटना से ठीक पहले क्या



हुआ, अब इस बारे में पता चला है। वहीं पूर्व पति को घटना से पहले किए 21 सेकंड के वीडियो कॉल में वो अपने बेटे के साथ दिखाई दी। इसी जगह पर बाद में इनके शव मिले। वीडियो में वो अपने बेटे से माफी मांगती है क्योंकि उसका पिता उसके पास नहीं था। फिर वो उसे किस करती है. वीडियो में दोनों मरते हुए नहीं दिखे लेकिन इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्या कुछ हुआ था। घटना से पहले उसने आखिरी चीज जो इंटरनेट पर सर्च की, वो था बच्चों के कार्टून. दोनों मां बेटे के शव 19 घंटे तक पार्क में पड़े रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि बेटे को मारने और खुद आत्महत्या करने से पहले क्रिगर ने अपने पूर्व पति के घर में तोड़फोड़ की। शादी की पुरानी तस्वीरों की तरफ गोली चलाई। फिर पूर्व पति को कई बार वीडियो कॉल और मैसेज करके धमकाया। रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद उसने अपने बेटे को डे केयर से पिक किया और पूर्व पति को फिर से मैसेज किए। उसने मैसेज में लिखा, अब तुम्हारे पास घर जाने के लिए कुछ भी नहीं है। तुम्हारे पास कुछ नहीं है।

## सर्बिया की राजकीय यात्रा पर बेलग्रेड पहुंचे जिनपिंग

बेलग्रेड । चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सर्बिया के राजकीय दौरे पर हैं। श्री जिनपिंग सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड पहुंचे। देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश के बाद सर्बियाई वायु सेना ने श्री जिनपिंग के विमान की सुरक्षा के लिए दो लड़ाकू विमान भेजे। सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक और उनकी पत्नी तमारा वुसिक ने चीनी राष्ट्रपति का स्वागत किया। सर्बियाई बच्चों ने श्री जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन को फूल भेंटकर चीन तथा सर्बिया के राष्ट्रीय झंडे लहराए। राष्ट्रीय वेशभूषा पहने सर्बियाई लोगों ने उनका स्वागत करने के लिए गाना गाया और नृत्य किया।

## तूफान से पांच लोगों की मौत...मरने वालों का कुल आंकड़ा 90 पहुंचा

साओ पाउलो । दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में पिछले 24 घंटों में तूफान से पांच लोगों की मौत हुई है। जिसके बाद प्रांत में बारिश और बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 90 हो गई है। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी। उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से लगे राज्य में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 132 लोग लापता हुए हैं और 361 घायल हुए हैं। पिछले आठ दिनों में 2,00,000 से अधिक निवासियों को घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित राज्य के 497 शहरों में से 388 में 14 लाख से अधिक लोग आपदा से प्रभावित हुए हैं। शहर की 85 प्रतिशत से अधिक आबादी को पीने योग्य पानी नहीं मिल पा रहा है। राज्य भर में कक्षाएं निलंबित कर दी गई हैं, क्योंकि 790 स्कूल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, 388 को नुकसान हुआ है और अन्य 52 स्कूल निकाले गए लोगों को आश्रय दे रहे हैं।

## जेलेंस्की की हत्या की रुसी साजिश की कोशिश नाकाम

कीव । यूक्रेनी खुफिया रोधी जांचकर्ताओं ने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य शीर्ष सैन्य और राजनीतिक हस्तियों की हत्या करने की रूसी साजिश को नाकाम कर दिया है। यूक्रेन की राज्य सुरक्षा सेवा ने यह दावा किया। बयान में कहा गया है कि शीर्ष अधिकारियों की सुरक्षा करने वाले यूक्रेन के स्टेट गार्ड के दो कर्नल को रूस की संघीय सुरक्षा सेवा द्वारा तैयार की गई साजिश को अंजाम देने की कोशिश करने के संदेह में हिरासत में लिया गया है। बयान के मुताबिक, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद इन संदिग्ध अधिकारियों की भर्ती हुई थी। विज्ञप्ति में राज्य सुरक्षा सेवा के प्रमुख वासिल मलियुक के हवाले से कहा गया है कि पांचवें कार्यकाल के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के शपथ से पहले इस हमले को अंजाम देने की साजिश रची गई थी। मलियुक ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से साजिश से जुड़े तथ्यों की जांच के लिए शीर्ष स्तर पर गुप्त ऑपरेशन का निरीक्षण कर रहे हैं।

## म्यांमार में बिजली गिरने की घटनाओं में 73 लोगों की मौत

यांगून । म्यांमार के आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट में बताया गया है, इस साल 31 मार्च को समाप्त 12 महीने में देश में बिजली गिरने की घटनाओं में कुल 73 लोगों की मौत हुई है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि म्यांमार में पिछले साल 1 अप्रैल से इस साल 31 मार्च तक बिजली गिरने की कुल 67 घटनाएं हुईं। इसमें 73 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या इस अवधि के दौरान तेज हवाओं के कारण होने वाली मौतों से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का आपदा प्रबंधन विभाग बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के लिए लोगों में सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ा रहा है।

## सेना वापसी पर तनाव के बीच क्या कम हुई मालदीव की अकड़, विदेश मंत्री मूसा जमीर एस जयशंकर से करेंगे मुलाकात



नई दिल्ली। मालदीव से भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी की समय सीमा 10 मई को समाप्त हो रही है, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली मालदीव सरकार 9 मई को पहली उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय यात्रा के लिए अपने विदेश मंत्री को भेज रही है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि मालदीव के विदेश मंत्री मूसा ज़मीर गुरुवार को आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। इसमें कहा गया है कि नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जमीर आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। नवंबर 2023 में सत्ता में आने के तुरंत बाद, मुइज्जू, जिन्हें चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है, ने भारत से द्वीप देश से अपने सैन्य कर्मियों को वापस लेने के लिए कहा था। मुइज्जू ने राष्ट्रपति चुनाव में 'इंडिया आउट' मुद्दे पर मौजूदा इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। इस साल फरवरी में, दोनों देश इस बात पर सहमत हुए थे कि भारत 10 मार्च से 10 मई के बीच मालदीव में तैनात अपने सभी 80 सैन्य कर्मियों को वापस बुला लेगा। पिछले तीन महीनों में दो टीमें पहले ही वापस आ चुकी हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मालदीव में दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान का संचालन 'सक्षम भारतीय तकनीकी कर्मियों' द्वारा किया जाएगा जो 'वर्तमान कर्मियों' की जगह लेंगे। ज़मीर, जिनके पास दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने का चुनौतीपूर्ण काम होगा, भारत में चुनावी मौसम के बीच दिल्ली आ रहे हैं।



मास्को में रुस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन क्रेमलिन में पैटरियाच किरिल के साथ एनुंसिएशन कैथेड्रल में प्रार्थना सभा में शामिल हुए।

## पूर्व पीएम नवाज शरीफ के मामले में 4 जून को सुनवाई

कराची । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) प्रमुख नवाज शरीफ ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बरी करने के लिए इस्लामाबाद की एक जवाबदेही अदालत में याचिका दायर की। खबर के अनुसार, शरीफ के वकील राणा मुहम्मद आरिफ खान ने मामले में याचिका दायर की। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की ओर से पेश हुए अभियोजक ने अदालत में कहा कि वह आवेदन को एनएबी मुख्यालय भेज देगा। अदालत ने शरीफ की याचिका पर नोटिस जारी कर सुनवाई तीन जून तक के लिए स्थगित कर दी। इस महीने की शुरुआत में, एनएबी ने तोशाखाना से एक लक्जरी वाहन खरीदने से संबंधित मामले में 74 वर्षीय शरीफ को क्लीन चिट दे दी थी। भ्रष्टाचार रोधी इकाई ने एक रिपोर्ट सौंपी जिसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालयने शरीफ से जुड़े एक कथित फर्जी अकाउंट की जांच के निर्देश दिए थे। उसने कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता ने तोशाखाना से प्राप्त वाहन के भुगतान के लिए कथित खाते से धन का उपयोग नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि सऊदी अरब द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री को उपहार में दिया गया वाहन 1997 में तोशाखाना से हटा दिया गया था। इसने स्पष्ट किया कि 2008 में जब इसे नवाज द्वारा खरीदा गया था, तो वह तोशाखाना के स्वामित्व में नहीं था बल्कि संघीय परिवहन पूल के स्वामित्व में था। इस मामले में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी भी आरोपी हैं। हालांकि, जरदारी को राष्ट्रपति पद के चलते छूट प्राप्त है और इस पद पर रहने के दौरान उन पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

# एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कोरोना वैक्सीन वापस लेने का लिया फैसला

### – भारत में भी इस कंपनी की करोड़ों लोगों को लगी है वैक्सीन

**लंदन (एजेंसी)।** कोरोना वैक्सीन को लेकर पूरी दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। वैक्सीनी को लेकर उठे विवाद के बीच दवा निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपनी कोरोना वैक्सीन को वापस लेनी शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा है कि यूरोपीय यूनियन के देशों से अपनी कोरोना वैक्सीन वैक्सजेवरिया को वापस ले रही है।




एक रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले दिनों में ब्रिटेन और दूसरे देशों में भी वैक्सीन को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कंपनी ने यह फैसला ऐसे समय लिया जब फरवरी में उसने ब्रिटेन की कोर्ट में वैक्सीन के चलते गंभीर बीमारी होने की बात स्वीकार की है। हालांकि, एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन को वापस लेने के पीछे व्यावसायिक कारणों को वजह बताया है। भारत में भी एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन करोड़ों लोगों को लगी है। कोरोना वैक्सीन को लेकर भारत में भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।

एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन वापस लेने पर कहा कि यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि अब कई प्रकार के नए टीके उपलब्ध हैं जिन्हें कोविड-19 वेरिएंट को लक्षित करने के लिए तैयार किया है। इसमें कहा गया है कि अब वैक्सीन का निर्माण या आपूर्ति नहीं की जा रही है, इसकी जगह नए वेरिएंट से निपटने वाले अपडेटेड टीकों ने ले ली है। भले कंपनी विवाद टीके को वापस लेने को महज संयोग बता रही है लेकिन इसकी कोरोना वैक्सीन गहन जांच के दायरे में है।

कंपनी के खिलाफ ब्रिटेन की कोर्ट में मामला दायर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि इस कंपनी की कोरोना वैक्सीन खून में थक्का जमने और खून में कम प्लेटलेट की वजह बनती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में कथित तौर पर इस टीके को लगवाने के बाद 81 लोगों की मौत हुई है, जबकि सैकड़ों लोग को गंभीर साइड इफेक्ट हुए हैं। कंपनी ने अदालत में दस्तावेज जमा किए जाने के बाद 5 मार्च को यूरोपीय यूनियन में वैक्सीन को वापस लेने के लिए आवेदन किया था, जो 7 मई से प्रभावी हुआ है।

## पाकिस्तान में टारगेटेट हत्याओं के पीछे भारत का हाथ!

### – आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल चौधरी ने लगाया आरोप




**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि हाल में हुई टारगेटेड हत्याओं में पाकिस्तान के पास भारत के शामिल होने के पक्के सबूत हैं। चौधरी ने रावलपिंडी में जनरल मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि भारत की हत्या का सिलसिला अब कई देशों में फैल गया है। दूसरे देश में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से लेकर, भारत पाकिस्तान में लोगों की हत्याओं में शामिल रहा है।

मेजर जनरल ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां सीमा पर आक्रामकता दिखाकर और साथ ही पाकिस्तान विरोधी चुनावी कहानी बनाकर अपने आंतरिक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की भारत की योजना से वाकिफ हैं। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान जम्मू-कश्मीर में लोगों की राय को दबाने की भारत की योजना भी साफ नजर आती है। उन्होंने कहा कि पांच दिनों में पांच सीटों के चुनाव का उद्देश्य केवल कश्मीरियों की आवाज को दबाना और चुनाव परिणाम में हेरफेर करना है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सुरक्षा के सवाल पर चौधरी ने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ एक आरोप पत्र जारी किया। इसमें दावा किया गया कि देश में 90 फीसदी से ज्यादा आतंकवादी हमलों को अफगानिस्तान द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगानिस्तान सहयोग, सुविधा प्रदान करता है। अफगान नागरिक पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। हमने कई अफगान आतंकवादियों को मार गिराया है।

उन्होंने कहा कि बेशाम में चीनी इंजीनियरों पर हमले में एक आत्मघाती अफगानी हमलावर शामिल था। हमले में पांच चीनी नागरिकों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई थी। हमले में शामिल वाहन भी अफगानिस्तान में तैयार किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि ग्वादर और बलूचिस्तान के अन्य हिस्सों में हुए हमलों में अफगान नागरिक और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकी शामिल थे। उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों के साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

## आपराधिक, अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित पनाह देना बंद करें, कनाडा पर सख्त हुआ भारत

लंदन। कनाडा में खालिस्तान समर्थक रैली में भारतीय प्रधानमंत्री का पुतला दिखाए जाने के कुछ दिनों बाद भारत ने मंगलवार को कनाडाई सरकार से आपराधिक और अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित आश्रय और राजनीतिक स्थान प्रदान करना बंद करने का आह्वान किया। कनाडाई पुलिस ने सप्ताहांत में कहा था कि उन्होंने हत्या के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने मंगलवार को कनाडा के माल्टन में नगर कीर्तन परेड में झांकियों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, हमने बार-बार इस्तेमाल की जा रही हिंसक छवियों के बारे में अपनी मजबूत चिंताओं को उठाया है।' कनाडा में चरमपंथी तत्व हमारे राजनीतिक नेतृत्व के खिलाफ हैं। पिछले साल, एक जुलूस में हमारे पूर्व प्रधान मंत्री की हत्या को दर्शाती एक झांकी का इस्तेमाल किया गया था। पूरे कनाडा में भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा की धमकी वाले पोस्टर भी लगाए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए. लोकतांत्रिक देश जो कानून के शासन का सम्मान करते हैं, उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों को डराने-धमकाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

## चीन का मून मिशन चांगई 6 चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंचा

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन का यह मिशन 8 मई 2024 को चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंच गया है। इसका लैंडर 1 जून 2024 को ऑर्बिटर से अलग होगा। 2 जून 2024 को सैंपल जमा करेगा। 4 जून 2024 को चांद की सतह से एसेंट व्हीकल उड़ान भरेगा। 6 जून को यह एसेंट व्हीकल ऑर्बिटल सर्विस मॉड्यूल तक पहुंचेगा। फिर यह मॉड्यूल 25 जून को वापस धरती पर पहुंचेगा। लेकिन यह सीक्रेट रोवर रोबोट क्या करेगा? क्योंकि इस मिशन का मुख्य पेलोड तब इसका लैंडर है, जो चांद की सतह पर उतरेगा। चीन ने चांद पर अपने मून मिशन चांगई 6 के साथ फ्रांस, स्वीडन, इटली और पाकिस्तान के पेलोड्स को भी भेजा है। जिनके बारे में कुछ बताया नहीं गया है। इसके अलावा एक अतिरिक्त पेलोड भी है। इस सीक्रेट रोवर कह रहे हैं।

यह मिनी रोबोटिक रोवर चांद की सतह से निकलने वाले रेडिएशन की स्टडी करेगा। ताकि वह मौजूद पत्थरों, मिट्टी, रिगोलिथ और सतह की जांच कर सके। इसकी मदद से पानी की खोज भी की जा सकती है। दिक्कत ये है कि इस रोवर को स्पेसक्राफ्ट के बाहर क्यों अटैच किया गया है। यह कैसे जमीन पर उतरेगा, उसका खुलासा भी नहीं किया गया है। यह रोवर वाई-फाई या ब्लूटूथ के जरिए लैंडर से संपर्क में रहेगा। लेकिन यह मिशन बेहद छोटे समय के लिए है। इसलिए यह सीक्रेट रोवर ज्यादा समय तक चांद की सतह पर समय नहीं बिता पाएगा। इसका काम और मकसद भी छोटा ही होगा। हमारी आंखों से चंद्रमा का सिर्फ एक ही हिस्सा दिखता है। इस नीयर साइड कहते हैं। लेकिन इसके पिछले हिस्से को डार्क या फार साइड कहते हैं। क्योंकि यह हमारी नजरों से नहीं दिखता।

## एडल्ट स्टार स्टॉर्मी की गवाही, कमरे से बाहर जाने की कोशिश की लेकिन ट्रंप ने रोक लिया

### – ट्रंप ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनने की बात से इंकार किया

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ गुप्त धन मामले में गवाही दी। पोर्न स्टार ने 2006 में अमेरिका के लेक ताहो के होटल के सुइट में उनके कथित यौन संबंध और उन्हें मिले पैसे के बारे में विस्तार से बताया। डेनियल्स ने ट्रम्प के साथ अपनी शाम के बारे में बताकर कहा कि जब वह बाथरूम का उपयोग करने गई थी, तब उसने अपने टॉयलेटरी बैग को देखा, जिसमें ओल्ड स्पाइस और पर्ट प्लस की वस्तुएं पड़ी हुई थीं।



डेनियल्स ने बताया कि पहली बार ट्रम्प से 2006 लेक ताहो सेलिब्रिटी गोल्फ आउटिंग पर मिली थीं और बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें अपने आलीशान होटल के सुइट में डिनर के लिए आमंत्रित कर उन्हें स्मार्ट लेडी कहा था। डेनियल्स ने कहा कि ट्रम्प का निमंत्रण स्वीकार कर लिया क्योंकि वह अपने सहकर्मियों के साथ डिनर से बचना चाहती थी। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने अपने सिक्योरिटी गार्ड से उनका नंबर लिया था। डेनियल्स ने कहा कि जब उन्होंने ट्रम्प को पहली बार देखा तब उन्होंने सिल्क पायजामा पहना हुआ था, जब उन्होंने दरवाजा खोला, तब प्लेबॉय पत्रिका के संस्थापक ह्यू हेफनर के बारे में दोनों के बीच मजाक भी हुआ। डेनियल्स ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प से चेंज करने के लिए कहा और उन्होंने बहुत विनम्रता से इस बात स्वीकार कर लिया। बातचीत के दौरान स्टॉर्मी बाथरूम गईं। इसके बाद ट्रम्प अपने कमरे में पहुंच गए। वे टी-शर्ट और शॉर्ट्स में थे। स्टॉर्मी ने कमरे से बाहर जाने की कोशिश भी की, लेकिन ट्रम्प ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने।

डेनियल्स ने कहा कि ट्रम्प ने उनसे वयस्क उद्योग में उनके कार्यकाल के बारे में पूछताछ कर पूछा कि क्या उनका यौन संचारित रोगों (एसटीडी) के लिए परीक्षण किया गया है। डेनियल्स ने कहा कि ट्रंप की पत्नी मेलानिया के बारे में भी बात हुई। हालांकि ट्रम्प ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनाने की बात से इनकार किया है।

# ब्रिटेन का लाल ग्रह पर जाने का इरादा, चल रही है तैयारी

### –स्पेस साइंटिस्ट ने 'मंगल ग्रह' का किया निर्माण

**लंदन (एजेंसी)।** अब ब्रिटेन अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, यहां कि अब तो मंगल ग्रह पर जाने की ही तैयारी है। यहां के स्पेस साइंटिस्ट ने स्टीवनेज में 'मंगल ग्रह' का निर्माण किया है। फ्रांसीसी एयरोस्पेस दिग्गज एयरबस ने अपने एक्सोमार्स रोवर का परीक्षण करने के लिए हर्टफोर्डशायर शहर में एक औद्योगिक संपत्ति पर 2.25 करोड़ किमी दूर ग्रह की सतह के जैसे हालात बनाने के लिए लाल रेत और चट्टानों का उपयोग किया है।

2028 में यान मंगल ग्रह पर पानी और संभावित जीवन के संकेत खोजने के मिशन पर रवाना होगा। एयरबस ने स्टीवनेज में रोवर का निर्माण किया है, जो यूके में अंतरिक्ष क्षेत्र में 3,500 लोगों को रोजगार देता है। कंपनी शीघ्र ही यूरोपीय स्पेस एजेंसी के साथ उस लैंडिंग मॉड्यूल के लिए थ्रस्टर्स बनाने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करेगी जिसकी आपूर्ति रूसियों को यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले करनी थी। इस बीच इसके प्रदर्शन को इसके विशेष रूप से निर्मित ब्रिटिश 'मार्स यार्ड' में तैयार किया जाएगा। एयरबस के एक्सप्लोरेशन रोवर्स प्रोग्राम मैनेजर क्रिस ड्रेपर ने कहा कि इसका अंतरिक्ष अभियान ÷यूके में हमारे लिए एक वास्तविक सफलता की कहानी÷ रहा है। उन्होंने कहा, ÷स्टीवनेज में रोवर का निर्माण करने के बाद अब हम लैंडर को डिजाइन करने का एक बड़ा हिस्सा होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह सुरक्षित रूप से नीचे उतर सके।÷ यह परियोजना एक संपन्न यूके अंतरिक्ष उद्योग का हिस्सा है जो 50,000 लोगों को रोजगार देता है और देश की धरती से एक भी रॉकेट लॉन्च किए बिना अर्थव्यवस्था में हर साल 18 खरब 34 अरब 56 करोड़ रूपये पंप करता है।

ब्रिटेन का कोई अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं है, लेकिन 2015 से इस क्षेत्र में दुनिया के निजी निवेश का 17 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। यह अमेरिका के बाद दूसरा है। 2030 तक 100,000 उपग्रहों के कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद के साथ, ब्रिटिश कंपनियां पृथ्वी के चारों ओर घूमते समय उनकी सेवा करने का विचार तलाश रही हैं। 2031 तक बाजार 11 खरब, 53 अरब 16 करोड़ रुपयों का होने की उम्मीद है। बता दें कि एक समय था पृथ्वी के लगभग अधिकांश देशों पर अंग्रेजों का राज था। लेकिन पृथ्वी से बाहर जाने में अंग्रेजों कभी रुचि नहीं दिखाई। पर अब लगता है हालात बदल रहे हैं।



## हार्ट अटैक का ताल्लुक हो सकता है कोरोना वैक्सीन से, श्रेयस तलपड़े ने कोविड वैक्सीन पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े ने कोविड वैक्सीन पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके हार्ट अटैक का ताल्लुक कोरोना वैक्सीन से हो सकता है। शॉकिंग दावा करते हुए एक्टर श्रेयस तलपड़े ने कहा कि वो इस बात को नकार नहीं सकते कि कोरोना की वैक्सीन का उनके हार्ट अटैक से कोई ताल्लुक नहीं है। एक्टर आगे कहते हैं, 'मैं महीने में सिर्फ एक-दो बार ड्रिंक करता हूं। तंबाकू नहीं खाता और कोई नशा भी नहीं करता। हां, मेरा कोलेस्ट्रॉल लेवल थोड़ा हाई था, लेकिन मुझे बताया गया था कि आज के दौर में वो बिलकुल नॉर्मल है'।'गोलमाल' एक्टर श्रेयस तलपड़े आगे कहते हैं, 'मुझे बीपी या शुगर की कोई बीमारी नहीं है, तो फिर मुझे अचानक हार्ट अटैक आने की कोई तो वजह होगी?'। एक्टर ने आगे बताया कि इतना ध्यान रखने के बाद जब उन्हें हार्ट अटैक आया तो इसके पीछे और कोई वजह जरूर होगी और मैं इस थ्योरी को नकार नहीं सकता'। एक्टर ने कहा कि जब से कोरोना वैक्सीन पर सवाल उठ रहे हैं, उन्हें अंदेशा हो रहा है कि उनके हार्ट अटैक के पीछे की वजह वैक्सीन हो सकती है। इन सब कारणों को ध्यान में रखते हुए एक्टर ने वैक्सीन पर अधिक रिसर्च करने की इच्छा जताई है। वह कहते हैं, 'हमें नहीं मालूम कि वैक्सीन के नाम पर हमारे शरीर में क्या डाला गया है। हम सब ने तो वैक्सीन कंपनी पर भरोसा जताया था। जब तक मेरे पास कोई ठोस सबूत नहीं है कि वैक्सीन ने हमारे शरीर पर कैसा रिएक्ट किया तब तक कुछ भी कहना बेकार है, इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि वैक्सीन का मेरी बॉडी पर क्या असर हुआ'। बता दें कि पिछले साल बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े के लिए काफी मुश्किलों भरा रहा था। श्रेयस तलपड़े को पिछले साल हार्ट अटैक आया था जिसके बाद वह काफी समय तक हॉस्पिटल में भर्ती थे। एक्टर ने बताया था कि वो 'क्लिनिकली डेड' हो गए थे। हालांकि अब वह ठीक हो रहे हैं।



## आईएमडी ने कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की

नई दिल्ली । मई में गर्मी का प्रकोप देशभर में देखने को मिल रहा है। इस बीच आईएमडी ने कई राज्यों में हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की है। दिल्ली में 8 मई को न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो मौसम के सामान्य तापमान से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी ने बताया कि शहर में आज आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। सुबह साढ़े 8 बजे आर्द्रता का स्तर 62 प्रतिशत रहा और अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस हफ्ते दिल्ली में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं जिसके कारण तेज धूप से थोड़ी राहत मिल सकती है। ऐसे में दिल्ली वालों को गर्मी से बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आईएमडी ने राजस्थान और मध्य प्रदेश में 10 मई तक के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को राजस्थान के 9 शहरों में तापमान 43 डिग्री तक पहुंचा और ये ही हाल एमपी के 3 शहरों में रहा। राजस्थान का बाड़मेड़ और एमपी का दामोह मंगलवार को देश के सबसे गर्म शहर रहे। यहां का तापमान 45.2 और 44.8 रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 10 और 11 मई को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के कारण दोनों राज्यों में आंधी या बारिश आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो दोनों राज्यों के लोगों को 12 मई तक लू से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब है कि इन तीनों राज्यों में लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। छत्तीसगढ़ में 8 मई और 9 मई को बारिश हो सकती है। वहीं झारखंड में 10 मई तक बूंदाबांदी होगी। बिहार के लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। बिहार के कई जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। बता दें कि मंगलवार को बिहार में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई थी।

## केरल में वेस्ट नाइल बुखार के 5 से अधिक मामले, दक्षिणी केरल में अलर्ट जारी

नई दिल्ली। केरल में वेस्ट नाइल बुखार के 5 से अधिक मामले सामने आए हैं। जिसके बाद दक्षिणी केरल में अलर्ट जारी किया है। केरल सरकार ने मंगलवार को कहा कि वेक्टर जनित वायरल संक्रमण के मामले केरल के 3 जिलों में मिले हैं जिनमें त्रिशूर, मलप्पुरम और कोझिकोड हैं। राज्य में वेस्ट नाइल बुखार के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने एक बयान में कहा कि सभी जिलों को सतर्क रहने को कहा गया है। कोझिकोड में स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभी तक त्रिशूर और मलप्पुरम जिलों में मामलों की संख्या के बारे में विवरण नहीं दिया है। वहीं डर को दूर करते हुए मंत्री ने कहा कि चिंतित होने की कोई जरूरत नहीं है। जिसके बाद अधिकारियों को दक्षिणी केरल में अलर्ट जारी कर सभी से आग्रह किया कि अगर उनमें बुखार या वेस्ट नाइल बुखार के अन्य लक्षण दिखें तो इलाज कराएं। उन्होंने अधिकारियों को उनके प्रजनन स्थलों को नष्ट करके मच्छरों पर नियंत्रण के लिए उपाय करने का भी निर्देश दिया है। गौरतलब है कि वायरल बुखार क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों से फैलता है। वेस्ट नाइल वायरस मनुष्यों में घातक न्यूरोलॉजिकल रोग का कारण बन सकता है। संक्रमित अधिकांश लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। भारत में बुखार पहली बार 2011 में केरल में पाया गया था। संक्रमण ने 2019 और 2022 में केरल में 2 लोगों की जान ले ली। जबकि मलप्पुरम के एक 6 वर्षीय लड़के की 2019 में बुखार के कारण मृत्यु हो गई और एक 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मई 2022 में त्रिशूर जिले में बुखार से संक्रमित होने के बाद एक व्यक्ति की जान चली गई थी।

## एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के 300 कर्मचारी अचानक हुए बीमार... 86 फ्लाइट्स कैंसल

नई दिल्ली ।एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस से उड़ान भरने वाले लोगों के लिए बुधवार की सुबह बेहद दिक्कत वाली साबित हुई। इन दोनों एयरलाइंस ने अपनी करीब 86 फ्लाइट्स कैंसल कर दी। कंपनी ने इस कदम के पीछे अब कई पायलट्स और क्रू मेंबर्स के 'मास सिक लीव' (सामूहिक रूप से बीमारी की छुट्टी) लेने को वजह बताया है। इसके बाद सवाल उठता है कि आखिर एयरलाइंस के इतने सारे कर्मचारियों ने अचानक से छुट्टी क्यों ले ली। रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइंस के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सिक लीव ली है, यह संख्या तकरीबन 300 है। बताया जा रहा है कि नए अपॉइंटमेंट नियमों के बाद प्रोटेस्ट देखने को मिल रहा है, जिसके नतीजतन कल तकरीबन 300 केबिन क्रू ने सिक लीव ली है। सूत्रों के मुताबिक, एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस में विलय होने वाला है, इसके बाद दोनों एयरलाइंस के पायलट और केबिन क्रू को लग रहा है कि उनकी जॉब खतरे में है। इसकारण सभी लोग प्रोटेस्ट कर रहे हैं। बीती रात से यह प्रोटेस्ट बड़ा हो गया है, जिसके कारण 86 फ्लाइट कैंसल हुई हैं। इसमें मिडल ईस्ट और गल्फ देशों की सबसे ज्यादा फ्लाइट शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि सोमवार शाम से ही कई विमान कर्मियों ने बीमार होने की सूचना देनी शुरू कर दी और क्रू मंबर्स की कमी के कारण कोच्चि, कालीकट तथा बेंगलुरू सहित विभिन्न एयरपोर्ट्स पर कई उड़ानें रद्द करनी पड़ गई।

## लोकसभा चुनाव 2024 : हरदोई में भीमराव अम्बेडकर के लिए वोट मांगेगी मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती हरदोई में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। मायावती माधोगंज टाउन स्थित नरपति सिंह इंटर कॉलेज खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। बसपा यूपी में अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। उसने इस बार किसी भी दल से समझौता नहीं किया है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बहुजन समाज पार्टी ने हरदोई लोकसभा सीट से भीमराव अम्बेडकर को चुनावी मैदान में उतारा है।बता दें कि उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर बसपा अकेले ही चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती और उनके भतीजे आकाश आनंद ताबड़तोड़ रैलियां भी कर रहे हैं। बसपा ने यूपी की अधिकतर सीटों पर अपने प्रत्याशी भी मैदान में उतार दिए हैं। बसपा ने अपने पिछले चुनाव में जीते प्रत्याशियों में से किसी एक प्रत्याशी को भी टिकट नहीं दिया है।

# चुनाव देश में चल रहा है और समर्थन विदेश से मिल रहा

### –स्मृति ईरानी ने पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी के बयान पर किया पलटवार




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में अमेठी से बीजेपी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन द्वारा एक्स पर किए पोस्ट में राहुल गांधी की तारीफ करने को लेकर हमला बोला है। ईरानी ने एक चुनावी रैली में कहा कि अमेठी में अब एके 203 राइफलों की फैक्ट्री है, जिसका इस्तेमाल सीमा पर पाकिस्तानी आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि फवाद चौधरी को पाकिस्तान की चिंता करनी चाहिए, न कि अमेठी की। केंद्रीय मंत्री ने रैली में कहा कि अभी तक मैं एक कांग्रेस नेता से लड़ रही थी, लेकिन अब एक पाकिस्तानी नेता ने कहा है कि स्मृति ईरानी को हराना चाहिए। चौधरी का जिक्र करते हुए ईरानी ने कहा कि आप पाकिस्तान को तो संभाल नहीं पा रहे है और अमेठी की चिंता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मेरी आवाज पाकिस्तान के नेता तक पहुंचती है तो मैं कहना चाहती हूं कि यह वही अमेठी है, जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने एके 203 राइफल की फैक्ट्री लगाई है, जिसका इस्तेमाल सीमा पर आतंकियों को मारने के लिए किया जा रहा है।

ईरानी ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने अभी तक पूर्व पाकिस्तानी मंत्री के पोस्ट की निंदा नहीं की है और पाकिस्तान के साथ उनके संबंधों पर सवाल उठाया है। ईरानी ने कहा कि मैं आपसे पूछना चाहती हूं राहुल गांधी जी, पाकिस्तान के साथ आपका क्या रिश्ता है? उन्होंने कहा कि देश में आम चुनाव चल रहे हैं और समर्थन मिल रहा है आपके विदेश में जिसका मोटे तौर पर मतलब है कि देश में चुनाव हो रहे हैं लेकिन आप विदेशी धरती से समर्थन हासिल कर रहे हैं।

बता दे कि 1 मई को, चौधरी फवाद हुसैन ने राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह बीजेपी और पीएम मोदी पर निशाना साधते दिख रहे थे। वीडियो में, राहुल गांधी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित लोगों को लेकर बीजेपी सरकार पर हमला करते हुए भी सुना जा सकता है। 4 मई को फिर चौधरी ने एक्स पोस्ट में राहुल गांधी की तारीफ की। इस बार उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर धन पुनर्वितरण सर्वेक्षण कराने के वादे पर। उन्होंने राहुल गांधी की तुलना भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू से की और कहा कि दोनों समाजवादी।

बता दें कि स्मृति ईरानी जहां अमेठी से दोबारा चुनाव लड़ रही हैं, वहीं राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने 3 मई को एक बयान में कहा, गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है।

## शोध ने किया अलर्ट : पटना सहित दस जिलों में बाढ़ से होगा सर्वाधिक नुकसान

पटना/नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-दिल्ली और आईआईटी-रुड़की के शोधकर्ताओं ने देश में बाढ़ को लेकर बड़ा शोध किया है। शोध के परिणाम काफी डराने वाले आए है। भारत में सबसे भीषण बाढ़ पटना में आती है, इसके बाद पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद और महाराष्ट्र का ठाणे है। सूचकांक में प्रभावित लोगों की संख्या, बाढ़ की व्यापकता और इसकी अवधि के आधार पर बाढ़ की ऐतिहासिक गंभीरता को ध्यान में रखा गया है। शोधकर्ताओं ने कहा जिन शीर्ष दस जिलों में बाढ़ की गंभीरता सबसे अधिक है उनमें पटना, मुर्शिदाबाद, ठाणे, उत्तर 24 परगना (पश्चिम बंगाल), गुंटूर (आंध्र प्रदेश), नागपुर (महाराष्ट्र), गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), बलिया (उत्तर प्रदेश), पूर्वी चंपारण (बिहार), और पूर्वी मेदिनीपुर (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं। आईआईटी-दिल्ली के सहायक प्रोफेसर मनबेंद्र सहारिया समेत अन्य शोधकर्ताओं ने कहा कि बाढ़ के सबसे अधिक खतरे का सामना करने वाले 30 जिलों में से 17 गंगा बेसिन में और तीन ब्रह्मपुत्र बेसिन में हैं। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय नदी घाटियों में, गंगा बेसिन में सबसे अधिक आबादी है, और यहां बाढ़ की उच्च आशंका चिंताजनक है। भारत में असम में सबसे अधिक बाढ़ आती है। राज्य ने पिछले 56 वर्षों में 800 से अधिक बाढ़ की घटनाओं का सामना किया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि भारत में जनसंख्या में वृद्धि के बावजूद बेहतर प्रबंधन के कारण हाल के दिनों में बाढ़ के कारण मानव मृत्यु दर लगभग स्थिर है या इसमें कमी आई है। आंकड़ों से पता चलता है कि 2015 से प्रति वर्ष मौतों की संख्या लगभग 1,000 है।

# क्या शरद पवार गुट का कांग्रेस में होगा विलय? पवार के बयान से मची खलबली



**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के एक दिन बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार के एक बयान ने एक अलग बहस शुरू कर दी है। शरद पवार ने राजनीतिक भविष्य को लेकर जो बड़ा बयान दिया है, उससे इस बात की प्रबल संभावना है कि आने वाले समय में राज्य के राजनीतिक गलियारे में बड़ा भूचाल आएगा. पवार के इस बयान से यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि राष्ट्रवादी शरद चंद्र पवार पार्टी का कांग्रेस में विलय हो सकता है.

दरअसल शरद पवार द्वारा एक अंग्रेजी अखबार को दिए गए इंटरव्यू के बाद राष्ट्रवादी शरद चंद्र पवार पार्टी और कांग्रेस के बीच विलय की बातें सामने आई हैं. इस इंटरव्यू में शरद पवार ने एक सांकेतिक बयान दिया है. शरद पवार ने कहा, भविष्य में कई क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस में विलय होगा। वैचारिक रूप से हम कांग्रेस के करीब हैं। कांग्रेस और हमारी पार्टी के बीच कोई वैचारिक मतभेद नहीं है। इस इंटरव्यू में पवार ने इस बात पर भी जोर दिया कि अब शरद पवार गुट का भविष्य में कांग्रेस में विलय होगा. उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस के करीब आएंगी या कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार करेंगी या कांग्रेस में विलय भी करेंगी. जब पवार से यह पूछा गया कि क्या यह नियम आपकी पार्टी एनसीपी शरद चंद्र पवार पर भी लागू होता है? तो वह सीधा जवाब देने से बचते रहे. लेकिन उन्होंने ये कहा कि हमारे और कांग्रेस पार्टी के बीच कोई वैचारिक मतभेद नहीं है. गांधी-नेहरू की विचारधारा ही हमारी भी विचारधारा हैं. शरद पवार ने कहा है कि जो भी फैसला लिया जाएगा, उस पर सहयोगियों से चर्चा की जाएगी. यानी उन्होंने न तो विलय की संभावना को खारिज किया और न ही कोई सीधा जवाब दिया.

**- क्या कहना है कांग्रेस का ?**

शरद पवार के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे ने अपनी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है। 2004 में, कांग्रेस ने क्षेत्रीय दलों को एक साथ लाया और एक अच्छी सरकार दी। वह राजनीतिक और आर्थिक रूप से देश के लिए एक स्वर्णिम काल था। क्षेत्रीय दलों का कभी अपमान नहीं किया। कांग्रेस ने हमेशा क्षेत्रीय दलों को जगह दी है। यही कारण है कि उनका कांग्रेस पर भरोसा बढ़ रहा है. लोंढे ने कहा, पार्टियां कांग्रेस से बनी हैं और उन्होंने अपनी जगह बनाने की कोशिश की. लेकिन उनकी विचारधारा कांग्रेस जैसी ही लगती है, इसलिए छोटे दलों का कांग्रेस में विलय हो सकता है. लोंढे ने कहा, लोकतांत्रिक तरीके से काम करने वाले राहुल गांधी ने भी कई लोगों को प्रभावित किया है और वह हर किसी की बात सुनते हैं, हर किसी को अपनी जगह पाने का मौका देते हैं। यह एक बहुत बड़ा कारक है।

## कारों को पानी के बजाय 'ड्राई वॉश' किया जाए: धामी

### –गहराया जल संकट तो सरकार ने लगाया बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक वर्चुअल बैठक में सभी जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि गाड़ियों की वर्कशॉप में कारों को पानी के बजाय 'ड्राई वॉश' किया जाए। उल्लेखनीय है कि गर्मियों के दौरान पहाड़ी राज्य को अक्सर पीने के पानी की कमी जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है।

देहरादून समेत उत्तराखंड के छह शहर गंभीर जल संकट की स्थिति का सामना कर रहे हैं। एक बैठक में उत्तराखंड के सचिव अरविंद ह्यांकी ने धामी को बताया कि गंभीर कमी वाले 317 गांवों और 148 शहरी इलाकों की पहचान की गई है। पानी की कमी की सबसे ज्यादा शिकायतें देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़, डीडीहाट, कोटद्वार और चंपावत से मिल रही हैं। उत्तराखंड के अन्य क्षेत्र जैसे नवादा, हरिपुर, माजरी माफ़ी, मोहकमपुर और बद्रीपुर में भी पानी की कमी की सूचना मिली है। निवासी कथित तौर पर पानी के टैंकरों पर निर्भर होकर संकट से जूझ रहे हैं। भाजपा नेता एनके गुसाईं ने इन क्षेत्रों में पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। उन्होंने उत्तराखंड जल निगम पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि 'माजरी माफी' की मधुबन कॉलोनी में चार साल पहले बिछाई गई कनेक्शन लाइन में आज तक पानी नहीं आया है। ग्लेशियरों से निकलने वाली नदियों के अलावा उत्तराखंड की अन्य नदियों में पानी का फ्लो काफी कम हो गया है।

राज्य सरकार ने ऐसी 10 नदियों की पहचान की है, जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्हें फिर से जिन्दा या पुनर्जीवित किया जा सकता है। बता दें कि देश के ज्यादातर राज्यों में गर्मियों की शुरुआत के साथ लोगों को पानी की कमी से दो-चार होना पड़ रहा है। गर्मियों में जैसे-जैसे उत्तराखंड में तापमान बढ़ता है, पहाड़ी राज्य में पानी की कमी गहराती जा रही है। बता दें कि यह जल संकट सर्दियों में कम वर्षा और बर्फबारी के कारण दोगुना हो गया है। इसे देखते हुए पुष्कर धामी सरकार ने पानी का ज्यादा जरूरत वाले जगहों पर इस्तेमाल करने के लिए कार वॉश पर बैन लगा दिया है।

## कन्हैया के सारथी होंगे सचिन, उत्तर पूर्वी दिल्ली पर होगी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की हॉट सीट उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे है। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को कांग्रेस आलाकमान ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट का ऑब्जर्वर बनाया है। जबकि दिल्ली की एक और चर्चित चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने डॉ. सीपी जोशी को ऑब्जर्वर बनाया है।

कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। पायलट देश भर में पार्टी के लिए प्रचार कर रहे है। उत्तरी-पूर्वी दिल्ली सीट का पर्यवेक्षक बनाने से साफ है कि कन्हैया कुमार को जिताने की जिम्मेदारी पायलट के कंधों पर रहेगी। दिल्ली की सबसे चर्चित सीट है। यहां से बीजेपी की तरफ से मनोज तिवारी चुनाव लड़ रहे है। जबकि कांग्रेस ने जेएनयू के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार को टिकट दिया है। इससे पहले कांग्रेस आलाकमान ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को रायबरेली और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत को अमेठी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया था। उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला मनोज तिवारी से है, जबकि चांदनी चौक से कांग्रेस ने जेपी अग्रवाल को चुनावी मैदान में उतारा है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल से है। सचिन पायलट और सीपी जोशी इन दोनों सीटों पर चुनाव प्रबंधन और प्रचार अभियान का जिम्मा संभालेंगे। दिल्ली की दो चर्चित सीटों पर ऑब्जर्वर बनाए गए सचिन पायलट और डॉ. सीपी जोशी को पार्टी ने अहम जिम्मेदारी दी है। सचिन पायलट राजस्थान की कई लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार में सक्रिय रहे। इसके अलावा वे छत्तीसगढ़ के प्रभारी महासचिव भी हैं। उन्होंने देश के कई अन्य प्रदेशों में भी चुनावी रैलियां और रोड शो किए है।

## सेना के जवान ने ईवीएम को हैक करने मांगे ढाई करोड़

### – महाराष्ट्र के एक दिग्गज नेता से की डिमांड, पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा



**मुंबई (एजेंसी)।** चुनाव से पहले कई राजनीतिक दलों ने ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे और यह मामला कोर्ट भी पहुंच गया था। देश में इस समय लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इसी बीच एक मामला सामने आया है जिसमें एक सेना का जवान ईवीएम को हैक करने के लिए ढाई करोड़ रुपये की मांग कर रहा है। पुलिस ने उस सेना के जवान को गिरफ्तार कर लिया है।

महाराष्ट्र के संभाजीनगर में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के एक नेता अंबादास दानवे से एक सेना के जवान ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम को हैक करने के लिए ढाई करोड़ रुपये की मांग की। अंबादास दानवे ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए सेना के जवान मारुति धाकने (42) को गिरफ्तार कर लिया है। सेना के जवान मारुति धाकने दावा कर रहा था कि वह एक चिप के जरिए ईवीएम को हैक कर देगा। उसका दावा था कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है।

पुलिस ने जब मारुति धाकने से पूछताछ की तो पता चला कि उसे ईवीएम के बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। धाकने ने पुलिस को बताया कि वह कर्ज में डूबा था। इसे चुकाने के लिए उसने अंबादास दानवे से ऐसा दावा किया ताकि उनसे कुछ रुपया करा सके। अंबादास दानवे महाराष्ट्र विधान परिषद में नेता विपक्ष हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया था।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने बस स्टैंड के पास एक होटल में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की। ईवीएम को हैक को लेकर 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। अंबादास दानवे द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर सादे कपड़ों में पुलिस के एक दल को भेजा गया और आरोपी को राजेंद्र दानवे से एक लाख रुपये लेते वक्त रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने बताया कि आरोपी पर कर्जा है। उसने अपना कर्ज उतारने के लिए यह चाल चली थी। वह ईवीएम के बारे में कुछ नहीं जानता। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और क्रांति चौक पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी मारुति धाकने के खिलाफ धारा 420 और 511 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में पाथर्डी का रहने वाला है और वह जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सेना में तैनात था।

# एमएसएमई के नए नियम के खिलाफ याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

### –याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने और हाईकोर्ट में अपील करने की दी अनुमति



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइज (एमएसएमई) के नए नियम के खिलाफ याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। दाखिल याचिका में आयकर एक्ट के तहत एक नियम को चुनौती दी गई थी, जिसमें नए नियम के तहत एमएसएमई में पंजीकृत व्यापारियों को 45 दिन के अंदर खरीदारों द्वारा रकम देना जरुरी है, वही विक्रेता भी 45 से अधिक दिनों के लिए उधार नहीं दे सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने और हाईकोर्ट में अपील करने की इजाजत दे दी है। इनकम टैक्स एक्ट की धारा 43बी(एच) का उद्देश्य एमएसएमई के बीच कर्ज बांटने की प्रथाओं को विनियमित करना, समय पर भुगतान करना और वर्किंग कैपिटल की कमी को दूर करना है। इसके तहत समय पर भुगतान न करने के कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। पैसा चुकाने में देरी आर्थिक रूप से भारी पड़ सकती है।

नियम के मुताबिक जुर्माने की रकम को भी तय किया गया है। समय-सीमा का पालन न करने पर, रिजर्व बैंक की तरफ से तय रेट से तीन गुना चक्रवृद्धि ब्याज के बराबर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा वे अपनी टैक्सेबल इनकम से एमएसएमई को किए गए भुगतान में कटौती करने की क्षमता को भी खो सकते हैं। कॉन्फ़डरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महाराष्ट्र के महामंत्री और अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने कहा कि यह प्रावधान तब लागू होता है जब बिजनेस माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइज डेवलपमेंट एक्ट, 2006 (एमएसएमई) विकास अधिनियम, 2006 ((एमएसएमई एक्ट) के तहत पंजीकृत व्यापारी से सामान खरीदता है या सेवाएं लेता है।

कुछ एमएसएमई ने चिंता जताई है कि इस प्रावधान से बड़े खरीदार छोटे और मध्यम सप्लायर्स को नजरअंदाज कर सकते हैं और इसके बजाय ऐसे एंटरप्राइज से खरीदारी कर सकते हैं जो रजिस्टर्ड नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एमएसएमई की ओर से याचिका दायर करने वाले फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल को याचिका वापस लेने और हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी। कैट की तरफ से कहा गया कि फरवरी में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी और क्लॉज के लागू करने को अप्रैल 2025 तक टालने का अनुरोध किया था।

वित्त मंत्रालय को एक ज्ञापन में, हमने सरकार के फैसले के लिए समर्थन व्यक्त किया, जिसमें व्यापारियों को 45 दिनों के भीतर एमएसएमई क्षेत्र को समय पर भुगतान करने के महत्व पर जोर दिया। हालाँकि नई धारा में स्पष्टता की कमी के चलते सरकार से इस खंड के लागू करने को तब तक निलंबित करने का आग्रह किया। या जब तक कि स्पष्टीकरण और सूचना का पूरे देश में प्रसार नहीं हो जाता। अब जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कोई राहत नहीं दी है व्यापारियों को इस कानून की पालन करते हुए अपना व्यापार करना चाहिए।

दूसरी तरफ व्यापारियों का संगठन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (एफएआईवीएम) चेन्नई और पश्चिम बंगाल के संगठनों के साथ आयकर की धारा 43 बी (एच) के तहत पेश किए गए नए खंड के खिलाफ अगले सप्ताह मद्रास, कलकत्ता और गुजरात के उच्च न्यायालयों में जा सकता है। अधिनियम, व्यवसायों को कर का लाभ लेने के लिए अपने सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) विक्रेताओं को समय पर भुगतान करने के लिए 45 दिन में भुगतान का नियम प्रदान करता है।